



दैनिक
# सांध्य प्रकाश
भोपाल की धड़कन




वर्ष 52/ अंक 192/ पृष्ठ 8 / मूल्य ₹ 2.10 संस्थापक- स्व. सुरेंद्र पटेल ■आर.एन.आई 22296/71 ■डाक पंजीयन मप्र/भोपाल/125/12-14

भोपाल, सोमवार 20 फरवरी 2023 भोपाल से प्रकाशित dainiksandhyaprakash.in

सांध्यप्रकाश विशेष

## दो महिला ब्यूरोक्रेट आमने-सामने



देश में इस समय दो महिला ब्यूरोक्रेट के बीच खुलकर चल रहा विवाद चर्चा का विषय बना हुआ हैं। ये दोनों महिलाएं सोशल मीडिया पर भीड़ गई है और एक दूसरे पर गंभीर आरोप लगा रही है। ब्यूरोक्रेसी में इसे आईएएस बनाम आईपीएस माना जा रहा है।

हम यहां बात कर रहे हैं कर्नाटक की आईएएस अधिकारी रोहिणी सिंधुरी और आईपीएस अधिकारी डी रूपा की, जो अब खुलकर आमने-सामने आ गई हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार आईएएस अधिकारी रोहिणी सिंधुरी की कुछ तस्वीरें आईपीएस अधिकारी डी रूपा ने सोशल मीडिया पर पोस्ट कर दी थी। रूपा ने सोशल मीडिया के जरिए सिंदूरी पर 19 आरोप लगाए हैं। उन्होंने तीन पुरुष आईएएस अधिकारियों के साथ रोहिणी की कुछ तस्वीरें साझा की है। उन्होंने कहा कि रोहिणी सिंधुरी ने विधायक सारा महेश से मुलाकात की थी। रूपा कहती है कि पहली बार सुना है कि कोई आईएएस ऑफिसर अपनी ड्यूटी पर किसी विधायक या राजनीतिक व्यक्ति की मीटिंग में गया।

इधर रोहिणी सिंधुरी ने एक बयान जारी कर कहा है कि आईपीएस अधिकारी डी रूपा के लगाए सारे आरोप झूठे हैं। उन्होंने कहा कि रूपा मेरे खिलाफ झूठा, व्यक्तिगत निंदा अभियान चला रही है। सिंदूरी ने कहा कि भारतीय दंड संहिता की विभिन्न धाराओं के तहत कदाचार और आपराधिक अपराधों के लिए वरिष्ठ अधिकारियों से बात कर वे रूपा के खिलाफ़ कानूनी और अन्य कार्रवाई करेंगी।

रोहिणी ने कहा कि रूपा ने मुझे बदनाम करने के लिए सोशल मीडिया और व्हाट्सएप स्टेटस के स्क्रीनशॉट से तस्वीरें ली है। सिंदूरी ने कहा कि जैसा कि उन्होंने कहा है कि उन्होंने कुछ अधिकारियों को ये तस्वीरें भेजी है। रोहिणी ने रूपा से उन अधिकारियों के नाम का खुलासा करने का आग्रह किया है। बता दें कि रूपा ने अपने फेसबुक अकाउंट पर रोहिणी की कुछ तस्वीरें शेयर करते हुए आरोप लगाया कि उन्होंने वर्ष 2021 और 2022 में आईएएस अधिकारियों के साथ कथित रूप से इन तस्वीरों को साझा किया था। उन्होंने एक नहीं, दो नहीं, तीन पुरुष आईएएसअधिकारी के साथ तस्वीरें साझा की है। रूपा का मानना है कि यह रोहिणी का निजी मामला नहीं है। उन्होंने कहा कि ऑल इंडिया सर्विस कंडक्ट रूल के मुताबिक ऐसी तस्वीरें शेयर करना और इस तरह की बातचीत करना अपराध है। इसके साथ ही रूपा ने अधिकारियों से सिंदूरी के खिलाफ सभी आरोप की जांच करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि मैंने इस मामले को जनता के ध्यान में लाया है। बताते चलें कि रूपा ने राजनगर में बिना ऑक्सीजन 24 लोगों की मौत का मुद्दा भी उठाया है। इसके अलावा कोरोना काल के दौरान रोहिणी द्वारा अपने घर में स्विमिंग पूल बनाने का आरोप भी लगाया है। बता दें कि रोहिणी सिंधुरी भारतीय प्रशासनिक सेवा की 2009 बैच की अधिकारी हैं जबकि डी रूपा भारतीय पुलिस सेवा की 2000 बैच की अधिकारी हैं। डी रूपा, यह वही अधिकारी हैं जिन्होंने मध्य प्रदेश की तत्कालीन मुख्यमंत्री भाजपा की तेजतर्रार नेत्री उमा भारती को सन 2007 में हुबली में एक न्यायालयीन प्रकरण को लेकर गिरफ्तार किया था।

## जर्मनी ने जयशंकर के यूरोपियन माइंडसेट वाले बयान पर सहमति जताई



म्यूनिख। जर्मनी के म्यूनिख शहर हुई सिक्योरिटी काउंसिल में चांसलर ओलाफ शोल्ज ने भारतीय विदेश मंत्री एस जयशंकर के 9 महीने पुराने यूरोपियन माइंडसेट वाले बयान पर सहमति जताई है। उन्होंने कहा- जयंशकर की विचारधारा में बदलाव वाली बात में दम है। जयशंकर जून 2022 को विदेश मंत्री एस जयशंकर यूरोप के स्लोवाकिया पहुंचे थे। यहां उन्होंने कहा था- यूरोप को इस मानसिकता से बाहर निकलना होगा कि यूरोप की समस्याएं दुनिया की समस्याएं हैं, लेकिन दुनिया की समस्याएं यूरोप की समस्याएं नहीं हैं।जर्मन चांसलर ने कहा- विदेश मंत्री जयशंकर के इस बयान को इस साल की म्यूनिख सिक्योरिटी काउंसिल की रिपोर्ट में शामिल किया गया है, क्योंकि अगर बड़ी ताकतें इंटरनेशल रिलेशन्स को अपने मुताबिक ढालना चाहती हैं, तो यह केवल यूरोप की समस्या नहीं है। जर्मन चांसलर ने कहा- विदेश मंत्री जयशंकर के इस बयान को इस साल की म्यूनिख सिक्योरिटी काउंसिल की रिपोर्ट में शामिल किया गया है, क्योंकि अगर बड़ी ताकतें इंटरनेशल रिलेशन्स को अपने मुताबिक ढालना चाहती हैं, तो यह केवल यूरोप की समस्या नहीं है।जर्मन चांसलर शोल्ज ने कहा- हमें साथ मिलकर सभी देशों के हितों में काम करना होगा। साथ ही सभी देशों की चिंताओं को दूर करना होगा। मैं वास्तव में इन क्षेत्रों में मिलकर काम करना चाहता हूं। इससे भुखमरी और गरीबी जैसी चुनौतियों का समाधान खोजा जा सकता है।

## केसी वेणुगोपाल का बड़ा बयान, 'मोदी सरकार से अकेले नहीं लड़ सकती कांग्रेस'



नई दिल्ली। आम चुनाव 2024 के लिए विपक्ष दलों में एकजुटता की बात कही जा रही है। इस बीच, कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव और गांधी परिवार के करीबी केसी वेणुगोपाल ने बड़ा बयान दिया वेणुगोपाल ने कहा है कि कांग्रेस 2024 के लोकसभा चुनावों में अकेले अपने दम पर मोदी सरकार का सामना नहीं कर सकती है। इसलिए सभी विपक्षी दलों का साथ आना जरूरी है।

पिछले दिनों से इसी विपक्षी एकता की बात बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार कर रहे हैं। उन्होंने पटना में आयोजित एक कार्यक्रम में कहा था कि कांग्रेस देरी ना करे, हम तैयार हैं। समाचार एजेंसी को दिए इंटरव्यू में वेणुगोपाल ने कहा, कांग्रेस भी विपक्षी एकता के बारे में समान रूप से चिंतित है। राहुल गांधी और मल्लिकार्जुन खरगे ने कई मौकों पर ठीक ही कहा है कि वर्तमान स्थिति में कांग्रेस अकेले इस सरकार से नहीं लड़ सकती। कांग्रेस किसी भी कीमत पर लड़ेगी, लेकिन हमें इसके खिलाफ लड़ने के लिए विपक्षी एकता की जरूरत है। यह लोकतंत्र विरोधी, तानाशाही सरकार है। इन ताकतों के खिलाफ लड़ने के लिए विपक्षी एकता की जरूरत है। कांग्रेस इसके लिए बहुत उत्सुक है कि विपक्ष दल एक साथ आएं। पिछला संसद सत्र इसका एक उदाहरण था। खरगे ने पहल पर अडानी मुद्दे पर संसद में विपक्ष की बैठक बुलाई गई। मोटे तौर पर हम सोच रहे हैं कि हमें भाजपा के खिलाफ जाना चाहिए। हमें बीजेपी विरोधी वोटों को बंटने का मौका नहीं देना चाहिए।

कांग्रेस नेता ने कहा कि कांग्रेस ने देश में आपातकाल जैसी स्थिति को देखते हुए %तानाशाही सरकार के खिलाफ लड़ाई का सबसे बड़ा काम अपने हाथ में ले लिया है।

# मई के पहले सड़कों का कायाकल्प पूरा हो: चौहान

### 413 नगरीय निकायों की सड़कों के कायाकल्प के लिए 350 करोड़ जारी किए



भोपाल। मध्यप्रदेश के शहरों और कस्बों में सड़कों के मेंटेनेंस के लिए अब आर्थिक संकट बाधा नहीं बनेगा। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा, प्रदेश के 413 निकायों को सड़कों की मरम्मत के लिए 750 करोड़ रुपए दिए जाएंगे। पहली किश्त के तौर पर सीएम ने 350 करोड़ रुपए सिंगल क्लिक के जरिए ट्रांसफर भी कर दी।

मुख्यमंत्री ने इस मौके पर कहा, हमारे हाईवे तो सारे चकाचक हो गए, लेकिन शहर के अंदर की सड़कें, वार्डों की सड़कें ठीक नहीं हैं। कई जगह ये शिकायत मिलती थी कि मरम्मत नहीं हो रही है। सड़कों की मरम्मत की जिम्मेदारी स्थानीय निकायों की होती है। बाकी सड़कें शानदार और वार्ड में उड़ रही धूल, तो सुबह-सुबह लोग पार्षद को ही पकड़ेंगे। पहली बार राज्य के बजट से सड़कों की मरम्मत के लिए पैसा दिया है। 750 करोड़ में से 350 करोड आज खातों में डाले हैं।

सीएम ने सभी निकायों के अधिकारियों से कहा, 15 से 20 दिन में टेंडर की प्रोसेस पूरी हो जानी चाहिए। मई में काम खत्म करना है। इसके बाद बारिश आ जाएगी। मंत्री और अधिकारी इसका ध्यान रखें। कोई इस चक्कर में न पड़े कि ये ठेकेदार आ जाए, पहचान का आए, तो बहुत अच्छा। इस सब में न पड़ें। सही एजेंसी का चयन हो जाए।

### बड़े शहरों में बिल्डिंग परमिशन के साथ जोड़ें घरेलू सोलर पैनल, सरकार देगी सब्सिडी

सीएम ने कहा, बड़े शहरों में बिल्डिंग परमिशन से पहले घरेलू सोलर पैनल लगवाएं। इसके लिए सरकार सब्सिडी भी देगी। कोई शहर इसकी शुरुआत करे। निकाय को स्वयं की आय के स्त्रोत विकसित करने चाहिए। निकायों के जनप्रतिनिधि डरते हैं कि टैक्स वसूल मत करो, लोग नाराज हो जाएंगे। मामा से ही मांग लो। जब तक आय के साधन न खड़े होंगे, तब तक निकाय प्रगति नहीं कर सकते। अगर 24 घंटे पीने का पानी आने लगा, तो पैसा देना चाहिए। लोग शाम को आइसक्रीम खा लेते हैं। होटल में खाने चले जाते हैं। अगर हम अपने स्थानीय निकाय को ठीक से खड़ा नहीं करेंगे तो विकास नहीं कर पाएंगे। जो सुविधा दे रहे हैं, उसका वाजिब पैसा भी मिलता रहे।

## अमितशाह का महाराष्ट्र की सभी 48 लोकसभा सीटें जीतने का टारगेट

### कार्यकर्ताओं को दिए टिप्स



मुंबई। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को भारतीय जनता पार्टी और उसके सहयोगियों को 2024 के लोकसभा चुनाव में महाराष्ट्र की सभी 48 सीटें जीतने का लक्ष्य दिया। शाह ने कोल्हापुर में बीजेपी कार्यकर्ताओं की एक सभा को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने शिवसेना (यूबीटी) प्रमुख उद्धव ठाकरे पर निशाना साधते हुए मुख्यमंत्री बनने के लिए (राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी प्रमुख) शरद पवार के चरणों में आत्मसमर्पण करने का आरोप लगाया। दरअसल ठाकरे ने 2019 के विधानसभा चुनाव के नतीजे घोषित होने के बाद बीजेपी के साथ गठबंधन तोड़ दिया था। बीजेपी पर शिवसेना के साथ मुख्यमंत्री का पद साझा करने के अपने वादे से मुकरने का आरोप लगाया था।

बाद में उद्धव ठाकरे ने एनसीपी और कांग्रेस के साथ मिलकर महाविकास आघाड़ी (एमवीए) सरकार का नेतृत्व किया। पिछले साल जून में एकनाथ शिंदे के नेतृत्व में हुई बगावत के बाद तत्कालीन एमवीए सरकार गिर गई थी। शाह ने बीजेपी कार्यकर्ताओं से कहा कि 2019 में बीजेपी और उसके सहयोगियों ने 48 में से 42 सीटें जीतीं। इस बार, हमें सभी 48 सीटें जीतनी चाहिए।

### उद्धव का पवार के चरणों में आत्मसमर्पण

ठाकरे पर हमला बोलते हुए शाह ने कहा कि हिंदू हृदय सम्राट बालासाहेब ठाकरे की शिवसेना का शरद पवार के चरणों में समर्पण कर दिया गया। उन्होंने (उद्धव ठाकरे) प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कट-आउट के साथ हमारे साथ विधानसभा चुनाव लड़ा था। लेकिन नतीजे आने के बाद उन्होंने (ठाकरे) पवार के चरणों में आत्मसमर्पण कर दिया।

### हम सत्ता के लालची नहीं हैं: शाह

अमित शाह ने कहा कि हम सत्ता के लालची नहीं हैं और न ही हमने कभी अपने सिद्धांतों का बलिदान किया है। पिछला महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव तत्कालीन मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के नेतृत्व में लड़ा गया था। प्रधानमंत्री मोदी और मैंने अपनी रैलियों के दौरान खुले तौर पर यह बात कही थी। इसके बावजूद उन्होंने (ठाकरे) विपक्ष के साथ हाथ मिलाया।

### शाह ने की चुनाव आयोग के फैसले की तारीफ

शिंदे गुट को असली शिवसेना मानने और उसे तीर-धनुष का चुनाव चिह्न देने के चुनाव आयोग के शुक्रवार के फैसले की सराहना करते हुए शाह ने कहा कि वे (ठाकरे गुट) अब सबक सीखेंगे। शाह ने ठाकरे का नाम लिए बिना कहा कि छल से आप कुछ दिनों के लिए सत्ता हासिल कर सकते हैं, लेकिन जब युद्ध के मैदान की बात आती है तो आपको जीतने के लिए साहस की जरूरत होती है।

## शिवसेना के नाम-निशान पर तुरंत सुनवाई नहीं करेगा सुप्रीम कोर्ट

### शिंदे गुट ने विधानसभा में पार्टी के दफ्तर पर कब्जा जमाया



नई दिल्ली/मुंबई। सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को उद्धव गुट की शिवसेना के नाम-निशान से जुड़ी याचिका पर तत्काल सुनवाई करने से इनकार कर दिया। उनके वकील अभिषेक मनु सिंघवी ने तत्काल सुनवाई की मांग की थी। कोर्ट ने कहा कि इसकी एक प्रक्रिया होती है। इसके तहत कल फिर से याचिका दाखिल करें।

दरअसल, चुनाव आयोग के शिंदे गुट को शिवसेना का नाम और तीर-कमान निशान देने के फैसले के खिलाफ उद्धव गुट सुप्रीम कोर्ट पहुंचा था। उधर, शिंदे गुट के विधायकों ने सोमवार सुबह विधानसभा स्पीकर राहुल नार्वेकर से मुलाकात की और विधानसभा के शिवसेना कार्यालय पर दावा किया और फिर अपनी कस्टडी में ले लिया।

उद्धव गुट की याचिका में कहा गया कि चुनाव आयोग ने विवाद के निपटारे का आधार पार्टी के 1999 के संविधान को बनाया। जबकि बालासाहेब ठाकरे ने 2018 में पार्टी के संविधान में संशोधन कर दिया था। 2018 के संविधान के तहत शिवसेना अध्यक्ष पार्टी में सर्वोच्च होंगे। पार्टी से किसी को निकालने, बैठक करने या पार्टी में किसी को भी शामिल करने का आखिरी फैसला पार्टी अध्यक्ष का ही होगा।

## छत्तीसगढ़ में कोयला घोटाले को लेकर कांग्रेस नेताओं के यहां ईडी के छापे



रायपुर। छत्तीसगढ़ में सोमवार सुबह प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने 6 कांग्रेस नेताओं के ठिकानों पर छापा मारा। इसमें विधायक और पार्टी पदाधिकारी शामिल हैं। एजेंसी ने कोयला लेवी घोटाले में कार्रवाई की है। छत्तीसगढ़ में 4 दिन बाद, यानी 24 फरवरी को कांग्रेस का अधिवेशन होना है। इसमें सोनिया गांधी और राहुल भी आएंगे। इससे पहले श्वष्ठ ने छापे मारे हैं। कांग्रेस ने कहा कि ये कार्रवाई अधिवेशन को डिस्टर्ब करने के लिए है।

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा पिछले 9 सालों में ईडी ने जो रेड की हैं उसमें 95 प्रतिशत विपक्षी नेता हैं, और सबसे ज्यादा कांग्रेस नेताओं के खिलाफ है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि अडाणी की सच्चाई खुलने और भारत जोड़ो यात्रा की सफलता से हताश हो चुकी भाजपा ध्यान भटकाने की कोशिश कर रही है। पार्टी रायपुर में श्वष्ठ दफ्तर का घेराव करेगी। यह घेराव दोपहर बाद होगा।

भूपेश बघेल ने सोमवार को ट्वीट कर श्वष्ठ के छापों की जानकारी दी। लिखा- प्रदेश कांग्रेस कोषाध्यक्ष, पूर्व उपाध्यक्ष और विधायक समेत कई साथियों के घरों पर श्वष्ठ ने छापा मारा है। 4 दिन के बाद रायपुर में कांग्रेस का महाधिवेशन है। तैयारियों में लगे साथियों को इस तरह रोककर हमारे हौसले नहीं तोड़े जा सकते। भारत जोड़ो की सफलता और अडाणी की सच्चाई खुलने से भाजपा हताश है। यह ध्यान भटकाने का प्रयास है। हम लड़ेंगे और जीतेंगे।

## राज्यपाल के अभिभाषण के बीच सपा विधायकों ने किया हंगामा, सदन कल तक के लिए स्थगित



लखनऊ। समाजवादी पार्टी (सपा) के विधायकों ने विधानसभा सत्र शुरू होने से पहले लखनऊ में राज्य विधानसभा के बाहर राज्य सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। सपा विधायक शिवपाल सिंह यादव के नेतृत्व में धरने पर बैठ गए हैं। विधानसभा मार्शल ने मीडिया को हटने के लिए कहा है। मीडिया को कवरेज करने से रोका जा रहा है। अखिलेश यादव भी विधानसभा पहुंच गए हैं। विधानसभा के बाहर सपा विधायक तख्तियां लेकर धरने पर बैठे हैं। भारी संख्या में पुलिस बल मौजूद है।

राज्यपाल के अभिभाषण के बीच सपा के विधायक वैल में आए। राज्यपाल वापस जाओ के नारे लगा रहे हैं। हंगामा करते हुए नारे लगा रहे है कि संविधान विरोधी सरकार नहीं चलेगी, ये जनता का पैसा खाते है घपलेबाज सरकार चलाते हैं। हालांकि, इस दौरान हंगामे के बीच राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने अपना अभिभाषण पूरा किया। अभिभाषण के बाद सदन की कार्यवाही मंगलवार सुबह तक के लिए स्थगित कर दी गई।

उधर, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि सदन की उच्च गरिमा और मर्यादा को बनाए रखते हुए गंभीर चर्चा को आगे बढ़ाने से लोकतंत्र के प्रति आमजन की आस्था बढ़ती है। प्रदेश सरकार राज्य के विकास एवं जनकल्याण से जुड़े मुद्दों पर सदन में चर्चा के लिए तैयार है। विधानसभा में सकारात्मक माहौल में चर्चा होनी चाहिए। संसदीय परंपराओं का पालन करते हुए सभी सदस्यों को अपने सुझावों एवं मुद्दों को सदन में रखना चाहिए।

## उमरिया में सीआरपीएफ के 2 जवानों पर चाकू-कुल्हाड़ी से हमला, एक गंभीर

**उमरिया।** जिले में बंद कोयला खदान में ड्यूटी कर रहे दो सीआरपीएफ (राज्य औधोगिक सुरक्षा बल) जवानों पर 10 से 12 हमलावरों ने हमला किया है। घटना बिरसिंहपुर पाली में रविवार रात की है। हमलावर चोरी के मकसद से आए थे। उन्होंने सुरक्षा में तैनात जवान संजीव लोधी और अंकित जाट पर हमला कर घायल कर दिया। जवानों को बिरसिंहपुर पाली अस्पताल में भर्ती कराया गया। गंभीर हालत होने पर अंकित जाट को शहडोल रेफर कर दिया गया। जवान संजीव लोधी ने बताया कि 10-12 लोग आए और चाकू, कुल्हाड़ी से हमला किया।

### खंडवा में 7 दुकानें जलीं

खंडवा। खंडवा में रविवार रात 11 बजे इंदौर नाका के पास तहसील मार्केटिंग सोसाइटी की सात दुकानों में आग लग गई। आग तब लगी, जब सभी दुकानें बंद थी। आग ने सिर्फ दस मिनट में विकराल रूप इसलिए ले लिया क्योंकि ऑइल दुकान, प्लास्टिक के कवर, गैरेज और टेंट हाउस यहां थे। यहां प्लास्टिक और ज्वलनशील पदार्थ रखे हुए थे। आग की लपटें जब धू-धू कर उठने लगी तो लोगों को पता चला। मौके पर पहुंचे लोगों ने पुलिस व नगर निगम को सूचना दी। जेसीबी से टीन शेड तोड़कर आग पर पानी डाला। करीब ढाई घंटे बाद आग पर काबू पाया जा सका।



## सोमवती अमावस्या पर नर्मदा, क्षिप्रा के तटों पर लगा मेला

भोपाल। फाल्गुन मास की सोमवती अमावस्या पर सोमवार को मोक्षदायिनी क्षिप्रा व सोमकुंड में श्रद्धालु पर्व स्नान के लिए पहुंच रहे हैं। श्रद्धालु तीर्थ स्नान के बाद दान पुण्य कर रहे हैं। मंदिरों में भी दर्शनार्थियों का तांता लगा हुआ है। सोमकुंड पर स्नान के लिए फव्वारे लगाए गए हैं। नर्मदापुरम में सेठानी घाट पर लोगों की भारी भीड़ जुटी है, वहीं नर्मदा नदी के तटों पर आज मेले जैसी स्थिति बनी हुई है। स्नान की परंपरा तथा दान की मान्यता यहां पर बताई गई है। बच्चों की जन्म कुंडली में चंद्रमा का कमजोर होने से वायव्य प्रभाव परिलक्षित होता है, इस दोष को दूर करने के लिए चंद्रमा की वस्तुओं का दान या सफेद वस्तुओं का दान जैसे कच्चा दूध, आटा, साबूदाना, शक्कर आदि का यथा विधि दान करने से एवं सोम तीर्थ पर पूजन अभिषेक करने से अनुकूलता प्राप्त होती है।

## अग्रवाल समाज भेल 15वां परिचय सम्मेलन यशोदा प्रिविलेज गार्डन में हुआ

# मंच पर आकर युवक-युवतियों ने दिया परिचय

**सांध्य प्रकाश संवाददाता**
**भोपाल**

अग्रवाल समाज भेल क्षेत्र भोपाल द्वारा आयोजित 15वां परिचय सम्मेलन यशोदा प्रिविलेज गार्डन अयोध्या बाईपास पर संपन्न हुआ। जिसमें समिति के अध्यक्ष आर के गुप्ता, दिनेश सिंघल जी पवन अग्रवाल जी डॉ तनेश गोयल जी द्वारा दीप प्रज्वलित कर एवं भगवान श्री अग्रसेन महाराज की आरती के साथ कार्यक्रम की शुरुआत हुई कार्यक्रम में भारी संख्या में युवक युवतियों द्वारा स्टेज पर आकर अपना परिचय दिया, कार्यक्रम में तकरीबन दो हजार से ज्यादा अग्रवाल बंधुओं ने सहभागिता दी एवं कार्यक्रम का लाभ उठाया कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जय श्री गायत्री फूड के चेयरमैन श्री राजेंद्र मोदी एवं शारदा रोड लाइन के चेयरमैन श्री कमलेश मित्तल जी एवं खेतान फूड प्रोडक्ट के चेयरमैन श्री बसंत गुप्ता जी थे, कार्यक्रम स्थल पर समाज के द्वारा पत्रिका मिलान एवं अलग से परिचय हेतु बैठ कर बात करने की व्यवस्था भी की गई थी एवं समाज के सभी अग्र बंधुओं हेतु भोजन व्यवस्था भी उपलब्ध थी कार्यक्रम की सभी गणमान्य अतिथियों द्वारा सराहना की गई



# अखिल भारतीय सिंधी समाज कल करेगा 14 हस्तियों का सम्मान



**संत हिरदाराम नगर।** अखिल भारतीय सिंधी समाज की प्रदेश इकाई के तत्वधान में अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस पर 21 फरवरी को सिंधी साहित्य अकादमी द्वारा हाल ही में मातृभाषा से जुड़े विभिन्न क्षेत्रों में घोषित भोपाल जिले के 13 हस्तियों और एक विशेष सम्मान किया जाएगा। कार्यक्रम संयोजक जगदीश आसवानी ने बताया कि संत हिरदाराम गौरव साहित्य पुरस्कार हेतु के.टी दादलानी और भगवान बाबानी के सम्मान के अतिरिक्त श्रेष्ठ पद पुरस्कार कन्हैयालाल मोटवानी मांदो एवं नंद सनमुखानी के साथ मास्टर चंद्र गायक पुरस्कार रमेश तनवानी और दिलीप लालवानी को पुरस्कृत किया जाएगा। इसके साथ ही सरला नागदेव, प्रिया ज्ञानचंदानी को भगवंती नवानी गायक का पुरस्कार दिया जाएगा। रंगमंच नाटक निदेशक का सम्मान कविता इसरानी और रंगमंच कलाकार परसो नाथानी को पुरस्कार दिया जाएगा। युवा साहित्यकार पुरस्कार राकेश शेवानी और श्रेष्ठ पुरस्कार अकादमी ने आसूदो लच्छवानी को यह समाज पुरस्कृत करेगा। श्रेष्ठ रंगमंच कलाकार हेतु ओपी आसुदानी एवं कन्हैयालाल मोटवानी को देने की घोषणा हुई है लेकिन इस बीच आसुदानी का आकस्मिक निधन होने से यह पुरस्कार उनके परिवार को दिए जाने का निर्णय लिया गया है। इस प्रकार एक विशेष पुरस्कार सामाजिक धार्मिक साहित्यिक सांस्कृतिक एवं मातृ भाषा के उत्थान हेतु किए गए भरपूर योगदान के लिए पूज्य सिंधी पंचायत संत हिरदाराम नगर के अध्यक्ष साबू रिझवानी को देने का निर्णय सर्वसम्मति से सम्मान करने का फैसला किया गया है समस्त 14 पुरस्कार डॉ. लालवानी शीर्ष साहित्यकार प्रदेश अध्यक्ष डॉ सी.पी देवानी एवं आनंद सबधाणी के अलावा विशिष्ट अतिथि के कर कमलों से प्रदान किया जाएगा।

## माली खेड़ा में सिद्धेश्वर महादेव प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम




**भोपाल।** राजधानी समीप स्थित माली खेड़ा में महाशिवरात्रि के पावन पर्व के अवसर पर भगवान शंकर सपरिवार प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम का आयोजन किया गया संचालक मनोज शर्मा ने बताया कि इस अवसर पर भव्य नगर भ्रमण यात्रा निकाली गई विशाल भंडारे का आयोजन भी किया गया उज्जैन से आए पंडितों द्वारा विधि विधान से पूजा अर्चन अभिषेक कर शिवलिंग एवं भगवान शंकर सपरिवार प्राण प्रतिष्ठा की गई



भोपाल। शासकीय महारानी लक्ष्मी बाई कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय की छात्रा अंकिता कनोजिया को सत्र 2021- 22 कक्षा एम.ए समाजशास्त्र में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने पर प्राचार्य रजत पदक प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर नगर निगम परिष अध्यक्ष किशन सूर्यवंशी और प्राचार्य सहित कॉलेज स्टाफ मौजूद रहा।

## सुखसागर उदासीन आश्रम में सत्संग और आम भण्डारे का आयोजन



**संत हिरदाराम नगर।** सुखसागर उदासीन आश्रम में महाशिवरात्रि पर्व आश्रम के गद्दीशीन संत बाबा रामदास उदासीन की उपस्थिति में मनाया गया। इस अवसर पर शिव अभिषेक किया गया व शिव परिवार की पूजा अर्चना की गई। इसके बाद सत्संग कार्यक्रम हुआ जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने पहुंचकर श्रवण किया। कार्यक्रम समापन पर आम भंडारे का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बाबा रामदास उदासीन, गुरु माता राधा देवी उदासीन, संतोष उदासीन, नानक उदासीन के अलावा नारायणदास सबनानी, पहलाज आसनानी, लालचंद जेसवानी,तुलसी सदारंगानी, माधु चांदवानी, श्याम गोपलानी, मोहनलाल, गोवर्धनदास सदारंगानी, उधमदास, जानकी लाल, अमित सदारंगानी सहित कई लोग उपस्थित थे।

# 218 करोड़ की सौगात का संत नगर में मुख्यमंत्री आज करेंगे शिलान्यास

**संत हिरदाराम नगर।** 20 फरवरी को मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चैहान 218 करोड़ की सौगातों के साथ संत हिरदाराम नगर पहुंच रहे हैं। यहां पर शहीद हेमू कालानी की प्रतिमा का अनावरण, 195 करोड़ की लागत से प्रधानमंत्री आवास योजना का शिलान्यास ग्राम भौंरी और 23 करोड़ की लागत से फाटक रोड़ 3ईएमई सेंटर पर फ्लाईओवर का शिलान्यास किया जाएगा। संत हिरदाराम नगर के हेमू कालानी स्टेडियम में शाम 5 बजे कार्यक्रम आयोजित किया गया है। कार्यक्रम की तैयारियों का अवलोकन रविवार को विधायक रामेश्वर शर्मा, कलेक्टर भोपाल अविनाश लवानिया, आयुक्त नगर निगम केवीएस चैधरी, उपायुक्त विजय खत्री, सहायक उपायुक्त ट्रेफिक संदीप दीक्षित ने किया। यहां पर व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया। गौरतलब है कि फाटक के इस तरफ या उस तरफ के एक एक परिवार की पिछले 50 वर्षों पुरानी मांग थी की फाटक रोड पर फ्लाईओवर का निर्माण होना चाहिए। शव यात्रा को भी फाटक खुलने का इंतजार करना पड़ता है। फ्लाईओवर निर्माण से संत नगर की 3 लाख आबादी सीधे तौर पर लाभान्वित होगी।



**पट्टा प्रकरण में रोड़ा बने अधिकारियों की मुख्यमंत्री से करेंगे शिकायत:** संत हिरदाराम नगर की सामाजिक संस्था सिंधी सेन्ट्रल पंचायत मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपकर उनसे पट्टा प्रकरण में रोड़ा बने अधिकारियों की शिकायत करेगी। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चैहान के संत हिरदाराम नगर आगमन पर उन्हें ज्ञापन प्रस्तुत कर उनके द्वारा सिंधी विस्थापितों को पट्टा देने, लीज नवीनीकरण एवं कन्वयेंस डीड नामांतरण बावत 28 अप्रैल 2011 से अब तक की गई घोषणाओं के अलावा वन ट्री हिल्स के 500 भूखण्डधारियों की लीज नवीनीकरण नहीं होने से हो रही परेशानी से अवगत कराएगी साथ ही जिला भोपाल कलेक्टर कार्यालय के उन अधिकारियों की भी शिकायत करेगी, जो प्रकरणों के निराकरण में बार-बार आपत्तियां लगाकर या तो प्रकरणों को लंबित रख रहे हैं या उन्हें निरस्त किया जा रहा है। पंचायत के पदाधिकारियों ने कहा है कि रोड़ा बन रहे अधिकारियों को तत्काल निलंबित करने की मांग भी की जाएगी।

## डिवाईन पार्क कालोनी मित्तल कॉलेज रोड में निकली बाबा भोलेनाथ की बरात, डीजे की धूम पर नाचे श्रद्धालु



**भोपाल।** डिवाईन पार्क कालोनी में महाशिवरात्रि के उपलक्ष्य में देवेश्वर जनकल्याण समिति ने बाबा श्री देवेश्वर महादेव का सार्वजानिक रुद्राभिषेक किया, कॉलोनी के सभी सदस्यों ने महाशिवरात्रि का व्रत रखकर, वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ जलाभिषेक किया, भजन मंडली ने महादेव के भजनों से पूरा वातारण मंत्र मुग्ध हो उठा साथ ही साबूदाना खिचड़ी और भांग के प्रसाद का वितरण किया गया। फ़िट ऊंची बाबा बर्फानी की बर्फ की प्रतिमा रही आकर्षण का केंद्र रही। महिला मित्रमंडली ने संध्याकालीन में बाबा का दूध, दही, घी, गंगाजल, भस्म आदि से जलाभिषेक कर कॉलोनी के निरंतर विकास के लिए प्रार्थना की।

## आनंद मेला केवल मनोरंजन का साधन ही नहीं, वरन् मनोचिकित्सा है-सिद्ध भाऊ



**संत हिरदाराम नगर।** आरोग्य केन्द्र द्वारा 10 फरवरी से 19 फरवरी तक दस दिवसीय रोग निवारण एवं प्रशिक्षण मासिक शिविर का आयोजन किया गया। जिसका अनुभव समारोह संत सिद्ध भाऊ की उपस्थिति में आयोजित किया गया।

इस कार्यक्रम में सिद्ध भाऊ ने सभी साधकों को ज्ञानवर्षा से कृतार्थ किया। उन्होंने समझाया कि व्यक्ति बीमार इसलिए होता हैं क्योंकि गलत व अधिक आहार का सेवन करता हैं यदि आपको स्वस्थ रहना है तो सात्विक, अपक्व और कम आहार का सेवन करना चाहिए। आहार ऐसा हो जो स्वादिष्ट हो, पौष्टिक हो और सुपाच्य हो। होम्योपैथी का मूल सिद्धांत हैं कि सबसे पहले बीमारी हमारे मन में पैदा होती है, बाद में शरीर पर प्रकट होती हैं, अगर हमारा मन स्वस्थ है तो बीमारी हमेशा दूर रहेंगी तभी हमें हमारे मन को शांत व आनंद में रखना चाहिए।

## मां पीतांबरा मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल का शुभारंभ

**भोपाल।** नरेला स्थित मां पीतांबरा मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल का शुभारंभ चिकित्सा शिक्षा मंत्री विश्वास सारंग द्वारा किया गया मां पीतांबरा मल्टी स्पेशलिटी होटल की प्रबंध संचालक डॉ सोनाली कवीश्वर ने बताया कि उनके द्वारा पूर्व में मानसी हॉस्पिटल का संचालन किया जा रहा है मां पीतांबरा मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल डॉक्टर मुकेश कवीश्वर ने बताया कि वर्तमान में मां पीतांबरा मल्टीस्पेशल्टी हॉस्पिटल में उपलब्ध 66 बैडस उपलब्ध हैं हॉस्पिटल की क्षमता 150 बेडस है यहां पर सभी स्पेशलिस्ट डॉक्टर गाइनेकोलॉजिस्ट ईएनटी सर्जन उपलब्ध है पूर्व में संचालित किए जा रहे मानसी हॉस्पिटल का अनुभव का अनुभव है और मरीजों को उचित इलाज यहां पर प्रदान करने की व्यवस्था है मां पीतांबरा मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल पर शासन द्वारा दी जाने वाली सभी योजनाओं का लाभ भी मिलेगा।

## खेल महोत्सव: राजाबरारी एस्टेट में कबड्डी प्रतियोगिता आयोजित




**भोपाल।** राजाबरारी एस्टेट द्वारा संचालित सहयोग संगठन सेवा सफलता खेल कप श्रृंखला को वर्ष 2023 में आगे बढ़ाते हुए रविवार को अंतर ढाना कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें 17 ग्रामों की युवा टीमों ने प्रतिभागिता की और 250 से अधिक ग्रामीणों ने हिस्सा लिया। ग्राम सलाई की टीम प्रथम, राजाबरारी द्वितीय एवं महागाओं तृतीय स्थानों पर रहे। इस खेल श्रृंखला के जनक एवं राजाबरारी एस्टेट का कुशल नेतृत्व कर रहे प्रबंधक रिटायर्ड प्रोफेसर डॉ. विशाल साहनी द्वारा मुख्य अतिथि डॉ धर्मपाल सतसंगी का विशेष स्वागत किया गया। डॉ साहनी द्वारा सभी युवा खिलाड़ियों का विशेष उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें एस्टेट की ओर से सतत सहायता एवं मार्गदर्शन प्रदान करते रहने आश्वासन दिया गया। उन्होंने कार्यक्रम समन्वयक अमित चंद्राकर एवं सभी वॉलेंटियर का धन्यवाद दिया। टिमरनी से केंद्र प्रमुख अंशुक तिवारी विशेष रूप से सपरिवार इस कार्यक्रम में शामिल हुए। राजाबरारी शिक्षा विभाग प्रमुख दिनेश कपूर का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

**गत वर्ष 30 ग्रामों के 950 युवा खिलाड़ियों ने भाग लिया:** राजाबरारी एस्टेट द्वारा आयोजित इस खेल श्रृंखला में गत वर्ष भर कबड्डी, क्रिकेट, वॉलीबॉल, फुटबॉल हॉकी इत्यादि प्रतियोगिताओं में 30 से अधिक ग्रामों के 950 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। इन खिलाड़ियों को आत्मा केंद्र में समूहों की महिलाओं द्वारा निर्मित 2000 टीशर्ट एवं कैप वितरित की गईं। एस्टेट के सतत प्रशिक्षण एवं प्रयासों के चलते राजाबरारी आदिवासी बहुल क्षेत्र के युवा खिलाड़ियों ने जिला स्तर पर कमल युवा खेल महोत्सव में 32 पुरस्कार जीते। इनमें 14 पुरस्कार जिले में प्रथम स्थानों के रहे। मुख्यमंत्री कप में भी राजाबरारी क्षेत्र के दो खिलाड़ी राज्य स्तर पर चयनित हुए हैं। वर्ष भर चल रहे विशेष ट्रेनिंग कार्यक्रमों का लाभ सभी आदिवासी खिलाड़ियों को प्राप्त हो रहा है और जिले एवं राज्य स्तर पर आदिवासी युवा खिलाड़ी अपना स्थान बना पा रहे हैं।

## बालिस्ता रावत ने यज्ञ पूजन कर कराया भंडारा



**भोपाल।** बजरंग हम्माल श्रमिक संघ प्रदेश अध्यक्ष बालिस्ता रावत के उपस्थिति में वार्ड 76 उड़िया बस्ती अर्धनारीश्वर शिव मंदिर में 28 वा वर्ष स्वर्गीय टिकचंद सुनानी के परिवार के द्वारा बस्ती के लोगों के सहयोग से यज्ञ पूज भंडारा कराया गया। रावत ने बताया कि पिछले 27 वर्षों से टिकचंद सुनानी के द्वारा बस्ती के लोगों के सहयोग से महाशिवरात्रि पर शिव बारात निकालकर पूजन भंडारा कराया जाता था। कंचन सुनानी, नागेश्वर सुनानी, सुमंती बाघ, जेमा दुर्गा, आदित्य दुर्गा, प्रह्लाद तथा अनेकों सहयोगकर्ता उपस्थिति थे।

# नुक्कड़ वाली माता मंदिर पर कालसर्प दोष, मंगल दोष व सर्वग्रह दोष का पूजन

**संत हिरदाराम नगर।** राजधानी के उपनगर संत हिरदाराम नगर सैनिक कालोनी स्थित नुक्कड़ वाली माता मंदिर प्रांगण में कालसर्प दोष, मंगल दोष और सर्वग्रह दोष निवारण हेतु विशेष अनुष्ठान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य व्यवस्थापक आचार्य पंडित रवि पटेरिया ने बताया कि उज्जैन से पधारे विद्वान ब्राह्मणों द्वारा महाभिषेक सम्पन्न कराया गया। अनुष्ठान में भोपाल सहित आसपास के जिलों के श्रद्धालुओं ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई, इसके साथ ही बड़ी संख्या में क्षेत्रीय नागरिक और महिलाएं भी आयोजन में शामिल रहीं। महाशिवरात्रि पर्व पर आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित सभी भक्तों ने सामुहिक हनुमान चालीसा का पाठ किया। इस अवसर पर कार्यक्रम संयोजक एवं पूर्व जिला पंचायत सदस्य विष्णु विश्वकर्मा सहित कांग्रेस कमेटी भोपाल जिला अध्यक्ष कैलाश मिश्रा, विश्व हिंदू परिषद के प्रदेश संपर्क प्रमुख विशाल पुरोहित, वार्ड क्रमांक 5 के पार्षद अशोक मारण, गांधीनगर के पार्षद लक्ष्मण राजपूत, विश्व हिंदू परिषद के जिलाध्यक्ष तिलक सिंह गुर्जर, बजरंग दल के जिला संयोजक भूपेंद्र सिंह गुर्जर, कमल मनसुखानी, रूप कुमार सोनी, मेजर एचआर चैधरी सहित कई उपस्थित थे।





# प्रदेश में शराब के सभी अहाते और शॉप बार बंद किए जाएंगे

## मंत्रि-परिषद की बैठक में लिए कई महत्वपूर्ण निर्णय

सांध्य प्रकाश संवाददाता भोपाल



मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की अध्यक्षता में मंत्रि-परिषद की बैठक सम्पन्न हुई। मंत्रि-परिषदनेप्रदेश में शराब को हतोत्साहित करने के लिये कई महत्वपूर्ण निर्णय लिये हैं। प्रदेश में शराब के सभी अहाते और शॉप बार बंद किए जाएंगे। मदिरा दुकानों में बैठ कर मदिरा पीने की अनुमति नहीं होगी। शराब की दुकान के लिये शैक्षणिक और धार्मिक संस्थानों के आसपास के 50 मीटर के दायरे को बढ़ाकर 100 मीटर किया जायेगा। साथ ही शराब पीकर वाहन चलाने वालों के ड्राइविंग लाइसेंस निलंबित करने एवं सजा के प्रावधान कड़े किए जाएंगे।

मंत्रि-परिषद ने राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 परिशिष्ट-1 में संशोधन करते हुए राहत राशि में वृद्धि करने का निर्णय लिया है। निर्णय अनुसार शरीर के किसी अंग अथवा आंख/आंखों की हानि के लिए 40त्न और 60त्न के बीच अपंगता होने पर 59 हजार 100 रुपए के स्थान पर 74 हजार रुपए प्रति व्यक्ति तथा 60त्न से अधिक अपंगता होने पर 2 लाख रुपए के स्थान पर 2 लाख 50 हजार रुपए दिया जायेगा। इसी तरह गंभीर रूप से घायल, जो एक सप्ताह से अधिक दिनों तक अस्पताल में भर्ती रहने पर 12 हजार 700 रुपए के स्थान पर 16 हजार रुपए प्रति व्यक्ति तथा एक सप्ताह से कम अवधि के लिए अस्पताल में भर्ती होने पर 4 हजार 300 रुपए के स्थान पर 5 हजार 400 रूपए प्रति व्यक्ति दिया जायेगा।

**बाढ़ की स्थिति में भूमि और अन्य नुकसान के लिए सहायता:** कृषि योग्य भूमि वाले खेतों में रेत या पत्थर (3 इंच से अधिक) आ जाने पर पहाड़ी क्षेत्रों में कृषि योग्य भूमि पर मलबा हटाने के लिये, फिश फार्म में डिसेल्टिंग या पुनस्थापन अथवा मरम्मत सफाई के लिये राहत 12 हजार 200 रूपए के स्थान पर 18 हजार रुपए प्रति हैक्टेयर दिया जायेगा। इसी तरह भूस्खलन, हिमस्खलन, नदियों के रास्ता बदलने के कारण सीमांत या लघु कृषक के भूमि स्वामित्व की भूमि के नष्ट होने पर राहत 37 हजार 500 रुपए के स्थान पर 47 हजार रुपए प्रति हेक्टेयर दिया जायेगा।

**पशु-पक्षी ( मुर्गा/मुर्गी ) हानि के लिये आर्थिक सहायता:** दुधारू पशु गाय/भैंस/ऊँट आदि के लिए राहत राशि 30 हजार प्रति पशु के स्थान पर 37 हजार 500 रूपए एवं भेड बकरी/ सूअर के लिए राहत 3 हजार रूपये के स्थान पर 4 हजार रूपए दिया जायेगा। गैर-दुधारू पशु ऊँट/घोडा/बैल/भैंसा आदि के लिए राहत राशि 25 हजार रूपये प्रति पशु के स्थान पर 32 हजार रुपए प्रति पशु किया जायेगा एवं बछडा (गाय, भैंस)/ गधा /पोनी/ खच्चर हेतु राहत 16 हजार रूपए प्रति पशु के स्थान पर 20 हजार रूपए दिया जायेगा। अस्थायी पशु शिविर में रखे गये बड़े पशुओं के लिए 70 रूपये पशु प्रतिदिवस के स्थान पर 80 रूपए एवं छोटे पशुओं के 35 रूपए प्रति पशु प्रति दिवस के स्थान पर 45 रूपए दिया जायेगा। इसी तरह पक्षी (मुर्गी/ मुर्गा) हानि के लिये 60 रूपए (10 सप्ताह से अधिक आयु के) प्रति पक्षी के स्थान पर 100 रुपए प्रति पक्षी दिया जायेगा।

**बाढ़ एवं तूफान से प्रभावित मछुआरों को दी जाने वाली सहायता:** नाव की आंशिक क्षति होने पर मरम्मत के लिए 4 हजार 100 रूपये के स्थान पर 6 हजार दिया जायेगा। जाल या अन्य उपकरणों की मरम्मत के लिये 2 हजार 100 रूपए के स्थान पर 3 हजार रूपए दिया जायेगा। नाव नष्ट होने पर रु. 12 हजार रूपए के स्थान पर 15 हजार रूपए दिया जायेगा। इसी तरह नैसर्गिक आपदा यथा सूखा, अतिवृष्टि, बाढ़, भूस्खलन, भूकम्प आदि से मछली पालने वालों को मछली बीज नष्ट होने पर प्रभावित को 8 हजार 200 रूपए के स्थान पर 10 हजार रूपए प्रति हेक्टेयर दिया जाएगा।





भोपाल। मध्यप्रदेश लेखक संघ द्वारा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।

## फसल हानि पर अब किसानों को 18 हजार प्रति हेक्टेयरः राजपूत



**भोपाल।** रविवार को राज्य मंत्रालय में संपन्न कैबिनेट की बैठक में आर.बी.सी. 4-6 के दायरे को बढाने को मंजूरी प्रदान कर दी । उक्त फैसले की जानकारी देते हुए प्रदेश के राजस्व एवं परिवहन मंत्री गोविन्द सिंह राजपूत ने बताया कि प्रदेश लघु एवं सीमांत कृषकों के लिए बाढ की स्थिति में कृषि योग्य भूमि वाले खेतों में रेत पत्थर आ जाने पर राजस्व पुस्तिका के परिपत्र 4-6 के अनुसार अब 12,200 प्रति हेक?टेयर की जगह 18 हजार रूपये प्रति हेक?टेयर प्रदान किया जायेगा । इसके अतिरिक्त भू-स्खलन अथवा नदियों द्वारा रास्ता बदलने पर भूमि के नष्ट होने पर ऐसे प्रभावित कृषकों 47 हजार प्रति हेक्टेयर के मान से कृषकों सहायक राशि दी जायेगी । इसी प्रकार पशु व पक्षी हानि के लिए गाय, ऊंट, भैंस, याक आदि के लिए अब 37 हजार 500 रूपये की सहायता दी जायेगी जबकि भेड, बकरी, सुऊर की हानि पर 4 हजार रूपये प्रदान किये जायेंगे । गैर दुधारू पशुओं जैसे बैल, भैंसा, ऊंट, घोडा आदि के लिए अब 20 हजार रूपये की आर्थिक सहायता का प्रावधान कर दिया गया है । इसके साथ ही प्राकृतिक प्रकोप के कारण प्रभावित पशुओं के अस्थाई रखरखाव के लिए बडे पशुओं के 80 रूपये प्रति दिवस एवं छोटे पशुओं के लिए 45 रूपये प्रति दिवस के मान से सहायक की जायेगी। कैबिनेट के फैसले की जानकारी देते हुए राजस्व एवं परिवहन मंत्री ने बताया कि कच्चा या पक्का मकान क्षतिग्रस्त होने पर मैदानी क्षेत्रों में निवासरत आमजन को प्रति मकान 1 लाख 20 हजार एवं पहाडी क्षेत्रों में निवासरत आमजन के लिए प्रति मकान 1 लाख 30 हजार की आर्थिक सहायता दी जायेगी।



**भोपाल। एक कार्यक्रम के दौरान मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान से सैफिया व विश्वविद्यालय छात्रसंघ भोपाल के पूर्व अध्यक्ष प्रदीप गुप्ता पल्ली ने सौजन्य भेंट की।**

## महाराष्ट्रीयन कुनबी समाज ने छात्रपति शिवाजी जयंती पर निकाला चल समारोह



**भोपाल।** महाराष्ट्रीयन कुनबी समाज द्वारा छात्रपति शिवाजी जयंती पर चल समारोह वल्लभ नगर से निकाला गया जो रेडक्रास के पास शिवाजी की प्रतिमा के पास समाप्त हुआ। जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे।

## दादाजी धाम मंदिर से निकाली शिव बारात



**भोपाल।** दादाजी धाम मंदिर में महाशिवरात्रि पर्व पर मंदिर के पट प्रातः 5 बजे से पूरे दिन-रात खुले रहे हजारों की संख्या में भक्तों ने दर्शन किए एवं भगवान शिवजी की बारात में बडी संख्या में भक्तगण शामिल हुए महिलाओं एवं पुरुषों ने अर्धनारीश्वर भगवान की पूजन। विभिन्न क्षेत्रों के भक्तों ने भगवान के दर्शन किए और बारात में शामिल होते गए। दादाजी धाम मंदिर में स्थापित भगवान शिवजी माता पार्वती अर्धनारीश्वर भगवान का विशेष श्रृंगार किया गया ।बारात में वर्धमान कॉलोनी एवं पटेल नगर क्षेत्र के सभी भक्तों ने झूम झूम कर नृत्य किया सभी भक्तों ने मंदिर की आरती शामिल हुए बाद में साबूदाने की खिचड़ी का एवं ठंडाई का प्रसाद वितरण किया गया। रात्रि में चारों प्रहर मैं भक्तों द्वारा अभिषेक किया गया।

## दुर्गा नगर शिव मंदिर में भंडारे का आयोजन



**भोपाल।** दुर्गानगर शिव मंदिर में शिवजी का श्रृंगार किया गया महाशिवरात्रि पर बाल युवाओं ने के अध्यक्ष पीयूष सेठी ने भंडारे का आयोजन किया आज सुबह से ही दुर्गा नगर शिव मंदिर में पूजा करने वालों का श्रद्धालुओं का आना जाना सुबह से ही शुरू हो गया था पीयूष शेट्टी ने बताया कि इस मंदिर का रोज सुबह उठते ही पूजा अर्चना करते हैं और जब से उन्हें अपना इस घर बनाया है शिव मंदिर के बाजू में जब से वह मंदिर की सेवा में लग गए हैं एक पुजारी के रूप में रोज पीयूसीएटी कार्य करते हैं उनके साथ उनके फादर मोनू सेठी भी पूरा सहयोग करते हैं बच्चे के साथ रोज मंदिर को दुलमाना और मंदिर के पूजा अर्चना और अपना शिवलिंग की सफाई करना और बच्चों द्वारा रोज इसकी सफाई की जाती है और इस मंदिर के मंदिर का जीवन उद्धार कर आने वाले रघु रैकवार द्वारा भी इस मंदिर में पूरा सहयोग बच्चों के लिए किया जाता है और 1 सालों से शिव बारात निकाली जाती थी कोविड-19 के बाद अब यह पहला कार्यक्रम बच्चों द्वारा इस मंदिर में शुरुआत की गई है अब इस साल से हर कार्यक्रम मंदिर में किए जाएंगे इस मौके पर मोनू सेठी ने

## 5 मार्च से लाडली बहना योजना के फार्म भरे जायेंगे

**भोपाल** । मध्यप्रदेश में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा पांच मार्च से लाडली बहना योजना शुरू की जा रही है। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान 5 मार्च को समारोह पूर्वक इस योजना का शुभारंभ करेंगे। इसी दिन से पात्र महिलाओं के आवेदन पत्र दर्ज करने की प्रक्रिया आरंभ होगी। सभी वर्गों की महिलाएं इस योजना के लिए पत्र हैं। जो महिला आयकर दाता नहीं है वह इस योजना के लिए पात्र है। जिस परिवार के पास 5 एकड़ से कम जमीन है उसकी भी सभी विवाहित तथा अविवाहित महिलाएं योजना के लिए पात्र होंगी।

## दुष्यंत कुमार स्मारक पांडुलिपि संग्रहालय के निदेशक राजुरकर राज की श्रद्धांजलि सभा में पहुंचे सैकड़ों साहित्यकार कलाधर्मी

सांध्य प्रकाश संवाददाता भोपाल



राजुरकर राज व्यक्ति नहीं संस्था थे ,उनका हमारे बीच से जाना एक ऐंसा शून्य पैदा कर गया जिसे कभी नहीं भरा जा सकता ,कुछ इस तरह के उदगार थे राजधानी के साहित्यकारों कलाकारों संस्कृतिधर्मियों के। इस अवसर पर अपनी श्रद्धांजलि देते हुए रवीन्द्रनाथ टैगोर विश्वविद्यालय के कुलाधिपति वरिष्ठ कथाकार उपन्यासकार श्री सन्तोष चौबे ने कहा कि राजुरकर साहित्य में किसी भी तरह के वाद और विचारधारा विशेष के पैरोकार नहीं थे ,वे जो भी अच्छा सृजक था उसे संग्रहालय से जोड़ते उसे सम्मानित करते उनमें लोगों को पहचानने उन्हें अपना बनाने की अनूठी क्षमता थी। संग्रहालय के अध्यक्ष श्री रामराव वामनकर ने अपने श्रद्धासुमन प्रकट करते हुए कहा कि एक छोटी सी जगह से निकलकर राजुरकर ने अपनी प्रतिभा और संघर्ष के बल पर राजधानी ही नहीं अपितु अपने देश विदेश में भी अपनी और संग्रहालय की महत्वपूर्ण पहचान बनाइ। इस अवसर पर ग़ज़लकार आलोक त्यागी ने कहा कि जिद जोश और जुनून का दूसरा नाम राजुरकर था उन्होंने जो एक बार ठान लिया वह काम पूरा करके ही चैन लेते थे। इस अवसर पर अपनी विनम्र श्रद्धांजलि प्रकट करते हुए साहित्यकार घनश्याम मैथिल अमृत ने कहा कि राजुरकर ने लम्बी भले नहीं पर एक महत्वपूर्ण उम्र पाई जिसमें वे संग्रहालय की स्थापना के माध्यम से ऐंसा काम कर गए जिससे वे सदैव युगों युगों तक हमारे बीच जीवित रहेंगे। डॉ रामवल्लभ आचार्य ने राजुरकर राज को एक सच्चा साहित्य सेवी बताते हुए उनके महत्वपूर्ण अवदान को रेखांकित किया। वनमाली सृजन पीठ के अध्यक्ष कथाकार मुकेश वर्मा ने कहा कि राजुरकर ने साहित्य एवम कला के क्षेत्र में दूसरे लोगों को मंच एवम सम्मान प्रदान किया यह साहस कम ही लोगों में होता है। इस अवसर पर जया आर्य ने भी उनके आकाशवाणी की सेवाकाल को स्मरण करते हुए श्रद्धासुमन अर्पित किए। इस अवसर शैलेन्द्र शैली ने कहा कि राजुरकर राज ने साहित्यकारों कलाकारों को। एक नई ज़मीन नई पहचान दी उनमें नायक का भाव जगाया। कार्यक्रम में लज्जाशंकर हरदेनिया, विशाखा राजुरकर, नरेंद्र दीपक, संगीता राजुरकर,राजेश भट्ट ने भी अपने श्रद्धासुमन अर्पित किए। कार्यक्रम का संचालन विमल भंडारी ने किया ,कार्यक्रम में उपस्थितजनों ने दो मिनिट का मौन रख राजुरकर राज के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें अपने श्रद्धासुमन अर्पित किए। इस अवसर पर अशोक निर्मल,मिथलेश वामनकर,देवेंद्र कुमार जैन, अशोक बुलानी,डॉ जवाहर कर्नावट, गोकुल सोनी,कांता राय,अशोक मनवानी,विनोद नागर ,सुनील दुबे,जगदीश प्रसाद कौशल,डॉ क्षमा पांडेय , ऋषि श्रृंगारी, विनोद नागर,कैलाश आदमी, किशन तिवारी, बलराम धाकड़, महेश सक्सेना,अशेष श्रीवास्तव,मृदुल त्यागी, मुज़फ्फर इकबाल सिद्दीकी,सीमा हरि शर्मा,डॉ मौसमी परिहार,डॉ प्रीति प्रवीण,बिहारीलाल सोनी सहित अनेक साहित्यकार उपस्थित ।

## वाणिज्यिक कर विभाग की लोक सूचना अधिकारी, असिस्टेंट कमिश्नर भावना शर्मा पर कार्यवाही

सांध्य प्रकाश संवाददाता भोपाल

मध्यप्रदेश राज्य सूचना आयुक्त राहुल सिंह ने एक अहम निर्णय में अधिकारी और कर्मचारी के नियुक्ति पत्र और उसकी पदस्थापना की जानकारी को ऋक्चढ्ढ अधिनियम के अधीन करार दिया है। जानकारी को गलत ढंग से रोकने के लिए सिंह ने वाणिज्यिक कर विभाग की लोक सूचना अधिकारी, असिस्टेंट कमिश्नर भावना शर्मा के विरुद्ध ना केवल ?10000 का जुर्माना लगाया है बल्कि यह भी स्पष्ट किया है कि शासकीय सेवा में नियुक्ति की प्रक्रिया पारदर्शी होने के लिए यह बेहद जरूरी है की नियुक्ति की जानकारी RTI के तहत दी जाए।

**वाणिज्यिक कर विभाग का पहले जानकारी देने से इंकार:** सतना के आरटीआई आवेदक विकास मिश्रा ने एक आरटीआई लगाकर वाणिज्यिक कर विभाग सतना में कार्यरत एक कर्मचारी गजेंद्र मिश्रा की नियुक्ति पत्र एवं पदस्थापना की जानकारी मांगी। पर विभाग में कार्यरत भावना शर्मा लोक सूचना अधिकारी असिस्टेंट कमिश्नर वाणिज्यिक कर ने गजेंद्र मिश्रा से जानकारी नहीं देने के लिए आपत्ति बुला करके इस आधार पर जानकारी देने से मना कर दिया कि चाही गई जानकारी गजेंद्र मिश्रा की व्यक्तिगत जानकारी है। बाद मामला प्रथम अपील में विभाग के ही संभागीय उपायुक्त के पास पहुंचा उपायुक्त ने प्रकरण में जानकारी देने के आदेश जारी कर दिए। पर इस आदेश के बावजूद भी लोक सूचना अधिकारी ने जानकारी नहीं दी।

**पहली बार मात्र 2 दिन में हुई पूरी सुनवाई:** जिस अधिकारी गजेंद्र मिश्रा की जानकारी मांगी गई थी उसने प्रथम अपीलीय अधिकारी के आदेश के विरुद्ध जानकारी नहीं देने के लिए राज्य सूचना आयुक्त राहुल सिंह के समक्ष एक अर्जेंट द्वितीय अपील दायर कर दी। वही जानकारी मांगने वाला पक्ष भी राज्य सूचना आयोग के समक्ष जानकारी देने की गुहार लेकर पहुंच गया। अर्जेंट हियरिंग के आवेदन पर तुरंत सुनवाई करते हुए राज्य सूचना आयुक्त राहुल सिंह ने अपील आने की दिन पर ही प्रथम अपीलीय अधिकारी के आदेश के क्रियान्वयन पर स्टे आर्डर जारी कर दिया।

# एम्स ने टीबी संक्रमित पांच मरीजों को गोद लिया

सांध्य प्रकाश संवाददाता भोपाल

यह कोई रहस्यस नहीं है कि भारत में टी.बी से संक्रमित लोगों की संख्यान दुनिया में सबसे अधिक है । वर्षों से हम समाज में टी.बी. और उस से होने वाले प्रभावों से जूझ रहे हैं, परंतु अब इस बीमारी को खत्म करने के लिए ऐसी होड लगी है जो पहले कभी नहीं थी । हम सभी जानते हैं कि इसकी मुख्ये पहल भारत के माननीय प्रधानमंत्री द्वारा की गई है । जिन्होंने 2025 तक भारत को टी.बी. मुक्तु बनाने का प्रण लिया है । स्वादस्य् ह मंत्रालय, नेशनल टी.बी. ईलिमिनेशन प्रोग्राम (एनटीईपी) के अंतर्गत यह सबको प्रोत्साहित करता है कि वे टीबी मित्र बनकर रोगियों को गोद लें, जिसके अंतर्गत वह टी.बी. मरीजों को व्योवसायिक प्रशिक्षण दें और उनके छ्ञ् माह के पोषण की जिम्मेतदारी उठाएं । इसी योजना के तहत अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थोन, भोपाल में 17 फरवरी 2023 को एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें कैनरा बैंक और एम्स भोपाल की तरफ से पांच-पांच मरीजों को गोद लिया गया एवं उनके पोषण आपूर्ति का जिम्मीा उठाया गया । इस अवसर पर एम्सा भोपाल की ओर से कार्यपालक निदेशक प्रोफेसर डॉ अजय सिंह, उपनिदेशक प्रशासन कर्नल डॉ अजीत कुमार, चिकित्सास अधीक्षक प्रोफेसर डॉ मनीषा श्रीवास्त व ने भाग लिया । वहीं श्री विक्रम दुग्ग ल (कैनरा बैंक), प्रोफेसर मनोज टोपो (एसी.टी.एफ चैयरपर्सन) , डॉक्टनर वर्षा राय (एसटीओ) एवं श्री मनोज वर्मा (डीटीओ) स्टेईट टीबी सैल की ओर से उपस्थित हुए । इस अवसर पर प्रोफेसर अजय सिंह ने टीबी मुक्तफ भारत में एम्सा भोपाल की ओर से अपनी प्रतिबद्धता जाहिर की और यह ऐलान किया कि अगले कुछ समय में ऐम्सट भोपाल पच्चा स और रोगियों को गोद लेगा एवं उन्की पोषण आपूर्ति का जिम्माक उठाएगा । वहीं उन्होंलने इस बात पर भी बल दिया कि एम्स भोपाल और स्टेवट टी.बी. सेल के अधिकारी टीबी मुक्त भारत के कार्य में मिलकर सहयोग करें और दूरदराज के इलाकों में यह सुनिश्चित करें कि कोई भी टीबी का मरीज चाहे वह फैफडे की टीबी हो या हड्डियों की या किसी अन्य प्रकार की, तत्कााल इलाज से रहित ना रह जाए। कैंनरा बैंक की तरफ से श्री विक्रम दुग्गिल ने सबको संबोधित करते हुए कहा कि बैंक ऐसी अन्या गतिविधियों के लिए भी तत्पंर है एवं एम्सि के साथ मिलकर कार्य करने में इच्छुबक है । स्टेवट टीबी सेल की ओर से प्रोफेसर मंजू टोपो एवं डॉक्टीर वर्षा राय ने कैंनरा बैंक और एम्सथ भोपाल की प्रशंसा करते हुए कहा कि वह हर तरह से सहयोग के लिए तैयार हैं एवं एम्सव के साथ मिलकर मध्य प्रदेश में टी.बी. को समाप्त करने के लिए पूरी कोशिश करेंगे । अंत में प्रोफेसर मनीषा श्रीवास्तवव ने सभी का धन्य वाद देते हुए कहा कि वह एम्सप भोपाल प्रांगण के अंदर ज्यानदा से ज्या दा डॉक्टअर व स्टााफ को टीबी मित्र बनाएंगे, ताकि सभी लोग इन मरीजों के जल्दं से जल्दश ठीक होने में अपना-अपना योगदान दे सकें ।



स म्पा द की य

# नीतीश कुमार और विपक्षी एकता

लोकसभा चुनाव जैसे-जैसे क़रीब आ रहे हैं, विपक्षी एकता की बात फिर चलने लगी है। एक ओर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हैं तो दूसरी ओर विपक्ष को नेतृत्व की तलाश है। भाजपा का पलड़ा इसी के चलते भारी हो जाता है, क्योंकि विपक्ष में न केवल एकता की कमी है, अपितु वहां नेतृत्व को लेकर एक तरह से जंग छिड़ जाती है। नीतीश कुमार विपक्षी खेमे के अगुआ बनने की सोच रहे हैं। हालाँकि वे कई बार कह चुके हैं कि मैं प्रधानमंत्री पद की होड़ में नहीं हूं, लेकिन कोई मानने को तैयार नहीं है।

देखा जाए तो बिहार का नेतृत्व कर रहे नीतीश कुमार की शर्त ही कुछ अजीब है। एक तरफ़ वे कहते हैं- मैं पद की होड़ में हूँ। दूसरी तरफ वे कहते हैं राहुल गांधी प्रधानमंत्री बनें तो हमें कोई हर्ज नहीं है। तीसरी तरफ कहते हैं- चुनाव के पहले नेता का नाम घोषित नहीं करेंगे। चुनाव बाद मिल-बैठकर फ़ैसला करेंगे।

कांग्रेस के साथ ही और भी दल इसका मतलब समझ नहीं पा रहे हैं। कांग्रेस का मानना है कि चुनाव बाद नीतीश कुमार बदल जाएँगे। जैसे एक बार चंद्रशेखर के साथ हुआ था। चंद्रशेखर प्रधानमंत्री बनना चाहते थे। चौधरी देवीलाल ने चंद्रशेखर को विश्वास दिलाया कि नेता आपको ही चुना जाएगा। मीटिंग में चौधरी देवीलाल को नेता चुनने का अधिकार दे दिया गया। उन्होंने विश्वनाथ प्रताप सिंह को नेता चुनने का प्रस्ताव रख दिया। चंद्रशेखर के सिवाय बाक़ी ज़्यादातर ने उनका समर्थन कर दिया।

जहां तक नीतीश कुमार की बात है तो उनके मन में क्या है, ये तो वही जानें लेकिन प्रधानमंत्री पद की होड़ में वे नहीं है, यह बात कोई भी मानने को तैयार नहीं है। गाहे-बगाहे वो अपनी मंशा जाहिर कर ही देते हैं। यही वजह है कि जब वे दिल्ली गए तो सोनिया गांधी ने उन्हें मिलने का वक्त ही नहीं दिया था। नीतीश का कहना है कि बात कांग्रेस की तरफ़ से अटकी हुई है। कांग्रेस आगे आए तो विपक्षी एकता की बात बने। इसी धुन में शनिवार को एक समारोह में नीतीश बोल गए कि विपक्ष एक हो जाए तो भाजपा सौ सीटों के अंदर आ जाएगी। सौ सीटों के अंदर आने की बात सुनकर भाजपा वाले आग-बबूला हो रहे हैं।

रविशंकर प्रसाद कह रहे हैं कि बिहार तो नीतीश से संभलता नहीं, देश क्या ख़ाक सँभालेंगे? भाजपा का कहना है कि नीतीश दरअसल, देवगौडा या गुजराल बनने की ताक में हैं। वैसे प्रधानमंत्री पद कुछ ऐसा है कि एक अनार, सौ बीमार वाले हाल हो रहे हैं। तेलंगाना वाले चंद्रशेखर राव भी भविष्य में बेटे को सीएम बनाकर प्रधानमंत्री बनने के सपने देखने लगे हैं। इसी के चलते उन्होंने अपनी पार्टी तेलंगाना राष्ट्र समिति का नाम बदलकर भारत राष्ट्र समिति कर दिया। यही नहीं, विपक्षी नेताओं का एक कार्यक्रम भी आयोजित कर डाला। उधर ममता बनर्जी ने अब तक अपने पत्ते नहीं खोले हैं। हो सकता है निकट भविष्य में वे भी कोई धमाका करें। बहरहाल, नीतीश कुमार और भाजपा के बीच शाब्दिक युद्ध जारी है। ममता बनर्जी कांग्रेस के नेतृत्व को लेकर स्पष्ट नहीं हैं, तो दूसरी ओर अरविन्द केजरीवाल कांग्रेस को ही झटका देते आ रहे हैं। चाहे पंजाब हो या गुजरात, उन्होंने कांग्रेस के ही वोट काटे हैं और इससे भाजपा को सीधे सीधे लाभ पहुंचा है।

फिर भी केजरीवाल संकट में हैं। उनकी सरकार पर घेराबंदी चल रही है और उनके नेताओं की बात करें तो कोई आयकर-ईडी के घेरे में है तो कोई सीबीआई के शिकंजे में। फिर भी केजरीवाल विपक्षी एकता की बात कर ही रहे हैं। अभी चुनाव थोड़ा दूर हैं और भाजपा सधी हुई चालों से अपनी रणनीति में परिवर्तन भी कर रही है और विपक्षी एकता को ध्वस्त करने में सफल भी होती दिख रही है। विपक्ष को लगातार कमजोर करना भी उसका एक लक्ष्य है वह पूरा भी होता दिख रहा है।

Vallabh Bhawan Corridors 2 Central Vista

# नहीं आए मोहन भागवत, मंत्रियों ने ली चैन की सांस

**सुरेश तिवारी**

संघ प्रमुख डॉ मोहन भागवत के भोपाल आने को लेकर पिछले तीन दिनों से भारी हंगामा था। राजनीति की सारी मशीनें भागवत की इस यात्रा को लेकर नए-नए खबरी व्यंजन बनाने में लगे थे। कहा गया था कि 19 फ़रवरी को मोहन भागवत भोपाल आएंगे और सभी मंत्रियों से वन-टू-वन बातचीत करेंगे। यह पूरी मुलाकात अति गोपनीय होगी! लेकिन, जब मोहन भागवत ही भोपाल नहीं आए तो सारी कवायद ध्वस्त हो गई।

जबकि, सभी मंत्रियों को विकास यात्रा छोड़कर 19 फरवरी की सुबह 9 बजे से रात 9 बजे तक भोपाल में मौजूद रहने की सख्त हिदायत दी गई थी। मंत्रियों को भी घबराहट थी कि आखिर क्या होने वाला है! भागवत की क्लास नहीं लगी तो निश्चित रूप से मंत्रियों ने चैन की सांस ली होगी। डॉ मोहन भागवत बजाए भोपाल आने से उज्जैन चले गए और अब 3 दिन वही रहेंगे। उनका भोपाल आना कैंसिल होना उज्जैन जाना, यह भी किसी नए कयास का विषय तो है।

**भाजपा नेता ही विकास यात्रा में पलीता लगा रहे:** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान और उनके मंत्रिमंडल के सदस्य विकास यात्रा को लेकर लगातार दौरे कर रहे हैं।अगर मुख्यमंत्री की मानें तो इसके सफल परिणाम भी सामने आ रहे हैं लेकिन दूसरी और ऐसे दृश्य भी सामने आ रहे हैं जिसमें उनके ही कार्यकर्ता इस विकास यात्रा को पलीता लगाने में कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं।


कई जगह भाजपा के नेता खुद इस यात्रा को मजाक बनाते दिखाई दे रहे हैं। कहीं सांप नचाने के लिए बीन बजाई जा रही है, कहीं नेता खुद बेड़नियां नचा रहे हैं। कहीं खुद नाच रहे हैं। ग्वालियर इलाके के ज्योतिरादित्य सिंधिया समर्थक और कैबिनेट मंत्री का दर्जा प्राप्त जसवंत जाटव ने तो खुद ही विकास यात्रा में सिस्टम की पोल खोल दी। उन्होंने कहा कि उनके क्षेत्र में बगैर रिश्वत कोई काम नहीं होता।

जसवंत जाटव ने संबोधित करते हुए कहा कि तहसीलदार हो, एसडीएम हो और इनके नीचे आरआई और पटवारी, हमारी दोनों तहसील में कोई भी नामांतरण, कोई भी बंटवारा बिना सुविधा शुल्क के नहीं हो रहा। मेरे क्षेत्र के लोग आरआई और पटवारियों के सामने गिड़गिड़ाते हैं, जैसे वे भीख मांग रहे हों। यह भ्रष्टाचार बंद होना चाहिए और जिसको भ्रष्टाचार पसंद है वो यहां से ट्रांसफर करा लें। ये तो हुआ विकास यात्रा का एक पक्ष!

दूसरा पक्ष ये है कि धार जिले के एक पूर्व भाजपा विधायक वेलसिंह भूरिया विकास यात्रा में आने वालों को धमकाने का कोई मौका नहीं चूक रहे! उन्होंने सुल्तानपुर में एक व्यक्ति को इसलिए बाहर भगा दिया, क्योकि वो उनसे बहस कर रहा था। इसके बाद कजरौटा में विकास यात्रा के दौरान भी इस पूर्व विधायक का लोगों को धमकाने वाला वीडियो सामने आया।

मंच से ही पूर्व विधायक वेलसिंह भूरिया लोगों को बुलाते नजर आए। इस बीच एक व्यक्ति ने सीएम के वादे की बात दिलाई और कहा कि वो कब पूरा होगा! तो पूर्व भाजपा विधायक भूरिया कहते दिखाई देते हैं कि 'पक्का सारे वाले पूरे करेंगे, पर तेरे कहने से नहीं करेंगे! तुम बैठ जाओ ज्मैं बोल रहा हूं तू बैठ जा उसी में भलाई है।' अब ये बात अलग है कि वो व्यक्ति बैठा या नहीं, पर सुनने वाले जरूर नाराज हो गए! यह सब दृश्यों के बाद अब मुख्यमंत्री को देखना होगा कि विकास यात्रा जिस उद्देश्य और लक्ष्य को लेकर की जा रही है कहीं उसे भटक ना जाए।





**वरिष्ठ आईएएस पर कार्रवाई के लिए राज्यपाल को पत्र:** लोकायुक्त ने सीनियर आईएएस अधिकारी अनिरुद्ध मुखर्जी के खिलाफ कार्रवाई की अनुशंसा की है। लोकायुक्त ने राज्यपाल मंगू भाई पटेल को इस बारे में पत्र भी लिखा है। उन पर उज्जैन की दताना-मताना हवाई पट्टी के मेंटेनेंस में गड़बड़ी का आरोप है। उन पर यह भी आरोप है कि उन्होंने रिटायर्ड आईएएस अधिकारी और इस मामले में आरोपी कवींद्र कियावत की याचिका पर हाईकोर्ट में जवाब देते समय राज्य सरकार के हितों की अनदेखी की। इससे लोकायुक्त के काम पर असर पड़ा।

अनिरुद्ध मुखर्जी लोक संपत्ति प्रबंधन विभाग के प्रमुख सचिव हैं। लोकायुक्त ने राज्यपाल को लिखे पत्र में उल्लेख किया है कि उन्होंने हाईकोर्ट में जवाब दाखिल करते समय राज्य सरकार के हितों की अनदेखी की, बल्कि उनके जवाब से सरकार की स्थिति भी कमजोर हुई। लोकायुक्त संगठन से जुड़े एक अफसर के मुताबिक याचिकाकर्ता (कवींद्र कियावत) को लोकायुक्त की विशेष स्थापना पुलिस (एसपीई) ने एफआईआर में आरोपी बनाया है।

अक्टूबर 2020 में मध्यप्रदेश हाईकोर्ट ने रिटायर्ड आईएएस अफसर और इस मामले में आरोपी कवींद्र कियावत की याचिका खारिज कर दी थी। कियावत ने उनके खिलाफ उज्जैन की हवाई पट्टी के मेंटेनेंस घोटाले के मामले में दर्ज एफआईआर को रद्द करने की मांग की थी। कोर्ट ने जांच एजेंसी को जल्द से जल्द जांच पूरी करने को कहा था। उस समय मुखर्जी प्रमुख सचिव थे और उन्होंने ही राज्य सरकार की और से हाईकोर्ट के नोटिस का जवाब दिया था। कियावत उन पांच आईएएस अधिकारियों में से एक हैं, जिनके खिलाफ लोकायुक्त ने केस दर्ज किया है।

**उमा भारती के कारण गले की हड्डी बनी, नई शराब नीति:** नई शराब नीति को लेकर उमा भारती के



सुझाव अब रंग लाने लगे। अभी तक सरकार उमा भारती के सुझाव पर कान नहीं धर रही थी, पर अब स्थिति बदलने लगी। शायद इसलिए कि पूर्व मुख्यमंत्री के सुझाव को संघ का भी समर्थन मिलने की ख़बरें हैं। कैबिनेट में बात हुई कि प्रदेश में अब शराब दुकानों अहाते बंद होंगे। यानी अब वहीं बैठकर शराब पीना बंद होगा। दुकानों से शराब की बिक्री तो होगी, लेकिन वहां बैठकर पीने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

ये निर्णय रविवार को हुई शिवराज कैबिनेट की बैठक में लिया गया। बैठक में नई शराब नीति पर चर्चा की गई। इसमें अहम फैसले भी लिए गए। बैठक में तय किया गया कि अब धार्मिक और शैक्षणिक संस्थाओं, गर्ल्स स्कूल, गर्ल्स कॉलेज, हॉस्टल से शराब दुकान की दूरी 50 से बढ़ाकर 100 मीटर करने का प्रस्ताव भी मंजूर कर लिया गया।

सरकार के मूड में बदलाव का सबसे बड़ा कारण मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान की नागपुर यात्रा को माना जा रहा है। अभी तक अचानक हुई उस यात्रा को लेकर कयास ही लगाए जा रहे थे, पर अब तय हो गया कि उमा भारती के मुद्दे पर ही मुख्यमंत्री की नागपुर यात्रा हुई थी।

पूर्व मुख्यमंत्री उमा भारती ने नई आबकारी नीति पर सरकार को जो 6 सुझाव दिए हैं। वो सरकार के गले की हड्डी बन गए। इसलिए कि अब उमा भारती अकेली नहीं हैं, पता चला है कि उन्हें संघ का भी समर्थन मिल रहा है। पूर्व मुख्यमंत्री उमा भारती ने जो सुझाव दिए उनमें स्कूल, कॉलेज और धार्मिक स्थलों से शराब की दुकानें कम आधा किलोमीटर दूर खोले जाने की बात कही गई है। उमा भारती के उठाए ज्यादातर मुद्दों को लेकर सरकार सहमत है और उसे अपनी नीति में शामिल करने को राजी भी हो गई।

यही वजह है कि दो हफ्ते से सरकार नई शराब नीति को कैबिनेट में लाने में हिचकिचा रही है। सरकार आबकारी नीति की घोषणा के बाद उठे उमा भारती के विरोध को लेकर ज्यादा ही चिंतित है। अब उनके इस विरोध को संघ का साथ मिलने से सरकार की चिंता बढ़ गई। क्योंकि, चिंता का सबसे बड़ा कारण सरकार राजस्व को होने वाला बड़ा नुकसान है। सरकार को नई आबकारी नीति से 14 हजार करोड़ की आय होने का अंदाजा था, पर यदि उमा भारती के सभी सुझावों को माना जाता है, तो सरकार को 25 से 30 फीसदी का नुकसान होना तय है। अब सरकार उमा भारती की बात माने या घाटा सहने को तैयार रहे, ये फैसला होना बाकी है।

**220 सीनियर तहसीलदार बनेंगे कार्यवाहक डिप्टी कलेक्टर:** सरकार 220 सीनियर तहसीलदारों को कार्यवाहक डिप्टी कलेक्टर बनाने जा रही है। अभी ये दौड़ में है, पर ठिकाने पर नहीं पहुंची। संभवत 25 फरवरी के बाद ये लिस्ट बाहर आ सकती है। ये वे तहसीलदार हैं जो सात साल से प्रमोशन के इंतजार में है। 1999 से 2008 के बीच वाले तहसीलदार इस क्राइटेरिया में है। लेकिन, जिन तहसीलदारों की डिपार्टमेंटल इन्क्वारी चल रही है, वे डिप्टी कलेक्टर नहीं बन सकेंगे।

साथ में 173 नायब तहसीलदारों को भी तहसीलदार का प्रभार दिए जाने की तैयारी है। 1999 से 2008 के बीच पीएससी से नायब तहसीलदारों की भर्ती की गई थी, लेकिन अभी तक उन्हें प्रमोशन नहीं मिला। यदि नियमानुसार प्रमोशन होता वे दो बार प्रमोट हो जाते। उनमें से कुछ ज्वाइंट कलेक्टर भी बन चुके होते, लेकिन पदोन्नति रुकने के कारण वे डिप्टी कलेक्टर भी नहीं बन पाए।

पिछले एक साल से मध्य प्रदेश राजस्व अधिकारी संघ की मांग है कि पुलिस विभाग की तर्ज पर तहसीलदारों को भी प्रमोशन दिया जाए। इसे लेकर हर तरफ गुहार लगाई जा चुकी है। सरकार के स्तर पर अब प्रक्रिया शुरू हुई। पर अभी जीएडी (सामान्य प्रशासन विभाग) में फाइल दौड़ रही है। 1999 से 2008 के बीच जो नायब तहसीलदार बने और फिर तहसीलदार के पद पर पदोन्नत हुए, पर उन्हें प्रमोशन नहीं मिला। उन तहसीलदारों को कार्यवाहक डिप्टी कलेक्टर नहीं बनाया जाएगा, जिन पर जांच चल रही हो। यानि, ऐसे तहसीलदारों को अभी और इंतजार करना होगा।

**पीएससी पर पूर्व आईएएस अधिकारी ने उंगली उठाई:** पूर्व आईएएस आधिकारी ओपी चौधरी और छत्तीसगढ़ के भाजपा के प्रदेश महामंत्री ने राज्य पीएससी की स्तरहीनता और अप्रासंगिक सवाल पूछे जाने पर आपत्ति उठाई है। उन्होंने छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग (पीएससी) की प्रारंभिक परीक्षा में पूछे गए सवाल को अनुचित बताया। ओपी चौधरी ने कहा कि पीएससी की की प्रारंभिक परीक्षा में पूछे कुछ सवालों में जो विकल्प दिए गए, वो सही नहीं थे। कुछ सवालों के विकल्प में 200 सालों का अंतर था।

चौधरी ने कहा कि की स्तरहीन और अप्रासंगिक सवालों को पूछकर भ्रष्टाचार की स्थिति को पीएससी में निर्मित किया जा रहा है। राज्य में पीएससी ने भ्रष्टाचार, स्तरहीनता की पराकाष्ठा को पार कर लिया। यह गांव-गांव से आए बच्चों और उनके परिजनों के साथ अन्याय है। पूर्व आईएएस ने आरोप लगाया कि जब देश के दूसरे राज्य पीएससी के स्टैंडर्ड को मैच करके अपनी क्वालिटी और पारदर्शिता में सुधार ला रहे हैं। लेकिन, दुर्भाग्य की बात है कि छत्तीसगढ़ में भ्रष्टाचार और स्तरहीन की स्थिति निर्मित हो रही है।

**अफसरों की कमी से जूझ रहा जी 20 सचिवालय:** भारत में जी 20 के क्षेत्रीय सम्मेलन और बैठकों का दौर इन दिनों काफी चल रहा है। लेकिन जी 20 सचिवालय अफसरों की कमी से जूझ रहा है। हाल ही में 12 इन्कम टैक्स सेवा के अधिकारीयों की पोस्टिंग की गयी है। लेकिन सचिवालय को अभी और अफसरों की जरूरत है। यहां अफसरों की डेपुटेशन पोस्टिंग अगले साल मार्च तक की जा रही है।

**अवकाश बाद क्या संसद का सत्र नये भवन में शुरू होगा:** हालांकि संसद का बजट सत्र जारी है और लगभग एक माह बाद सत्र फिर से शुरू होगा। लेकिन मुख्य प्रश्न यह है कि अवकाश बाद सत्र क्या नये भवन में शुरू होगा? यह प्रश्न इसलिए उठ रहा है कि लोकसभा अध्यक्ष पिछले साल गर्मियों में कह चुके थे कि बजट सत्र नये भवन मे शुरू होने की संभावना है। भवन की साज सज्जा तथा अन्य कार्य तेजी से चल रहे हैं। अब सबकी नजरें सरकारी घोषणा की ओर है।

**डॉ मनोहर अगनानी को लेकर मीडियावाला की खबर पर लगी मुहर:** भारतीय प्रशासनिक सेवा के हाल ही में वीआरएस लेने वाले अधिकारी मध्य प्रदेश केडर के डॉ मनोहर अगनानी के बारे में हमने इसी कॉलम में लिखा था कि वे किसी बड़े कारपोरेट घराने में ज्वाइन करेंगे। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार अगनानी के देश के अग्रणी और सुप्रसिद्ध कारपोरेट घराने विप्रो में ज्वाइन करने की खबरें आ रही है।

# भाजपा में शिवराज-गोपाल बन गए आइडियल

**दिनेश निगम 'त्यागी'**

भाजपा नेतृत्व की पूरी रणनीति इस बात पर केंद्रित है कि कैसे पार्टी का वोट शेयर 50 फीसदी से ज्यादा हो। इसके लिए हर नुख्शा आजमाया जा रहा है। पार्टी में अब ऐसे नेताओं की तलाश की जा रही है जो पहले से ही 50 फीसदी से ज्यादा वोट हासिल करते रहे हैं। इनमें मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान और पीडब्ल्यूडी मंत्री गोपाल भार्गव आइडियल नेता के तौर पर उभरे हैं। विधानसभा के 5 चुनाव में इन दोनों को अपने क्षत्रों में औसतन 50 फीसदी से ज्यादा वोट मिले हैं। इनमें गोपाल भार्गव अव्वल हैं। इन्हें चुनाव में 58.03 फीसदी वोट मिले।

दूसरे नंबर पर शिवराज ने लगभग 53 फीसदी वोट हासिल किए। भाजपा इन्हें आइडियल मानकर इनकी तर्ज पर विधानसभा के अन्य क्षेत्रों में 50 फीसदी से ज्यादा वोट हासिल करने की रणनीति बनाएगी। योजना सफल रही तो इसे देश के अन्य हिस्सों में लागू किया जाएगा। शिवराज और भार्गव से इसके लिए आइडियाज लिए जाएंगे। मंत्रिमंडल के दो सदस्यों यशोधरा राजे सिंधिया और विश्वास सारंग को भी औसतन 50 फीसदी से ज्यादा वोट मिले हैं। इन दोनों का उपयोग भी किया जा सकता है। शिवराज के 1993 में तत्कालीन मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह के खिलाफ राघौगढ़ से लड़े चुनाव को छोड़ दें तो ये कभी चुनाव भी नहीं हारे हैं। भार्गव लगातार अजेय हैं, इसलिए भी ये भाजपा के लिए आइडियल हैं।

**फिर भी दिग्विजय को इग्नोर कर पाना मुश्किल**

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता दिग्विजय सिंह अलग स्टाइल के नेता हैं। भाजपा उन्हें लेकर दो तरह से वोट बटोरने की कोशिश करती है। पहला, उनके कार्यकाल में सड़कों एवं बिजली की स्थिति की याद दिलाकर और दूसरा, उनके मुस्लिमपरस्त बयानों के जरिए हिंदुओं को लामबंद कर। कांग्रेस का एक खेमा मानता है कि दिग्विजय के कारण पार्टी को नुकसान होता है। उनके जाने मात्र से पार्टी को हिंदू वोटों का नुकसान होता है। बावजूद इसके दिग्विजय ऐसी सख्शियत हैं, जिन्हें इग्नोर कर पाना मुश्किल है। दिग्विजय चुनौतियों को स्वीकार करने के लिए भी जाने जाते हैं।

विधानसभा के इस साल प्रस्तावित चुनावों के लिए उन्होंने प्रदेश का दौरा शुरू कर दिया है। वे उन विधानसभा सीटों पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं, जहां भाजपा चार-पांच चुनावों से लगातार जीत रही है। ताकतवर मंत्री भूपेंद्र सिंह के क्षेत्र खुरई वे पहले जा चुके हैं। अब वे प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के क्षेत्र बुधनी के रेहटी पहुंचे। दिग्विजय ने प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ को बता दिया है कि वे कांग्रेस के लिए कठिन सीटों में जाएंगे और पार्टी नेताओं को एकजुट करने की कोशिश करेंगे। इसमें भला किसे ऐतराज हो सकता है? हालांकि कमलनाथ ने उन्हें प्रदेश की सभी सीटों में जाने के लिए कहा था लेकिन उन्होंने पार्टी के लिए कठिन सीटें चुनीं। इसीलिए दिग्विजय सबसे अलग हैं।



**तो क्या कांग्रेस के अच्छे दिन आने वाले हैं!**

मध्यप्रदेश में मौसम विज्ञानी नेता के तौर पर मैहर से भाजपा विधायक नारायण त्रिपाठी को गिना जाने लगा है। वे सपा, कांग्रेस और भाजपा जैसे दलों में रह चुके हैं। अपवाद छोड़ दें तो वे जिस दल में जाते हैं, चुनाव में जीत दर्ज करते हैं और उस दल की सरकार भी बनती है। अब उनका मोह भाजपा से भंग है और कांग्रेस के प्रति उमड़ रहा है। वे प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ के संपर्क में पहले से हैं, अब उन्होंने पूर्व नेता प्रतिपक्ष अजय सिंह की ओर दोस्ती का हाथ बढ़ाया है। जरिया बनाया है अजय सिंह के पिता स्वर्गीय अर्जुन सिंह की प्रतिमा को।

उनकी प्रतिमा लंबे समय से अनावरण के इंतजार में व्यापम चौराहे पर खड़ी है। त्रिपाठी प्रतिमा स्थल पहुंचे, साफ-सफाई कर माल्यार्पण किया और मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान एवं अजय सिंह से 5 मार्च को प्रतिमा का अनावरण करने की मांग की। इस दिन अर्जुन सिंह की पुण्यतिथि है। अजय को सतना में लोकसभा चुनाव के दौरान नारायण धोखा दे चुके हैं। नारायण कांग्रेस विधायक थे और चुनाव के दौरान ही पाला बदल कर भाजपा के पाले में चले गए थे। अजय को मामूली वोटों के अंतर से पराजय झेलनी पड़ी थी। अजय तब से ही नारायण से नाराज हैं और उनकी कांग्रेस में वापसी की राह में रोड़ा बने हैं। नारायण ने इस विरोध को ठंडा करने की कोशिश की है। तो क्या कांग्रेस के अच्छे दिन आने वाले हैं?

**लीक से हटे लेकिन ये क्या कह बैठे बिसेन**

कांग्रेस की तरह भाजपा में भी पार्टी के सामने मुसीबत खड़ी करने वाले नेताओं की कमी नहीं है। उमा भारती, नारायण त्रिपाठी के रुख से पहले से ही भाजपा असहज है। बीच-बीच में अजय विश्नाई जैसे नेता पार्टी को आइना दिखा देते हैं। वरिष्ठ नेता गौरीशंकर बिसेन भी चाहे जब मुसीबत मन जाते हैं। अब उन्होंने भाजपा की लाइन से अलग हटकर सरकारी कर्मचारियों की ओल्ड पेंशन स्कीम का राग छेड़ा है। कांग्रेस इसे अपने राज्यों में लागू कर रही है जबकि भाजपा इस मसले पर चुप है। बिसेन का एक बयान सुर्खियों में है।

उन्होंने कहा है कि कर्मचारियों के लिए ओल्ड पेंशन स्कीम लागू की जाना चाहिए। वे यहां तक कह गए कि मेरी यह आवाज दिल्ली तक पहुंचनी चाहिए, भले मुझे पार्टी से निकाल दो। बिसेन ने ऐसा पहली बार नहीं किया, भाजपा के लिए संकट पैदा करने वाले उनके कई वीडियो जारी हो चुके हैं। हाल के एक वायरल वीडियो में उन्होंने बालाघाट जिले में एक पार्टी कार्यकर्ता और आरटीओ की जमकर गाली-गलौज कर डाली थी। आरटीओ को तो फांसी पर लटकाने तक की धमकी दे दी थी। उनका एक और वीडियो आया जिसमें वे घोड़े पर बैठकर डांस करते नजर आ रहे थे। बिसेन की हरकतों से भाजपा असहज भले हो जाती है, लेकिन एक सच यह भी है कि बिसेन इस शैली के कारण ही अपने क्षेत्र में लोकप्रिय हैं।

**दिग्विजय-उमा को अपने अंदर झांकने की जरूरत**

दो पूर्व मुख्यमंत्री और अपनी पार्टियों के बड़े नेता दिग्विजय सिंह एवं उमा भारती अपने दलों के नेताओं से ही परेशान है। दिग्विजय ने एक इंटरव्यू में कहा कि मेरे खिलाफ मीडिया, भाजपा के साथ कांग्रेस के मेरे कुछ मित्र भी ये माहौल बनाते हैं कि दिग्विजय को मत भेजिए, इनसे वोट कट जाएंगे। लेकिन पिछले चुनाव में मैंने दौरा किया, प्रचार किया और कांग्रेस की सरकार बन गई। उन्होंने सवाल किया, अब आप ही बताइए कि वोट कटे या जुड़े।

इसी तरह भाजपा नेत्री उमा भारती ने अपने शराबंदी आंदोलन के दौरान कहा कि भाजपा का एक वर्ग फैलाता है कि मैं पद पाने के लिए शराबबंदी के मुद्दे को उठा रही हूं। इनकी आदत है मीडिया से दबाव बनवा दो, ट्रेंडिंग कर दो, ट्रोलिंग कर दो। अब हमने भी तय किया है कि ट्रेंडिंग और ट्रोलिंग पर ऐसी धूल फेकेंगे कि भागते फिरेंगे। हम भी ट्रोलिंग करेंगे। उमा यह भी कहती हैं कि मैं केंद्रीय मंत्री, मुख्यमंत्री, सांसद सहित सभी प्रमुख पदों पर रह चुकी हैं, अब प्रधानमंत्री का पद बचता है, वहां हर कोई पहुंच नहीं सकता। फिर भला मैं क्यों दबाव बनाऊंगी। सवाल है, आखिर कुछ बड़े नेताओं के खिलाफ ऐसे अभियान क्यों चलते हैं? जवाब लगभग हर कोई जानता है। दिग्विजय के बयानों से कांग्रेस को हिंदू वोट कटने का खतरा है और उमा के रुख से भाजपा ही असहज है। लिहाजा, इन नेताओं को अपने अंदर ही झांकने की जरूरत है।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक भरत पटेल द्वारा इंडिपेंडेंट प्रेस 11, प्रेस काम्प्लेक्स, एमपी नगर, जोन-1, भोपाल से मुद्रित तथा 226, एमपी नगर जोन-2, भोपाल से प्रकाशित। संपादक — भरत पटेल, प्रबंध सलाहकार — भारती पटेल, संपादकीय सलाहकार — विष्णु कौशिक, सलाहकार संपादक - स्मिता पटेल, स्थानीय संपादक —संजय सक्सेना,
प्रकाशन से संबंधित समस्त समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार। समस्त न्यायिक कार्यवाहियों के लिए क्षेत्राधिकार भोपाल न्यायालय का रहेगा। रजि. नं. भोपाल डिवी. 48 म.प्र.। ई-मेल : dspbpl67@gmail.com, वेबसाईटः dainiksandhyaprakash.in

## कॉलेज परिसर में हुआ वृहद स्तर पर पौधारोपण



बैतूल। आज पूरा विश्व ग्लोबल वार्मिंग से जूझ रहा है। इससे बचाव का एकमात्र उपाय है जंगलों की कटाई को रोकना और पौधारोपण कर उन्हें संरक्षित करना। जेएच कॉलेज में मप्र शासन उच्च शिक्षा विभाग मंत्रालय के आदेश के परिपालन में प्राचार्य डॉ.राकेश कुमार तिवारी के संरक्षण में, राष्ट्रीय सेवा योजना के जिला संगठक डॉ.सुखदेव डोंगरे के मार्गदर्शन में एनएसएस और ईको क्लब द्वारा कार्यक्रम अधिकारी शीतल खरे, ईको क्लब की संयोजक डॉ.अल्का पांडे, वरिष्ठ एनएसएस स्वयंसवेक प्रवीण परिहार, दिपाली पांडे की उपस्थिति में 50 स्वयंसेवकों के द्वारा 21 पौधों जिसमें अशोक, गुडहल, आम, नीम, जाम और मोरछल्ली के पौधों का रोपण कॉलेज परिसर और बालक छात्रावास परिसर में हाईटेक पद्धति से किया गया। डॉ.राकेश तिवारी ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधारोपण महत्वपूर्ण कार्य है। डॉ.सुखदेव डोंगरे ने कहा कि मुख्यमंत्री की मंशा अनुसारपौधों का रोपण किया जा रहा है। डॉ.अल्का पांडे ने कहा कि एनएसएस और ईका क्लब के सदस्य जन्मदिवस पर पौधों का रोपण करते हैं। पौधारोपण कार्यक्रम को सफल बनाने में बालकिशोर अमरूते, कोमल देशमुख, इस्तियाक अली, दामिनी मानकर, हिमांशु, रूपाली, नेहा, अमन, पूनम, भारती, कविता, सागर, सुमित, रितिक, आयुष, कुणाल, हर्षल, मुस्कान, देवेश का सराहनीय योगदान रहा।

## शिव बारात का सामाजिक समरसता विभाग ने किया भव्य स्वागत




बैतूल। महाशिवरात्रि पर्व पर भगवान भोलेनाथ की शोभा यात्रा निकाली गई। शोभा यात्रा का विश्व हिंदू परिषद सामाजिक समरसता कार्य विभाग महाशिवरात्रि द्वारा पुष्प वर्षा व पुष्प माला से स्वागत किया गया है। सामाजिक समरसता जिला संयोजक मधु देव्हारे ने कहा कि त्यौहारों से उत्साह और सकारात्मक उर्जा का संचार होता है। इस अवसर पर धर्म प्रसार जिला संयोजक कमलेश प्रजापति, मातृशक्ति नगर संयोजिका अनीता देव्हारे, धर्म प्रसार नगर संयोजक प्रदीप राठौर, सदस्य अमन देशमुख, सोनू लोखंडे सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालुगण मौजूद थे।

## शॉर्ट शर्किट से एसबीआई मुख्य शाखा में लगी आग

शहडोल । जिले के मुख्य शाखा एसबीआई बैंक शहडोल मे आज सुबह अचानक आग लग जाने अफरा तफरी का माहौल निर्मित हो गया आपको बता दे की जिले के बीचो बीच स्थित एसबीआई की इस मुख्य शाखा से जिले भर के तमाम कारोबारियों सहित शाशन व शहर की जनता के पैसो का लेन देन सुचारु रूप से जारी रहता है जिसकी वजह से यह आग का लगना सभी के लिये अचंभित कर देने वाला दृश्य था हलाकि आग की जानकारी लगते ही थाना प्रभारी कोतवाली सहित जिले के अग्नि दमकल ने तत्काल ही आग बुझाने की कोशिश मे जुट गये और थोड़ी ही देर मे आग पर सफलतम काबू पा लिया गया जिससे सभी ने चैन की सास ली उक्त प्रकरण के सम्बन्ध मे बैंक के एक कर्मचारी द्वारा जानकारी दी गई की मुझे जैसे ही जानकारी लगी तो मै तुरंत बैंक पंहुचा लेकिन तब तक थाना प्रभारी कोतवाली द्वारा आग पर काबू पा लिया गया था हलाकि इस आग की वजह से बैंक के काच फूटने सहित बहुत कुछ नुकसान हो गया है वही थाना प्रभारी द्वारा बताया गया की हमारी जानकारी मे यह आग शॉर्ट शर्किट की वजह से लगी है आग बैंक के एक अधिकारी के कमरे मे लगी है लगातार जांच की जा रही है ।

## महाविद्यालय में सिकलसेल जांच शिविर, 12 विद्यार्थी मिले पॉजिटिव

खरगोन 17 फरवरी 2023। जननायक टंट्या मामा महाविद्यालय भीकनगांव में बीएमओ श्री एच. एस. जाटव के मार्गदर्शन में शुक्रवार को जाँच, उपचार एवं निदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में महाविद्यालय के 70 छात्र एवं छात्राओं की सिकलसेल की जॉच की गई। जिसमें 12 विद्यार्थी सिकलसेल के पॉजिटिव मिले। सिकलसेल सेल जांच स्वास्थ्य टीम में डॉ. जीएस तावडें, डॉ. पूजा वासेरे, श्रीमती याशोदा मण्डलोई, लेब टेक्नीशियन श्री राजेश गीते, मोहित यादव. बीईई गजानन्द लहाने, सेक्टर सुपरवाईजर दिनेश वर्मा ने सहयोग प्रदान किया।

## जी-20 समिट वसुधैव कुटुम्बकम् अतिथि देवो भव की भावना के साथ निकाली गई रैली बनाई गई मानव श्रृंखला




छतरपुर,। कलेक्टर संदीप जी आर के निर्देशन में विश्व पर्यटन नगरी खजुराहो में आयोजित होने वाली जी-20 समिट में वसुधैव कुटुम्बकम् एवं अतिथि देवो भव की भावना और वातावरण निर्माण के साथ-साथ और जनजागृति के लिये रविवार को शहर में विशाल रैली हाई सेकेण्डरी स्कूल से शुरू होकर मुख्य मंदिर परिक्षेत्र तथा गांधी चौराहे तक निकाली जाकर मानव श्रृंखला बनाई गई। रैली में एसडीएम राकेश परमार, डीपीसी आरपी लखेर सहित शासकीय एवं अशासकीय शालाओं के छात्र-छात्राओं, शिक्षकों, शहर के आमलोगों, व्यवसायिक संस्थान एवं स्वयंसेवी संगठनों के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

## विकास यात्रा के दौरान विधायक एवं जन अभियान परिषद के वॉलिंटियरो ने किया पौधरोपण

शहडोल- जिले के विधानसभा क्षेत्र ब्यौहारी के ग्राम बराछ में विकास यात्रा विधायक श्री शरद कोल की अगुवाई में निकाली गई। विकास यात्रा के दौरान ग्राम बराछ में विधायक एवं जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक ने पौधरोपण किया। पौधरोपण कर लोगों को बताया गया कि पर्यावरण संतुलन के लिए पौधरोपण बहुत ही जरूरी है। हम अच्छे वातावरण की उम्मीद तो करते हैं लेकिन अपनी जिम्मेदारी नहीं समझते, अपनी जिम्मेदारी समझें और दैनिक जागरण की मुहिम को अपनी मुहिम समझ ज्यादा से ज्यादा पौधे लगाएं और उन्हें सुरक्षित करें।

## पवार समाज के वरिष्ठजन हुए सम्मानित



बैतूल। पंवार समाज वरिष्ठजन कल्याण मंच की मासिक बैठक हनुमान मंदिर परिसर हमलापुर में अध्यक्ष कैप्टन एलआर पंवार की अध्यक्षता में संपन्न हुई। कार्यक्रम का शुभारंभ श्री हनुमान जी की पूजा अर्चना और हनुमान चालीसा के सामूहिक पाठ से किया गया। कार्यक्रम में समाज के वयोवृद्ध सेवानिवृत्त पुलिस निरीक्षक साहबलाल बारंगे, सेवानिवृत्त जूनियर वारंट आफिसर गणपति कामड़ी का सम्मान शाल श्रीफल और पुष्पहार से किया। कल्याण मंच के सचिव अविनाश देशमुख ने संस्था के उद्देश्यों से अवगत कराया। उन्होने बताया कि कल्याण मंच का उद्देश्य प्रत्येक मासिक बैठक में दो वयोवृद्ध सामाजिक बंधुओं का सम्मान, वरिष्ठजनों का जन्मदिन मनाना, वन भोजन, धार्मिक यात्रा, मनोरंजक सांस्कृतिक कार्यक्रम, योग प्राणायाम आदि प्रकल्प को संचालित करना है। कार्यक्रम का संचालन बीआर पंवार ने व आभार बाबूलाल कालभोर ने व्यक्त किया। कार्यक्रम में कल्याण मंच के सुंदरलाल हिंगवे, अधिवक्ता सोजरलाल गोहिते, रमेश ओमकार, अरविंद गोहिते, मुन्नालाल डहारे, रामराव डिगरसे, शिवाजी पंवार, हरिराम पंवार, रेवतीरमन कालभोर, अशोक बारंगा, पृथ्वीलाल पंवार, युगल डिगरसे, कोषाध्यक्ष चिरोजीलाल माटे ने अपने विचार व्यक्त किए।

## रॉयल हॉस्पिटल द्वारा 100 निःशुल्क चिकित्सा शिविर के महाअभियान का करमदी शिविर सम्पन्न, 182 मरीजों की हुई जाँच

रतलाम । रॉयल हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेन्टर, सालाखेड़ी द्वारा ग्राम करमदी में चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में ग्राम करमदी एवं आसपास के क्षेत्र के 182 रहवासियों ने उपस्थित होकर चिकित्सा सुविधा का लाभ लिया। तीन घन्टे के शिविर में करमदी ग्राम एवं आसपास के ग्राम के रहवासियों का 3 डॉक्टर्स की टीम ने परीक्षण करके, उन्हें चिकित्सीय परामर्श दिया। इस शिविर में भिन्न-भिन्न उम्र के मरीजों ने अपनी विभिन्न बीमारियों का ईलाज प्रशिक्षित् चिकित्सकों द्वारा करवाया। रॉयल हॉस्पिटल के चेयरमैन प्रमोद गुगालिया के मार्गदर्शन में शिविर सम्पन हुआ । उद्घाटन में करमदी ग्राम की सरपंच निष्ठा राजपुरोहित अतिथि के रूप मे उपस्थित रहीं। सचिव ईश्वर लाल मालवीय, राजेश पुरोहित,पिंकी वर्मा,पूजा तंडानी का भी सहयोग सराहनीय रहा। चिकित्सा शिविर में रॉयल हॉस्पिटल के डॉ. शमशूलहक, डॉ. सी.पी. जोशी एवं महिला चिकित्सक डॉ. सुमित्रा चौहान ने परामर्श प्रदान किया। आयोजित शिविर में रॉयल हॉस्पिटल के प्रशासक दिनेश राजपुरोहित, सिस्टर सरोज यादव,रीतू सिसोदिया, सोनम शर्मा, करुणा डामोर,ड्रेसर जगदीश परमार,दीपेंद्र शर्मा, योगेश शर्मा आदि उपस्थित रहें।

## विराटेश्वरी धाम द्वारा भगवान भोलेनाथ की भव्य बारात ,भजन संध्या, विशाल भंडारे किया आयोजन

शहडोल- श्री विराटेश्वरी धाम दुर्गा माता सेवा समिति के सेवादारों द्वारा शनिवार को महाशिवरात्रि के पावन पर्व के अवसर पर भगवान भोलेनाथ की भव्य बारात, भजन संध्या एवं विशाल भंडारे का भव्य आयोजन किया गया जानकारी देते हुए मंदिर के सेवादार श्री विनय केवट ने बताया है कि हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी महाशिवरात्रि के अवसर पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन श्री दुर्गा माता सेवा समिति द्वारा किया गया जानकारी देते हुए बताया गया कि महाशिवरात्रि के अवसर पर नगर के मोहन राम जानकी मंदिर से भगवान भोलेनाथ की भव्य बारात गाजे-बाजे के साथ नगर में निकाली गई इस अवसर पर नगर में भक्तों द्वारा भगवान भोलेनाथ की आरती उतारकर भव्य स्वागत किया गया एवं प्रसाद वितरण नगर में जगह-जगह किया गया बारात नगर के मुख्य मार्गो से होते हुए श्री विराटेश्वरी धाम पहुंची जहां मंदिर के पुजारी श्री आशीष राज तिवारी एवं जयंतराज तिवारी द्वारा भगवान भोलेनाथ की बारात का आरती उतारकर भव्य स्वागत किया गया वही मंदिर के पुजारी आशीष राज तिवारी ने बताया कि महाशिवरात्रि के अवसर पर मंदिर में हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी भगवान भोलेनाथ की आकर्षक झांकी भजन संध्या एवं विशाल भंडारे का आयोजन किया गया है इस अवसर पर भजन संध्या की प्रस्तुति छत्तीसगढ़ एवं स्थानीय कलाकारों द्वारा दी गई जहां भजन संध्या के गायक कलाकारों द्वारा भगवान भोलेनाथ के भजन एवं माता रानी की भेंटे गाकर भक्तों का मन मोह लिया भजनों की प्रस्तुतियां सुन भक्त भी अपने आप को नहीं रोक पाए और भजनों की मनमोहक प्रस्तुतियों में झूमते नजर आए इस अवसर पर कार्यक्रम में प्रमुख रूप से मंदिर समिति के संरक्षक श्री नारायण पांडे, श्री मोहन श्रीवास्तव, श्री राजेश त्रिपाठी श्री अजय श्रीवास्तव , पुरुषोत्तम गुप्ता सिंमू केवट ,सुमित गुप्ता ,विकास तिवारी ,अंकित राज तिवारी, गीतेश राज तिवारी, विनय केवट ,राहुल सिंह ,भिषेक सोंधिया, शिवम दुबे ,शुभम अग्निहोत्री, राहुल श्रीवास, मोहित द्विवेदी ,रंजन गुप्ता, अभिदीप सोनी, रवि केवट, नीरज जायसवाल, मनीष तिवारी सहित हजारों की संख्या में भक्तों ने भगवान भोलेनाथ की बारात, भजन संध्या में शामिल होकर आशीर्वाद प्राप्त किया एवं विशाल भंडारे का प्रसाद ग्रहण कर अपने जीवन को धन्य बनाया।

## कब्र से बाहर निकला महिला का शव तो गांव में मच गया हड़कंप

### पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ दर्ज किया मामला

सीहोर। मध्यप्रदेश के सीहोर जिले के गांव लाड़कुई के समीप ग्राम टीकामोड़ में कब्र से महिला का शव बाहर निकल जाने के बाद हड़कंप मच गया। महिला की मौत के बाद परिजनों ने उनके खेत में ही चार फीट का गड्ढा करके महिला का शव दफनाया था। इस मामले में तांत्रिक विधि की आशंका व्यक्त की जा रही है। पुलिस ने फिलहाल इस मामले में अज्ञात के खिलाफ प्रकरण कायम किया है।

पुलिस के अनुसार महाशिवरात्रि के दिन सुबह करीब 7 बजे नसरूल्लागंज विकासखंड में आने वाले गांव टीकामोड में जमुना बाई कोरकू पति जगदीश उम्र 55 वर्ष की बीमारी से चलते मौत हो गई थी। जमुना बाई की मौत के परिजनों ने उन्हें दफनाने की योजना बनाई। सामाजिक रीति-रिवाज के अनुसार दफनाने एवं दाह संस्कार करने दोनों की प्रथा है, लेकिन महिला को दफनाने पर सबकी सहमति बनी। इसके बाद उनके बेटे सहित परिजनों ने महिला को उनके खेत पर नाले के पास ही चार फीट का गड्ढा करके दफना दिया। दफनाने के बाद कब्र के ऊपर कांटे भी बिछा दिए गए, ताकि कोई जंगली जानवर छेडख़ानी न कर सके। अगले दिन सुबह जब उनका बेटा कब्र के पास दीपक रखने के लिए पहुंचा तो वहां की स्थिति देखकर वह सन्न रह गया। वहां पर महिला का शव कब्र से बाहर रखा हुआ था। वहां पर पूजा-पाठ की सामग्री सहित मुर्गी के पंख भी पड़े हुए थे। इस घटना के बाद युवक ने परिजनों, ग्राम पंचायत के सरपंच दीपक मीना एवं गांव के चौकीदार को भी इसकी सूचना दी। बाद में घटना की सूचना लाड़कुई थाना चौकी में भी दी गई। घटना के बाद ग्राम पंचायत के सरपंच दीपक मीना, चौकीदार सहित पुलिस टीम भी मौके पर पहुंची। पुलिस ने वहां पर पंचनामा बनाया। लाड़कुई चौकी प्रभारी एवं एसआई मेहताब वासगे ने बताया कि घटना के बाद मौके पर पहुंचकर पंचनामा बनाया गया है। पुलिस ने इस मामले में अज्ञात आरोपियों के खिलाफ एफआईआर भी दर्ज कर ली है एवं मामले की जांच शुरू कर दी है। इधर महिला का अब अंतिम संस्कार कर दिया गया है। परिजन इस मामले में तांत्रिक क्रिया की आशंका व्यक्त कर रहे हैं।

### करंट लगने से महिला की मौत बच्चा हुआ घायल

राजस्थान निवासी महिला और बच्चे को भगवाड़ा में खेत से पानी लाते समय करंट लग गया, जिससे महिला की मौत हो गई और बच्चा गंभीर रूप से घायल हो गया। जानकारी के अनुसार राजस्थान के बूंदी जिले से अनिता बाई का परिवार होशंगाबाद के रामजी का मेला में खिलौने बेचने आए थे। बताया जाता है कि जिनकी खेत से पानी लाते समय खेत में पड़े तार से करंट लग गया, जिससे 25 वर्षीय महिला अनीता बाई की मौत हो गई तो वही उसका बच्चा गंभीर रूप से घायल हो गया।

## साख संस्थाओं में अमानतदारों द्वारा जमा राशि, शासन के दायित्वाधीन नहीं है

धार। उपायुक्त, सहकारिता महेन्द्र कुमार दीक्षित ने बताया कि शहरी साख सहकारी संस्थाओं द्वारा केवल अपने सदस्यों से ही अमानते प्राप्त किया जाना तथा उन्हें आवश्यकता अनुसार ऋण दिया जाना प्रावधानित है। उक्त संस्थाएँ बैंकिंग कार्य हेतु भारतीय रिजर्व बैंक से लायसेस प्राप्त न होने तथा उक्त संस्थाओं में जमा अमानत बीमित नहीं है। अतः संबंधित संस्थाओं में आमजन को राशि जमा करने से पूर्व जमा राशि की सुरक्षितता के बारे में पर्याप्त सावधानी रखना चाहिए शहरी साख संस्थाएँ उनके सदस्यों के द्वारा ही शासित एवं संचालित है। उक्त संस्थाओं में जमा राशि संबंधित सदस्यों या अन्य व्यक्तियों को प्राप्त न होने की स्थिति में सहकारिता विभाग के किसी भी अधिकारी का कोई दायित्व नहीं है। इस संबंध में आयुक्त सहकारिता मप्र द्वारा सहकारिता विभाग के सभी जिला अधिकारियों को सुचित भी किया गया है। श्री दीक्षित उपायुक्त ने बताया कि आयुक्त सहकारिता एवं पंजीयक सहकारी संस्थाएँ मप्र भोपाल द्वारा जारी निर्देशों के परिप्रक्ष्य में अवगत कराया कि शहरी साख संस्थाएं अपने सदस्यों के प्रति अर्थात आमसभा के प्रति उत्तरदायी होती है। इन संस्थाओं के दिन प्रतिदिन के कार्य संचालन में सहकारिता विभाग का कोई सीधा हस्तक्षेप नहीं रहता है। अपितु संस्था संचालक मंडल द्वारा सदस्यों के हित में संस्थाओं की पंजीकृत उपविधियों एवं संस्थाओं के संचालन हेतु बनायी गयी नीतियों के अनुरूप कार्य किया जाता है। अतः सदस्य जमाकर्ताओं को परामर्श दिया जाता है कि वह स्वयं अपनी रिस्क पर शहरी साख संस्थाओं में राशि अमानत अथवा अन्य रूप में जमा करावें सदस्यों की अमानत राशि की अदायगी में सहकारिता विभाग अथवा शासन का कोई अन्य विभाग दायित्वाधीन नहीं है।

## पौधरोपण अभियान

धार ।जिले में राज्य शासन द्वारा दिये गये दिशा-निर्देशानुसार 19 फरवरी को व्यापक पौध-रोपण किया जायेगा। जिले की प्रत्येक ग्राम पंचायत में एक सार्वजनिक स्थान चिन्हित कर अधिकतम 5 पौधों का रोपण होगा। जिले की प्रत्येक शिक्षण संस्थाओं (समस्त विद्यालय/महाविद्यालय) में भी अधिकतम 5 पौधों का रोपण होगा। कलेक्टर प्रियंक मिश्रा द्वारा पौधरोपण अभियान के वायुदूत एप पर पंजीयन करने और फोटो अपलोड करने संबंधी निर्देश दिये गये हैं।इस अभियान के अंतर्गत जिले में 25 हजार पौध-रोपण का लक्ष्य रखा गया है। राज्य के हरित क्षेत्र में वृद्धि कर प्रदेश के पर्यावरण को स्वच्छ रखने व प्रकृति को प्राणवायु से समृद्ध रखने के उद्देश्य से मध्यप्रदेश शासन द्वारा जारी किये गये दिशा-निर्देश अनुसार जन सहभागिता के माध्यम से व्यापक वृक्षारोपण किया जायेगा। उल्लेखनीय है कि प्राकृतिक संरक्षण में वृक्षों की महत्ता के दृष्टिगत मुख्यमंत्री जी द्वारा गत 19 फरवरी 2021 से प्रतिदिन पौधारोपण का संकल्प लिया गया था। मुख्यमंत्री द्वारा प्रतिदिन पौधारोपण करने के संकल्प के दो वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर प्रदेश के पर्यावरण को स्वच्छ रखने के लिये आम जन को वृक्षारोपण हेतु प्रेरित करने के उद्देश्य से राज्य शासन द्वारा 19 फरवरी 2023 को प्रदेश व्यापी वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किये जाने का निर्णय लिया गया है।

## कड़ी मेहनत से 100 प्रतिशत स्कालरशिप प्राप्त करने वाले प्रखर का न्यूयार्क की यूनिवर्सिटी में हुआ दाखिला

सीहोर। बारहवीं कक्षा के छात्र प्रखर अजय पारे ने अपने स्कूल परिवार व सीहोर को गौरवान्वित करते हुए इथाका कालेज न्यूयार्क में नेक्स्ट जिनियस टेस्ट फो कर 100 प्रतिशत स्कालरशिप विजेता बने।

सीहोर के ग्लोबल इंस्टिट्यूट के संचालक अजीम सर ने बताया पूरे भारत में हर साल केवल एक छात्र को इथाका कालेज के लिये 2.2 करोड़ रुपये से अधिक की यह छात्रवृत्ति मिलती है। प्रखर ने बताया वह तीन स्तरों पर स्कालरशिप के टेस्ट में शामिल हुए जिसमें एक रिटन टेस्ट, पर्सनल इंटरव्यू और तीसरा ग्रुप इंटरव्यू। नेक्स्ट जिनियस स्कालरशिप प्रोग्राम में 20 कालेज हैं और प्रत्येक कालेज से केवल एक छात्र को 100 प्रतिशत स्कॉलरशिप मिलती है, बाकी को आंशिक स्कॉलरशिप मिलती है। इथाका कालेज न्यूयार्क से 100 प्रतिशत स्कालरशिप प्राप्त करने के बाद भी, प्रखर ने ड्रेक्सल यूनिवर्सिटी में 2028 की कक्षा में कम्प्यूटर साइंस और आर्टिफिसियल इंटेलिजेंस में एक माइनर का अध्ययन करना चुना है।

उन्हें कई और यूनिवर्सिटी में भी प्रवेश के साथ स्कालरशिप प्राप्त हुई है। जिसमें ड्रेक्सल यूनिवर्सिटी 1.33 करोड़ रुपये, यूनिवर्सिटी आफ डेनेवर 1.46 करोड़ रुपये, ऑहिओ यूनिवर्सिटी 1.25 करोड़ रुपये, विथवर्थ यूनिवर्सिटी 1 करोड़ रुपये, सेंट लूईस यूनिवर्सिटी 90 लाख रुपये, डेपूअल यूनिवर्सिटी 82 लाख रुपये और इंडियाना यूनिवर्सिटी 33 लाख रुपये। प्रखर का एआई इंजिनियिर बनने का सपना है और विदेशी विश्वविद्यालयों में उनका चयन अपने आप में एक गर्व की बात है। एक मध्यमवर्गीय परिवार से होने के कारण उनकें माता-पिता के लिए अमेरिकी कॉलेजों द्वारा आवश्यक परीक्षणों के अध्ययन के लिए उसकी कोचिंग के लिए भुगतान करना महंगा है। उन्होंने बिना कोचिंग संस्थानों की मदद लिए अध्ययन किया और सभी परीक्षाएं पास कीं। प्रखर ने अपनी सफलता का श्रेय अपने पिता अजय पारे को दिया जिन्होंने हमेशा उनका समर्थन किया, उनके कोचिंग शिक्षक जिन्होंने हमेशा एक दोस्त के रूप में उनकी मदद की, और सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि उन्होंने पिछले 3 वर्षों में कड़ी मेहनत की। उन्होंने आगे कहा कि यदि कोई भी विद्यार्थी अमेरिका जाकर पढ़ना चाहता है और वहां पढ़ने के बारे में अधिक जानना चाहता है तो वे मुझसे व्यक्तिगत रूप से या इंस्टाग्राम के माध्यम से संपर्क कर सकते हैं।

## डॉ रविंद्रनाथ वांचू के कविता संग्रह 'समय की पुकार' का लोकार्पण

### डॉ रविंद्रनाथ वांचू की कविताओं ने जीवन के अर्थ को प्रकट किया- डॉ. उपेन्द्र दर



उज्जैन। डॉ रविंद्रनाथ वांचू की कविताओं ने जीवन के अर्थ को प्रकट किया है। साहित्य जनसामान्य के पास जाना चाहिए जिसका यह प्रयास है।

उपरोक्त विचार डॉ उपेंद्र दर उपकुलपति श्री वैष्णव विद्यापीठ ने रोटरी क्लब उज्जैन द्वारा आयोजित डॉ रविंद्र नाथ वांचू के कविता संग्रह 'समय की पुकार' के लोकार्पण समारोह में व्यक्त किये। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे साहित्यिक पत्रिका वीणा के प्रधान संपादक राकेश शर्मा ने अपने उद्बोधन में कृति की पहली कविता में आत्म जागृत हो रहा है, आह से निकली होगी पहली कविता। सृजना है कविताएं। सृजक जागता है तभी तो वह सृजन करता है। समय की आवाज सुनने के लिए सजक कान चाहिए। सारस्वत अतिथि डॉ. रविंद्र नारायण पहलवान ने कवि की कविताओं की कला पक्ष का उल्लेख किया। चर्चाकार डॉ. पिलकेन्द्र अरोरा ने डॉ. वांचू की कविताओं में तीन रंग निराशा, आशा और आव्हान का उल्लेख किया। रोटरी की पूर्व मंडलाध्यक्ष डॉ. नलिनी लंगर ने रोटरी के उद्देश्य, सेवा और मित्रता तथा समाज के सभी वर्गों को जिसमें साहित्य प्रमुख है को समाज की बेहतरी के लिए कैसे विकसित किया जाए यह रोटरी का उद्देश्य है, जिस पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम के प्रारंभ में रोटरी क्लब अध्यक्ष शाहिद हाशमी द्वारा स्वागत उद्बोधन दिया। चतुर्वेद परीक्षण मंत्र का वाचन रोटेरियन ईश्वरचंद्र दुबे द्वारा किया गया। सरस्वती वंदना रोटेरियन डॉ. तेलंग द्वारा की गई। कार्यक्रम में मध्य प्रदेश साहित्य संस्थान द्वारा वर्ष 2021 में चयन किए गए साहित्यकार डॉ. शिव चौरसिया, मीना जैन, संतोष सुपेकर, डॉ. पिलकेन्द्र अरोरा, माया बधेका एवं प्रतीक सोनवलकर का सम्मान किया गया। कार्यक्रम में अशोक वक्त, क्षमा सिसोदिया, पुष्पा चौरसिया सहित बड़ी संख्या में साहित्यकार एवं रोटरी क्लब के सदस्य उपस्थित थे। संचालन निर्वाचित क्लब अध्यक्ष मुकेश जौहरी ने किया। अंत में आभार प्रदर्शन डॉ. रोटेरियन स्वाति तैलंग द्वारा किया गया।

**न्यायालय अपर तहसीलदार, तहसील-कोलार, जिला भोपाल**

प्रकरण क्रमांक-/अ-6/2022-23

**उद्घोषणा पत्र**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है आवेदक श्रीमती रुकमणी देवी पत्नी स्व. संदीप कुमार निवासी नरेला हनुमंत कोलार जिला भोपाल म.प्र.भू.रा. सहिंता 1959 की धारा 109,110 के अंतर्गत आवेदन पत्र प्रस्तुत कर फौती / वसीयत / रजिस्टर्ड विक्रय / दान पत्र क्रं. दिनांक....... ग्राम... प.ह.नं. भूमि खसरा नंबर 3 / 3, 6, 7कुल रकबा 6.00 ग्राम नरेला हनुमंत प.ह. रतनपुर सड़क तह. कोलार भोपाल भूमि का नामांतरण राजस्व अभिलेखों में आवेदक के नाम पर किये जाने का अनुरोध किया है।

2- उक्त संबंध में किसी व्यक्ति / संस्था को कोई आपत्ति हो तो वह 03/03/2023 को या इससे पूर्व इस न्यायालय में उपस्थित होकर पेश कर सकता है। समयावधि पश्चात् प्रस्तुत किसी भी आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

उक्त उद्घोषणा पत्र मेरे द्वारा न्यायालय की पदमुद्रा एवं मेरे हस्ताक्षर से आज दिनांक 07.02.2023 को जारी किया गया।

**नायब तहसीलदार**
**तहसील कोलार, भोपाल**

**कार्यालय कार्यपालन यंत्री, लोक निर्माण विभाग, संभाग रायसेन (म. प्र. )**

ईमेल- eepwdraisen@mp.nic.in दूरभाष / फेक्स क्रमांक. 07482.222051

**निविदा सूचना**

निविदा सूचना क्र. 35 / व. ले. लि. / रायसेन / 2022-23 रायसेन, दिनांक 07.02.2023

निम्नलिखित कार्यों हेतु निविदायें आमंत्रित की जाती है । उल्लेखित कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाइट www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्रं. | टेण्डर आई.डी. | जिला | कार्य का प्रकार | कार्य का नाम | आमंत्रण क्रं. | कार्य की अनु. राशि (रू. लाख में) | रिमार्क |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | 2023_PWDRB_250914 | रायसेन | मजबूतीकरण कार्य | भोपाल विदिशा मार्ग से अमोदा मार्ग पर मजबूतीकरण कार्य। | द्वितीय | 292.37 | |
| 2 | 2023_PWDRB_250916 | रायसेन | बी.टी. नवीनीकरण | परवरिया देवलखेडा महुआखेडा चांदना में बी. टी नवीनीकरण कार्य । | चतुर्थ | 47.03 | |
| 3 | 2023_PWDRB_250920 | रायसेन | बी.टी. नवीनीकरण | सिमरई बैरासिया मार्ग पर बी.टी. नवीनीकरण कार्य । | चतुर्थ | 25.73 | |
| 4 | 2023_PWDRB_250922 | रायसेन | बी.टी. नवीनीकरण | सुनारी एवं सांची पहुंच मार्ग पर बी. टी. नवीनीकरण कार्य । लम्बाई 1.90 कि.मी. | तृतीय | 18.33 | |
| 5 | 2023_PWDRB_250923 | रायसेन | बी.टी. नवीनीकरण | ईटखेडी पहुंच मार्ग पर बी. टी. नवीनीकरण कार्य लम्बाई 1.80 कि.मी. | द्वितीय | 14.99 | |
| 6 | 2023_PWDRB_250925 | रायसेन | पेंच मरम्मत | नीनोद से जमुनिया मार्ग पर पेंच मरम्मत कार्य लम्बाई 5.00 कि.मी. | द्वितीय | 7.00 | |
| 7 | 2023_PWDRB_250926 | रायसेन | पेंच मरम्मत | परवरिया सौठिया मार्ग से आलमखेडा मार्ग पर पेंच मरम्मत कार्य लम्बाई 7.35 कि.मी. | द्वितीय | 7.00 | |
| 8 | 2023_PWDRB_251157 | रायसेन | पेंच मरम्मत | दीवानगंज फेक्ट्री से जमुनिया मार्ग पर पेंच मरम्मत कार्य लम्बाई 3.50 कि. मी. | द्वितीय | 7.00 | |
| | | | | योग | | 419.45 | |

उपरोक्त वेबसाइट आनॅलाइन भुगतान करने के उपरान्त निविदा प्रपत्र ( टेण्डर डाक्यूमेंट ) बेवसाइट के माध्यम से प्राप्त हो सकेगा । निविदा प्रपत्र क्रय करने की 27/02/2023, ( 17.30 ) बजे अंतिम तिथि निर्धारित है। विस्तृत एन.आई.टी. एवं अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाइट में देखा जा सकता है। निविदा में होने वाले समस्त संशोधन का प्रकाशन केवल उपरोक्त वेबसाईट पर किया जायेगा । पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जायेगा ।

जी-23235/22

**कार्यपालन यंत्री**
**लोक निर्माण विभाग, संभाग रायसेन**

## चलो बुलावा आया है,माता ने बुलाया है



भोपाल। श्री माता वैष्णो देवी भक्त सेवा समिति संस्था के द्वारा 500/ आवेदन में से 121/ माता के भक्तों का चयन ड्रा के माध्यम से किया गया। यात्रा में 20 व्यवस्थापक, 11 सेवादार, 8 भजन गायक, 2 ढोली,2 विडियो फोटो ग्राफर, 1 डाक्टर, 1 संस्था पुरोहित यात्रा में शामिल किया गया है। यात्रा 24 फरवरी मालवा से रवाना होगी। निशुल्क माता वैष्णो देवी यात्रा का पुस्तिका विमोचन - यात्रा टिकट एवम किट वितरण किया गया। यह जानकारी विजय खण्डेलवाल/अध्यक्ष श्री माता वैष्णो देवी भक्त सेवा समिति ने दी।

## अपने शो 'मैत्री' को प्रमोट करने लखनऊ पहुंचीं एक्ट्रेस श्रेनु पारिख



**लखनऊ, एजेंसी।** देश भर के दर्शकों का दिल छू लेने वालीं कई कहानियां दिखाने के बाद ज़ी टीवी ने हाल ही में एक नया शो 'मैत्री' लॉन्च किया है। प्रयागराज की पृष्ठभूमि में रचा-बसा यह शो मैत्री (श्रेनु पारिख) और नंदिनी (भाविका चौधरी) का सफर दिखाता है, जहां दोनों एक दूसरे को दिल से बहन मानती हैं। बचपन से ही इन दोनों पक्की सहेलियों के बीच एक अटूट रिश्ता रहा है, मगर यूं लगता है जैसे उनकी दोस्ती के लिए ज़िंदगी ने कुछ और ही सोच रखा है। आज किस्मत के एक अजीब मोड़ पर दोनों एक दूसरे के आमने-सामने हैं। आखिर इन दोनों पक्की सहेलियों के बीच ऐसा क्या हुआ होगा कि वो एक दूसरे के खिलाफ हो गई हैं जहां इस शो की शुरुआत दर्शकों के जबर्दस्त रिस्पॉन्स के साथ हुई है, वहीं इसकी लीड एक्ट्रेस श्रेनु पारिख इस दिलचस्प शो को प्रमोट करने आज दिल्ली पहुंचीं। शशशंक प्रोडक्शन्स और टैल ए टेल मीडिया के निर्माण में बना 'मैत्री' हर रोज शाम 7 बजे, सिर्फ ज़ी टीवी पर प्रसारित किया जा रहा है। श्रेनु का किरदार मैत्री एक सीधी-सादी और नेकदिल लड़की है। उसकी सादगी में ही उसकी सुंदरता बसती है।

## श्री अरबिंदो हॉस्पिटल इंदौर सिकल सेल एनीमिया के लिए कर रहा है सराहनीय काम

**बड़वानी / भोपाल एजेंसी।** बड़वानी में लोकसभा सांसद श्री गजेंद्र पटेल जी के जन्मदिन के उपलक्ष्य में आदिवासियों में व्याप्त सिकल सेल एनीमिया रक्त विकार के उन्मूलन हेतु विशाल स्वास्थ्य शिविर एवं रक्तदान शिविर का आयोजन बड़वानी में हाल ही में किया गया, शिविर में लगभग 1050 आदिवासी मरीजों/ विद्यार्थियों की सिकल सेल एनीमिया की निःशुल्क जांच श्री अरबिंदो हॉस्पिटल इंदौर की टीम द्वारा की गई जिसमे से पॉजिटिव आए मरीजों की उच्चस्तरीय आधुनिक जांच श्री अरबिंदो अस्पताल की लैब में की जा सकेगी।श्री अरबिंदो हॉस्पिटल के संस्थापक संचालक डॉ विनोद भंडारी जी ने बताया कि श्री अरबिंदो हॉस्पिटल द्वारा सिकल सेल एनीमिया के उन्मूलन हेतु वृहद स्तर पर कार्य किया जा रहा है। सांसद श्री गजेंद्र पटेल जी के जन्मदिन के उपलक्ष्य विशाल स्वास्थ्य शिविर एवं रक्तदान शिविर में श्री अरबिंदो हॉस्पिटल इंदौर की ओर से हेमेटो ओंको, कैंसर रोग, हृदय रोग, श्वसन रोग, शिशु रोग, हड्डी एवं जोड़ रोग, डाइबिटीज रोग आदि रोगों के विशेषज्ञ डाक्टरों द्वारा सभी बीमारियों के उपचार हेतु लगभग एक हज़ार मरीजों को निःशुल्क परामर्श शिविर में उपलब्ध कराया गया है ।

## रनबीर कपूर और कियारा आडवाणी मिंत्रा पर दैनिक फैशन के विकल्पों को देखकर हुए चकित

**मुंबई, एजेंसी।** मिंत्रा ने अपने लेटेस्ट ब्रांड कैम्पेन, 'बी एक्स्ट्राऑर्डिनरी एवरी डे' के तहत अपने ब्रांड एम्बेसडर रनबीर कपूर और कियारा आडवाणी के साथ एड फिल्मों की श्रृंखला जारी की है। रनबीर कपूर और कियारा आडवाणी मिंत्रा की दो-दो फिल्मों में दिखाई दिए हैं। देश में अपने लाखों फैंस के बीच रनबीर पुरुषों के कैज्युअल वियर का प्रचार कर रहे हैं, और कियारा महिलाओं के वेस्टर्न वियर एवं एथनिक वियर का प्रदर्शन कर मिंत्रा का फैशन नैरेटिव घर-घर पहुँचा रहे हैं। मिंत्रा 6000 अग्रणी अंतर्राष्ट्रीय, घरेलू और डी2सी ब्रांड्स के विस्तृत संग्रह के साथ अपने ग्राहकों को सर्वश्रेष्ठ फैशन, ब्यूटी एवं लाईफस्टाईल तथा विभिन्न मूल्य वर्गों में 1.7 मिलियन ट्रेंड-फर्स्ट स्टाईल प्रदान करता है। इस ब्रांड कैम्पेन का उद्देश्य देश में हर ग्राहक तक मिंत्रा के अद्वितीय उत्पाद पहुँचाना और उनकी फैशन की दैनिक जरूरतों को पूरा करना है, ताकि देश में दैनिक फैशन में सुधार हो सके। 'बी एक्स्ट्राऑर्डिनरी एवरी डे' की मुख्य अवधारणा अपने ग्राहकों को उनके पसंदीदा अंतर्राष्ट्रीय और घरेलू ब्रांड्स की सबसे विशाल श्रृंखला प्रदान करने के वादे पर आधारित है।

## जयश्री गायत्री फूड ने शॉल और कंबल बांटे

**सीहोर।** सर्दियां शुरू होते ही जेजीएफ मिल्क मैजिक डेरी उत्पादों की निर्माता जयश्री गायत्री फूड प्रोडक्ट्स प्राइवेट लिमिटेड (जेजीएफपीएल) ने सीहोर के एक सामान्य अस्पताल में 200 कंबल और शॉल बांटे। जयश्री गायत्री फूड प्रोडक्ट्स प्राइवेट लिमिटेड के अध्यक्ष श्री आर.पी. मोदी ने खुद अस्पताल जाकर गरीब मरीजों को कंबल और शॉल बांटे। जयश्री गायत्री फूड प्रोडक्ट्स प्राइवेट लिमिटेड (जेजीएफपीएल) के मैनेजिंग डायरेक्टर, श्री किशन मोदी ने छोटे दान करने के बारे में कहा, मुझे सच में विश्वास है कि दयालुता और दान के छोटे-छोटे काम हमारे समाज में एक बड़ा बदलाव ला सकते हैं और हमारे आस-पास के दूसरे लोगों को भी प्रेरित करते हैं। जेजीएफपी समुदायों को सशक्त बनाने और जरूरतमंद लोगों की मदद करने के लिए लगातार पहल करता है। जेजीएफ द्वारा की गई कुछ पहलों में बच्चों की भलाई के लिए अंडर प्रिवलेज बच्चों और अनाथालयों के बच्चों लिए स्कूल की व्यवस्था करना, बेघर लोगों को मुफ्त भोजन उपलब्ध कराना, डेरी किसानों को दूध निकालने में स्वच्छता और उत्पादकता के स्तर में सुधार करने में मदद करना और और आवारा पशुओं की देखभाल और आश्रय प्रदान करना शामिल है। जयश्री गायत्री फूड प्रोडक्ट्स प्राइवेट लिमिटेड (जेजीएफपीएल), वैल्यू एडेड डेरी प्रोडक्ट की एक अग्रणी निर्माता है जिसका मध्य प्रदेश के भोपाल मुख्यालय है। ये श्री किशन मोदी द्वारा वर्ष 2013 में स्थापित की गई थी। श्री मोदी ने मध्य प्रदेश के सीहोर में जेजीएफपीएल की अत्याधुनिक डेरी प्रोडक्ट मैन्युफैक्चरिंग फैसिलिटी के जरिए अपनी उद्यमशीलता की यात्रा शुरू की थी।

## TRAI के टैरिफ ऑर्डर के परिणाम स्वरूप, चैनलों और बुके की कीमतों में हाल में भारी वृद्धि हुई

**नई दिल्ली, एजेंसी।** TRAI के टैरिफ ऑर्डर के परिणाम स्वरूप, चैनलों और बुके की कीमतों में हाल में भारी वृद्धि हुई है। इस मुद्दे के प्रति हमारे विरोध के कारण, Disney-Star, Zee, Sony और ष्टश्वद्यश्वह्य हमारे नेटवर्क, और साथ ही अन्य स्स्ह्र (Hathway, NXT Digital, DEN, Fastway, इत्यादि) पर अपने चैनलों की सेवाओं को बंद कर सकते हैं। देश के सबसे बड़े MSO, इन broadcasters द्वारा घोषित बढ़ी हुई कीमतों का विरोध कर रहे हैं ताकि हम उपभोक्ताओं को वाजिब कीमतों पर सेवाएं प्रदान करना जारी रख सकें। हम आपसे अनुरोध करते हैं कि चैनलों की सेवाएं बंद होने की स्थिति में हमारा सहयोग करें।

## बोमन ईरानी ने अपने बेटे कायोज के निर्देशन में पहली फिल्म की शूटिंग शुरू करने पर एक भावुक पोस्ट लिखा

**मुंबई।** अभिनेता बोमन ईरानी के बेटे कायोज अपनी पहली फीचर फिल्म के साथ एक निर्देशक के रूप में बॉलीवुड में कदम रखने के लिए पूरी तरह तैयार हैं और



गर्वित पिता ने अपने बेटे के लिए शुभकामनाएं साझा करने के लिए सोशल मीडिया का सहारा लिया। बोमन ईरानी ने इंस्टाग्राम पर अपने बेटे को उसके नए साहसिक कार्य के लिए शुभकामना दी, ÷हमारा बेटा कायो आज अपनी पहली फीचर फिल्म के निर्देशन के लिए रवाना हो रहा है। आशीर्वाद बेटा। शूट के पहले दिन की फोटो हमें जरूर भेजें। सोशल मीडिया पर साझा की गई तस्वीरों में दिखाया गया है कि अभिनेता और उनकी पत्नी जेनोबिया अपने बेटे को गले लगा रहे हैं और अपने बेटे के लिए अपना आशीर्वाद और शुभकामनाएं दे रहे हैं, क्योंकि वह इस नई सफर पर जा रहा है। बोमन ईरानी को हमेशा विभिन्न अवसरों पर परिवार के लिए चीयर और सपोर्ट करते देखा जाता है। उन्हें अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने की ओर प्रोत्साहित करने का अवसर कभी न चूकें, वह वास्तव में एक संरक्षक हैं, सच्चे रूप में एक मार्गदर्शक हैं। वर्क फ्रंट की बात करे तो, वह राजकुमार हिरानी शाहरुख खान स्टारर फिल्म डंकी में नजर आएंगे।

# एपीडा ने 37वां स्थापना दिवस भोपाल में मनाया

भोपाल। एपीडा ने एफपीओ, सहकारिता, स्टार्टअप और महिला उद्यमियों के लिए क्षमता निर्माण कार्यक्रम आयोजित किया।

इस कार्यक्रम में एपीडा के क्षेत्रीय प्रमुख सौरव अग्रवाल ने बताया कि नाबार्ड के सहयोग से अब तक हमने राज्य से एपीडा के तहत 53 एफपीओ पंजीकृत किए हैं और जिला स्तर पर निर्यात आवश्यकताओं को जागरूक करने के लिए उन एफपीओ के लिए क्षमता निर्माण कार्यक्रम भी आयोजित कर रहे हैं। एपीडा उन संभावित एफपीओ को निर्यात गुणवत्ता जानने के लिए सक्रिय निर्यातकों के साथ भी जोड़ रहा है ताकि आगे वे मध्य प्रदेश से सीधे निर्यात कर सकें आने वाले महीनों में नाबार्ड के सहयोग से जागरूक निर्यात प्रक्रियाओं और आवश्यकताओं के लिए एक्सपोजर विजिट का आयोजन करेगा। 2020 तक कई मुद्दों के कारण मध्य प्रदेश से प्रत्यक्ष निर्यात बहुत कम था लेकिन भारत सरकार और एपीडा के प्रयासों से नए निर्यातक और स्टार्ट-अप निर्यात कारोबार में प्रवेश कर रहे हैं और इस वजह से वित्तीय वर्ष 2021-22 में निर्यात हिस्सेदारी सकारात्मक रूप से बढ़ी है। एपीडा अच्छी संख्या में बढ़ावा दे रहा है विभिन्न बीएसएम में मध्य प्रदेश के स्टार्ट अप और अंतरराष्ट्रीय मंचों पर मेले जो एपीडा द्वारा उनके निर्यात कारोबार को शुरू करने के लिए आयोजित किए जाते हैं। मध्य प्रदेश से हाल के दिनों में खाद्य निर्यात हिस्सेदारी में 10त्न की वृद्धि हुई है उन्होंने यह भी बताया कि भोपाल हवाई अड्डे पर एपीडा और एएआई-भोपाल के प्रयासों से 1 अप्रैल 2023 से 80 एमटी एयरकार्गो की क्षमता शुरू की जाएगी। हमें भी कुछ बाधाओं का सामना करना पड़ रहा है लेकिन एपीडा उन पर काबू पाने के लिए केंद्रीय और राज्य एजेंसियों के साथ लगातार काम कर रहा है।




मुख्य विशेषताएं: भारतीय कृषि-उत्पाद 200 से अधिक देशों को निर्यात करते हैं और वर्तमान में दुनिया में कृषि-उत्पादों का आठवां सबसे बड़ा निर्यातक है। चालू वित्त वर्ष 2022-23 (अप्रैल-दिसंबर) के नौ महीनों में कृषि और प्रसंस्कृत खाद्य उत्पादों के निर्यात में पिछले वर्ष की तुलना में 13 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। क्क्ष्ठ उत्पादों का कुल निर्यात अप्रैल-दिसंबर 2022 में बढ़कर 19.7 बिलियन अमेरिकी डॉलर हो गया, जो पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में 17.5 बिलियन अमेरिकी डॉलर था। चालू वित्त वर्ष के नौ महीनों में प्रसंस्कृत फलों और सब्जियों का निर्यात 30.36त्न बढ़कर 1472 मिलियन अमरीकी डॉलर हो गया। संबंधित विभागों द्वारा मध्य प्रदेश से निर्यात के अवसरों, नाबार्ड योजनाओं, स्टार्ट-अप नीतियों, वित्तीय सहायता योजनाओं में बैंक से संबंधित मुद्दों पर तकनीकी सत्र की जानकारी दी गई। कृषिका नेचुरल्स प्रा. लिमिटेड, भोपाल ने स्टार्ट-अप के रूप में निर्यात आवश्यकताओं पर अपना अनुभव साझा किया।

# कौन हैं भारतीय-अमेरिकी नील मोहन..

भारतीय-अमेरिकी नील मोहन वीडियो स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म यूट्यूब के नए सीईओ होंगे। इससे पहले यूट्यूब की सीईओ सुसान वोजिकी ने अपने पद से इस्तीफा दिया है. भारतीय मूल के नील मोहन सुसान वोजिकी की जगह लेंगे. नील मोहन अभी यूट्यूब के चीफ प्रोडक्ट ऑफिसर हैं. वो लंबे वक्त से सुसान वोजिकी के सहयोगी रहे हैं।

नील मोहन अब माइक्रोसॉफ्ट के सीईओ सत्या नडेला, एडोब के सीईओ शांतनु नारायण और अल्फाबेट के सीईओ सुंदर पिचाई सहित यूएस-आधारित वैश्विक दिग्गजों के शीर्ष पर भारतीय मूल के सीईओ की बढ़ती सूची में शामिल होंगे।

नील मोहन ने स्टैनफोर्ड यूनिवर्सिटी से इलेक्ट्रिक इंजीनियरिंग में स्नातक किया है. वो लंबे वक्त से सुसान वोजिकी के सहयोगी रहे, 2007 में डबल क्लिक अधिग्रहण के साथ गूगल में शामिल हुए थे. मोहन को 2015 में यू ट्यूब में चीफ प्रोडक्ट ऑफिसर नियुक्त किया गया था. उन्होंने यू ट्यूब में चीफ प्रोडक्ट ऑफिसर के रूप में अपनी भूमिका निभाते हुए शॉर्ट्स, म्यूजिक और सब्सक्रिप्शन पर फोकस किया. नील मोहन माइक्रोसॉफ्ट के साथ भी काम कर चुके हैं।

**नील मोहन ने क्या कहा?**

नील मोहन ने कहा कि वह इस महत्वपूर्ण मिशन को जारी रखने के लिए उत्साहित हैं और एक नए भविष्य की आशा कर रहे हैं. उन्होंने ट्वीट किया, धन्यवाद, सुसान वोजिकी, वर्षों से आपके साथ काम करना अद्भुत रहा है. आपने यू ट्यूब को रचनाकारों और दर्शकों के लिए एक असाधारण घर बना दिया है. मैं इस महत्वपूर्ण मिशन को जारी रखने के लिए उत्साहित हूं।




**सुसान वोजिकी ने क्यों दिया इस्तीफा?**

टिकटॉक और फेसबुक की रील्स जैसी शॉर्ट-फॉर्म वीडियो सेवाओं और नेटफ्लिक्स जैसी स्ट्रीमिंग सेवाओं के साथ प्रतिस्पर्धा के बीच यूट्यूब के विज्ञापन राजस्व में लगातार दूसरी तिमाही में गिरावट आई है. बता दें कि सुसान वोजिकी ने एक पत्र लिखकर अपने इस्तीफे का एलान किया. उन्होंने कहा कि वे अपने जीवन का एक नया अध्याय शुरू करने जा रही है. वे अपनी फैमिली, हेल्थ और पर्सनल प्रोजेक्ट को लेकर नया काम शुरू करेंगी।

नील मोहन अब माइक्रोसॉफ्ट के सीईओ सत्या नडेला, एडोब के सीईओ शांतनु नारायण और अल्फाबेट के सीईओ सुंदर पिचाई सहित यूएस-आधारित वैश्विक दिग्गजों के शीर्ष पर भारतीय मूल के सीईओ की बढ़ती सूची में शामिल होंगे।

## ज़ी5ओरिजिनल सीरीज़, ताज - डिवाइडेड बाय ब्लड का ट्रेलर आउट


**मुंबई, एजेंसी।** भारत के सबसे बड़े घरेलू ओटीटी प्लेटफॉर्म और बहुभाषी कहानीकार, ज़ी5 ने नसीरुद्दीन शाह, धर्मेंद्र, अदिति राव हैदरी, आशिम गुलाटी, अभिनीत साल की सबसे बहुप्रतीक्षित श्रृंखला में से एक ताज - डिवाइडेड बाय ब्लड के ट्रेलर को लांच किया है। ताहा शाह बादुशा, शुभम कुमार मेहरा मुख्य भूमिका में हैं। सच्ची घटनाओं से प्रेरित, ताज - डिवाइडेड बाय ब्लड बादशाह अकबर (नसीरुद्दीन शाह द्वारा अभिनीत) और मुगल सिंहासन के लिए उनके बेटों के बीच होने वाली खूनी लड़ाई के इर्द-गिर्द घूमता है। इस 10 भाग केसिलसिले और फैमिली ड्रामा सीरीज़ को 3 मार्च 2023 से ज़ी5 पर स्ट्रीम किया जाएगा। शो रनर के रूप में विलियम बोरथविक के साथ कॉन्टिलो डिजिटल द्वारा निर्मित, लेखक के रूप में साइमन फैंटुज़ो और निर्देशक के रूप में रोनाल्ड स्कैल्पेलो, ताज - डिवाइडेड बाय ब्लड में नसीरुद्दीन शाह बादशाहअकबर, अदिति राव हैदरी अनारकली, आशिम गुलाटी प्रिंस सलीम, ताहा शाह बादुशा राजकुमार मुराद के रूप में, शुभम कुमार मेहरा राजकुमार दानियाल के रूप में, संध्या मृदुल रानी जोधा बाई के रूप में, ज़रीना वहाब रानी सलीमा के रूप में, रानी रुकैया बेगम पद्म दामोदरन के रूप में, राहुल बोस मिर्जा हकीम के रूप में और धर्मेंद्र शेख सलीम चिश्ती के रूप मेंहैं।सीरीज में सुबोध भावे, अयम मेहता, दीपराज राणा, शिवानी टंकसले, पंकज सारस्वत, दिगंबर प्रसाद और ज़ाचरी कॉफिन भी सहायक भूमिकाओं में हैं।

# सैमसंग ने की विंडफ्री एसी के 2023 लाइन-अप की घोषणा

### प्रभावशाली कूलिंग और बेहतरीन आराम के लिए अपनाएं विंड फ्री लाइफ

**गुरुग्राम, एजेंसी।** भारत के सबसे बड़े कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स ब्रांड सैमसंग ने अपने प्रीमियम एयर कंडीशनर विंडफ्री टीएम सहित एयर कंडीशनर्स की 2023 रेंज की घोषणा की। यह नई रेंज उपभोक्ताओं की एक ऐसे शक्तिशाली एयर कंडीशनर की मांग को पूरा करती है जो तेज कूलिंग, साफ हवा, बिजली की बचत और शानदार खूबसूरती के साथ कई अन्य सुविधाओं को बेहतरीन तरीके से एक साथ पेश करे।

विंडफ्री टीएम टेक्नोलॉजी को इस तरह डिजाइन किया गया है कि यह आमतौर पर एयर कंडीशनर्स से निकलने वाली ठंडी हवा के थपेड़ों को खत्म कर 0.15 एम/एस की गति से 23000 सूक्ष्म छिद्रों




के जरिए हवा बाहर छोड़ती है, जिससे न सिर्फ 45 प्रतिशत ज्यादा तेजी से कूलिंग होती हैं बल्कि प्रभावशाली कूलिंग के साथ बेहतरीन आराम भी मिलता है। इस नई रेंज में 36 विंडफ्रीइ एयर कंडीशनर मॉडल मौजूद हैं।

घर की आंतरिक साज-सज्जा के साथ आसानी से घुलमिल जाने के लिए डिजाइन किया गया यह नया लाइनङ्कअप खूबसूरत डुअल टोन डिजाइन में है और सफेद रंग के पैनल के अलावा 2 नए रंगों में भी उपलब्ध है - रोज ग्रे और एअरी मिंट। यह नया लाइनङ्कअप सभी प्रमुख रिटेल स्टोर्स और फ्लिपकार्ट, अमेजॉन तथा सेमसंग.काम पर ऑनलाइन उपलब्ध है जिसकी कीमत 35,599 रुपए से शुरू होती है। स्मार्ट कनेक्टेड उपकरणों की इस दुनिया में सैमसंग ने अपनी नई रेंज में कुछ चुनिंदा मॉडलों के लिए अपने एआई फीचर को एक स्तर और ऊपर पहुंचा दिया है। वेलकम कूलिंग और वॉइस कंट्रोल जैसे स्मार्ट फीचर्स के साथ ही सैमसंग के वाई फाई से संचालित एयर कंडीशनर्स, जिनमें विंडफ्रीइ सीरीज के एयर कंडीशनर भी शामिल हैं, अब एआई एनर्जी मोड पेश कर रहे हैं। यह इंटेलिजेंट कूलिंग फीचर एआई का इस्तेमाल कर तापमान और कमरे के वातावरण पर यूजर की प्राथमिकताओं का विश्लेषण करता है और एयर कंडीशन को सबसे सटीक मोड में बदल देता है जिससे 20 प्रतिशत तक बिजली की बचत होती है। विंडफ्रीइ गुड स्लीप मोड तकलीफदेह ठंडी हवा का झोंका फेंके बिना एक ऐसा सटीक तापमान तैयार करता है जिसमें सामान्य कुलिंग मोड की तुलना में 69 प्रतिशत कम बिजली खर्च होती है। कुल मिलाकर यह नई रेंज विंडफ्रीइ एनर्जी सेविंग मोशन डिटेक्ट सेंसर, डिजिटल इनवर्टर बूस्ट और एआई एनर्जी मोड जैसे फीचर्स के बूते 77 प्रतिशत तक बिजली की बचत करने में उपभोक्ताओं की मदद करती है। सैमसंग इंडिया में कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स बिज़नेस के सीनियर वाइस प्रेसिडेंट मोहनदीप सिंह ने कहा, एयर कंडीशनर्स की यह नई रेंज पेश करते हुए हम बहुत रोमांचित महसूस कर रहे हैं, जो शक्तिशाली कूलिंग और बेहतरीन आराम देती है। ये एयर कंडीशनर्स न सिर्फ शक्तिशाली कूलिंग मशीन हैं बल्कि इनमें मल्टी स्टेज फिल्ट्रेशन, कम बिजली की खपत और इंटेलिजेंट एआइ संचालित कंट्रोल जैसे अनेक फीचर हैं, जो कमरे के तापमान के आधार पर कूलिंग को एडजस्ट कर उपभोक्ताओं के अनुभव को एक नए स्तर तक पहुंचा देती हैं।

## टोयोटा किर्लोस्कर ने एथनॉल उपयोग को बढ़ावा देने के लिए इस्मा से हाथ मिलाया

**नई दिल्ली, एजेंसी।** टोयोटा किर्लोस्कर मोटर ने शुक्रवार को कहा कि उसने एथनॉल के उपयोग को बढ़ावा देने और भारत में पर्यावरण अनुकूल जैव ईंधन के तौर पर इसके बारे में जागरूकता पैदा करने के लिए भारतीय चीनी मिल संघ के साथ समझौता किया है। समझौता ज्ञापन के आदान-प्रदान के माध्यम से, टीकेएम और आईएसएमए का लक्ष्य स्वदेशी वैकल्पिक स्वच्छ ईंधन के रूप में एथनॉल को अपनाने में तेजी लाना है जिससे जीवाश्म ईंधन पर निर्भरता कम करने के साथ-साथ कार्बन उत्सर्जन में कमी लायी जा सके। टीकेएम के वरिष्ठ उपाध्यक्ष और मुख्य संचार अधिकारी सुदीप एस दलवी ने एक बयान में कहा, ''कंपनी हरित प्रौद्योगिकियों के साथ-साथ ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने वाले विभिन्न उन्नत इंजनों का लगातार अध्ययन कर रही है।इस्मा के अध्यक्ष आदित्य झुनझुनवाला ने कहा कि एथनॉल भारत के ऊर्जा मिश्रण का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है, और इस संयुक्त प्रयास से, दोनों संस्थाएं ऊर्जा में आत्मनिर्भरता हासिल करने के बड़े लक्ष्य में बेहतर योगदान देने के लिए आशान्वित हैं।सरकार जैव ईंधन के रूप में एथनॉल के उपयोग को सक्रिय रूप से बढ़ावा दे रही है और वर्ष 2025 तक पेट्रोल में 20 प्रतिशत एथनॉल मिश्रण प्राप्त करने का महत्वाकांक्षी लक्ष्य निर्धारित किया है। वित्तवर्ष 2025-26 तक, यह उम्मीद की जाती है कि 8.6 करोड़ बैरल पेट्रोल का स्थान 20 प्रतिशत एथनॉल लेगा, जिससे भारत को विदेशी मुद्रा में 30,000 करोड़ रुपये की बचत होगी।

# भारत के कारोबार में बड़े घरानों का दबदबा

**राकेश दुबे**

देश का कारोबार चुनिंदा बड़े घरानों के हाथों में सिमटता जा रहा है। मुकेश अंबानी, कुमार मंगलम बिड़ला और टाटा समेत विभिन्न कारोबारी घरानों द्वारा एक ही राज्य (उत्तर प्रदेश) में 3.5 लाख करोड़ रुपये के निवेश की प्रतिबद्धता जताई है। ऐसी घोषणाओं से यह लगता है कि आखिर भारत के बड़े कारोबारी घरानों का कितना दबदबा है? यह प्रश्न आम तौर पर पूछा जाने लगा है क्या देश की महत्त्वाकांक्षाएं इन कारोबारी समूहों की सफलताओं पर निर्भर हैं?इसी कड़ी में टाटा के स्वामित्व वाली एयर इंडिया की 470 यात्री विमानों की खरीद के ऑर्डर देने तथा 370 अन्य विमानों की खरीद का विकल्प रखने की घोषणा की है । यह 840 विमानों का संयुक्त आंकड़ा विमानन कंपनियों के 700 विमानों के मौजूदा बेड़े से भी अधिक है।

एक आंकड़े के मुताबिक गौतम अदाणी की कंपनियां देश के कुछ सबसे बड़े बंदरगाहों का संचालन करती हैं, जो देश के 30 प्रतिशत अनाज का भंडारण करती हैं, देश के कुल बिजली पारेषण के पांचवें हिस्से को संभालती हैं, देश के कुल वाणिज्यिक हवाई यातायात के चौथाई हिस्से के लिए जिम्मेदार हैं और देश के कुल सीमेंट का पांचवां हिस्सा उत्पादित करती हैं।सिंगापुर की एक कंपनी के साथ उसके संयुक्त उपक्रम को देश की सबसे बड़ी खाद्य कंपनी माना जाता है। इस सूची में सोलर पैनल, बिजली उत्पादन, हरित हाइड्रोजन, राजमार्ग, तांबा, कोयला खदानें, पेट्रोकेमिकल्स, डेटा सेंटर और क्लाउड सेवाएं शामिल नहीं हैं।

इसी समूह के सीएफओ ने कुछ महीने पहले कुल 120-140 अरब डॉलर (9.6 से 11.2 लाख करोड़ रुपये) मूल्य की परियोजनाओं का उल्लेख किया था। समूह का लक्ष्य एक लाख करोड़ डॉलर का मूल्यांकन हासिल करने का था जिसके बारे में सीएफओ ने कहा कि ऐपल और सऊदी अरामको जैसी चुनिंदा कंपनियां ही यह लक्ष्य हासिल कर सकी हैं। यह पूरा वाकया हिंडनबर्ग खुलासों के पहले का









है। वर्ष 2022 में समूह का शुद्ध मुनाफा 2.9 अरब डॉलर (0.23 लाख करोड़ रुपये) रहा।

इनमें अधिक मुनाफा कमाने वाले टाटा समूह के चेयरमैन एन चंद्रशेखरन ने हाल ही में अगले पांच वर्षों में 90 अरब डॉलर (7.2 लाख करोड़ रुपये) की निवेश योजनाओं का जिक्र किया। अदाणी और मुकेश अंबानी की विभिन्न घोषणाओं से तुलना की जाए तो यह राशि काफी कम नजर आती है। दोनों ने मिलकर 10 लाख करोड़ रुपये का निवेश करने की घोषणाएं की हैं।

अंबानी की महत्त्वाकांक्षा देश की नवीकरणीय ऊर्जा में पांचवें हिस्से का उत्पादन करने की है। इसके लिए रिलायंस ने गुजरात में 4,50,000 एकड़ जमीन चाही है। यह पूरा इलाका दिल्ली राज्य के भूभाग से भी अधिक है।धातु, ऑप्टिकल फाइबर और ऊर्जा क्षेत्र में काम करने वाले अनिल अग्रवाल की वेदांत के समूह का मुनाफा अदाणी से अधिक है, फिर भी उनकी योजना चार या पांच वर्ष में समूह का आकार 30 अरब डॉलर से बढ़ाकर 75 अरब डॉलर तक ले जाने की है।इस दौरान कंपनी की योजना 20 अरब डॉलर का निवेश करने की है। वेदांत तेल एवं गैस उत्पादक कंपनी के रूप में सरकारी उपक्रम ओएनजीसी की बराबरी करने की उम्मीद कर रही है।

वेदांता की योजना इलेक्ट्रॉनिक डिस्प्ले यूनिट तथा सेमीकंडक्टर संयंत्र लगाने की भी है जिसके लिए उसने फॉक्सकॉन के साथ साझेदारी की है। इसके बाद आदित्य बिड़ला समूह जैसी अन्य कंपनियां हैं जो सीमेंट, धातु, टेक्सटाइल्स, उर्वरक, टायर आदि क्षेत्रों में तगड़ा दखल रखती है। उनके मुनाफे भी अदाणी से अधिक हैं लेकिन वह बड़ी घोषणाएं करने में सतर्कता बरतती है। 22 अरब डॉलर का सज्जन जिंदल का जेएसडब्ल्यू समूह इस्पात, ऊर्जा, सीमेंट, बुनियादी ढांचा, पेंट और वेंचर कैपिटल क्षेत्र में है तथा वह भी एक बड़ा निवेशक है।माना जा रहा है कि समूह अपनी सीमेंट क्षमता को तीन गुना करेगा और बंदरगाहों और टर्मिनल की क्षमता में छह गुना इजाफा करेगा। आँकड़ों के रूप में देखें तो तीन बड़ी कंपनियों द्वारा 30 लाख करोड़ रुपये के निवेश की घोषणा, जो देश के कुल जीडीपी के दसवें हिस्से के बराबर है और इसे चार से 10 वर्षों में अंजाम देना है। देश की 3,250 सूचीबद्ध, गैर वित्तीय कंपनियों के शुद्ध मुनाफे में से 20 प्रतिशत इन्हीं कंपनियों का था।तीन बड़े समूह 10 प्रतिशत अतिरिक्त हिस्सेदारी रखते हैं।

इन छह कंपनियों को मिलाकर देखें तो नए निजी निवेश में से एक तिहाई इनका ही होने वाला है। जरूरी नहीं कि योजना का सारा निवेश फलीभूत हो। पुराने अनुभवों की बात करे तो अति महत्त्वाकांक्षी कारोबारियों मसलन- अनिल अंबानी, एस्सार के रुइया बंधु, आंध्र प्रदेश की जीएमआर, जीवीके और लैंको आदि कंपनियों ने मनमोहन सिंह के दौर में ॠण आधारित वृद्धि का सहारा लिया जिसका नतीजा बुरा हुआ।मौजूदा दौर में अदाणी का मामला अतिमहत्त्वाकांक्षा का नजर आ रहा है। बड़े निवेश एक जगह इसलिए केंद्रित हो रहे हैं कि उनकी प्रकृति ही गहन पूंजी की है। इसके बावजूद विविध कारोबारों वाले समूहों का उदय पुराने दौर के केंद्रित, एकल कारोबारों से उलट है जो दूरसंचार, सूचना प्रौद्योगिकी, औषधि और वाहन आदि क्षेत्रों में काम करते थे। समूह की शक्ति प्रतिद्वंद्वियों को निचोड़ लेने या उन्हें खरीद लेने में मदद कर सकती है।दक्षिण कोरिया, जापान और रूस के अनुभव ने दिखाया है कि कारोबारी समूह का मॉडल अक्सर राजनीतिक संपर्कों के साथ आता है। परंतु ऐसी तुलनाएं अनावश्यक हो सकती हैं। छह बड़े समूहों का राजस्व देश के जीडीपी के 11 प्रतिशत के बराबर है।

# छत्रपति शिवाजी महाराज की देश-भक्ति से युवा प्रेरणा लें: शिवराज चौहान

## मुख्यमंत्री ने सौंसर में छत्रपति शिवाजी महाराज की प्रतिमा का अनावरण किया,लाड़ली बहना योजना से महिलाएँ होगी सशक्त,122 करोड़ रूपये से अधिक के विकास कार्यों का लोकार्पण एवं शिलान्यास





**छिन्दवाड़ा ।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि छत्रपति शिवाजी महाराज ने मुगलों से कड़ा मुकाबला कर देश में हिन्दवी स्वराज की स्थापना की थी। आज प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने शिवाजी महाराज के कार्यों को आगे बढ़ा कर देश के सम्मान को विश्व में स्थापित किया है। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश समृध्द, सशक्त और गौरवान्वित हुआ है। मध्यप्रदेश भी आत्मनिर्भर हुआ है। प्रदेश की महिलाएं, कमजोर वर्ग, गरीब और किसान सक्षम, समृध्द व आत्मनिर्भर बने हैं। उनका सम्मान बढ़ा है। प्रदेश में एक लाख से अधिक शासकीय पदों पर भर्ती शुरू की गई हैं, जिसमें युवाओं को रोजगार मिलेगा। अनेक रोजगार मूलक योजनाओं से स्वरोजगार के अवसर बड़ी संख्या में बढ़े हैं। मुख्यमंत्री श्री चौहान रविवार 19 फरवरी को छिंदवाड़ा जिले के सौंसर में छत्रपति शिवाजी महाराज जयंती के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे । इस दौरान श्री चौहान ने छत्रपति शिवाजी की विशाल प्रतिमा का अनावरण और 122 करोड़ रूपये से अधिक लागत के विकास कार्यों का लोकार्पण और शिलान्यास किया।

### कमलनाथ सरकार ने बुलडोजर चलवाकर हटाई थी शिवाजी की प्रतिमा

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि सौंसर में छत्रपति शिवाजी महाराज की प्रतिमा को पिछली सरकार कमलनाथ शासन काल में बुलडोजर चला कर हटा दिया था। छत्रपति का घोर अपमान हुआ, इससे हम सभी देशवासियों की भावनाएँ आहत हुई हैं। तभी हमने निर्णय लिया था कि यहाँ छत्रपति शिवाजी महाराज की बड़ी प्रतिमा स्थापित कर उन्हें भरपूर सम्मान दिया जायेगा। उनकी देशभक्ति से ओतप्रोत गाथाओं से युवाओं को प्रेरणा मिलेगी। छत्रपति शिवाजी हमारे आदर्श हैं। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी की प्रेरणा से देश के लिए प्राण न्यौछावर करने वाले सभी महापुरूषों की जीवन की गाथाओं और उनकी शिक्षाओं को पाठ्यक्रम में पढ़ाया जाने लगा है। भविष्य में इस कार्य को प्रदेश में आवश्यकता के अनुसार बढ़ाया भी जाएगा।

### जून माह से गरीब बहनों को मिलेंगे एक हजार

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि लाड़ली बहना योजना के आवेदन 5 मार्च से लेना शुरू किए जायेंगे। गाँव व शहर के हर वार्ड में नियत तारीख को कार्यकर्ता और अधिकारी कर्मचारी जाकर आवेदन लेंगे। मार्च और अप्रैल माह में आवेदन लिए जायेंगे। माह मई में सूची तैयार की जाएगी। राज्य शासन द्वारा माह जून से गरीब बहनों के बैंक खाते में हर माह एक हजार रूपये जाने लगेंगे।

### बुजुर्गों को हवाई जहाज से तीर्थ दर्शन कराएंगे

पिछली सरकार ने मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना भी बंद कर दी थी। इस योजना को पुनः शुरू किया गया है। अब हम बुजुर्गों को हवाई जहाज से तीर्थ दर्शन करायेंगे। इसी तरह पिछली सरकार मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना की राशि और सामग्री नव दम्पत्तियों को नहीं दे सकी। कार्यक्रम को कृषि एवं प्रभारी मंत्री कमल पटेल, तानाजी फिल्म में शिवाजी की भूमिका निभाने वाले अभिनेता शरद केलकर ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर प्रभारी मंत्री कमल पटेल, राज्यसभा सांसद श्रीमती कविता पाटीदार, संतोष पारिक, जिला भाजपा अध्यक्ष विवेक बंटी साहू पूर्व विधायक चौधरी चंद्रभान सिंह, पंडित रमेश दुबे, नत्थन शाह कवरेती, ताराचंद बाबरिया व मारोतराव खवसे, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती कांता ठाकुर, उत्तम ठाकुर कन्हईराम रघुवंशी, भाजपा नेता अजय चौरे, दर्शन झाड़े सहित अन्य जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक, पत्रकार और बड़ी संख्या में आम जन उपस्थित थे।

# लालगांव में भारी पुलिस बल के बाद निकली शोभायात्रा



**छिंदवाड़ा ।** चांद का लालगांव मिनी पाकिस्तान बन गया महाशिवरात्री में शोभायात्रा के मस्जिद मोहल्ला में पहुंचने पर यहां कुछ मुस्लिम युवकों ने शोभायात्रा में डीजे वाहन रोकर विवाद किया था जिसके बाद तनाव बढ़ गया था। खबर के बाद पूर्व विधायक रमेश दुबे ने बैठक की और रविवार को गांव में पूरे उत्साह के साथ भगवान शिव की शोभायात्रा निकालने का निर्णय लिया विवाद करने वाले मुस्लिम युवकों के खिलाफ आयोजन समीति सदस्यों ने चांद थाना में शिकायत की जिस पर पुलिस ने आठ युवकों पर मामला दर्ज कर उन्हें हिरासत में ले लिया था। रविवार को लालगांव में धूमधाम से भगवान भोलेनाथ की शोभयात्रा निकाली गई जिसमें हजारों की संख्या में सनातनी शामिल हुए इस दौरान गांव में जिले के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संजीव उईके सहित दर्जनों पर थानों के टीआई और रिजर्व फोर्स तैनात रही इस दौरान लालगांव भगवना झंडों में नजर आया प्रशासन ने गांव की शांति के लिए निर्णय लिया कि साम्प्रदायिक तनाव पैदा करने वाले तत्वों को बक्शा नहीं जाएगा । कार्रवाई के बाद हालत नियंत्रण में हैं वहीं डीजे बैंड बाजा और भगवा ध्वजों के साथ फिर से शोभायात्रा निकाली गई।

# इलाज में लापरवाही पर परिजनों का हंगामा चक्काजाम किया



**छिंदवाड़ा ।** जिला चिकित्सलाय में इलाज में लापरवाही पर परिजनों ने हंगामा मचाते हुए सड़क पर चक्काजाम कर दिया मौके पर सीएसपी अमन मिश्रा सहित कोतवाली थाना का स्टाफ मौके पर पहुंचा और परिजनों से बात की जब वे सड़क से उठे। जिला अस्पताल में रविवार को सुबह 6 बजे जिले की अमरवाड़ा तहसील के ग्राम सिंगोड़ी के पास बाका मुकासा गांव से एक मरीज राजू साहू को बेहोशी की हालत में उपचार के लिए जिला चिकित्सालय लगाया गया था मरीज को चेकअप के बाद मेल सर्जिकल वार्ड में भती किया गया था ड्यूटी डाक्टर ने मरीज की स्थिति गंभीर बताई थी जिसके बाद मरीज को आईसीयू में भर्ती के लिए स्टाप से बार बार कहते रहे लेकिन स्टाफ का कहना था कि डाक्टर आएंगे तब उनके कहने पर शिफ्ट करेंगे इस बाद ढाई बजे तक कोई डाक्टर मरीज को देखने नहीं आया जब आया तो बताया कि मरीज मर चुका है फिर क्या था मृतक के परिजनों का गुस्सा डॉक्टर और स्टाफ पर फट पड़ा पहले परिजनों ने अस्पताल प्रबंधन पर इलाज में लापरवाही का आरोप लगाया फिर अस्पताल में हंगामा मचाने के बाद बाहर निकलकर सड़क पर चक्काजाम कर दिया। बताया जाता है कि मरीज की सुबह 11 बजे मौत हो गई थी और जिला अस्पताल में दोपहर दो बजे तक मुर्दे को ग्लुकोज की बॉटल लगी रही।

# राज्यपाल सुश्री अनुसुईंया उईके का राष्ट्रीय मजदूर सेना ने किया स्वागत



**छिंदवाड़ा ।** मणिपुर की नवनियुक्त राज्यपाल सुश्री अनुसुइया जी उईके का गृह नगर आगमन पर अनेंक संगठनों ने बधाई देकर स्वागत किया है। छिंदवाड़ा आगमन पर राष्ट्रीय मजदूर सेना के जिलाध्यक्ष एड.रमेश लोखंडे,साहित्यकार एस.आर.शेंडे तथा अन्य चाहने वालों ने सुश्री उइके जी को पुष्प गुच्छ देकर उनका स्वागत किया तथा उनके उज्वल भविष्य की कामनाएं की। चर्चा के दौरान सुश्री उईके ने दलित पीड़ित, प्रवंचित,कमजोर वर्गों के साथ समाज के सभी वर्गों के उत्थान हेतु हमेशा की तरह योगदान देने एवं देश व प्रदेश की जनता को प्रगति पथ पर ले जाने का संकल्प दोहराया। ज्ञातव्य है कि, सुश्री उईके जी 22 फरवरी 2023 को मणिपुर के राज्यपाल का पद ग्रहण करेगी।

## नीलेश कंगाली से जाना राजनीतिक हालचाल

**अमरवाड़ा ।** जनपद पंचायत अमरवाड़ा के अध्यक्ष नीलेश कंगाली ने छिंदवाड़ा जिले के सौसर में मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के आगमन पर उनसे भेंट की एवं विधानसभा क्षेत्र अमरवाड़ा की समस्याओं को लेकर मुख्यमंत्री से चर्चा करते हुए उन्हें यहां के राजनीतिक माहौल और अन्य कथा वस्तुओं से अवगत कराया। वही श्री चौहान ने इस अवसर पर क्षेत्रीय समस्याओं को लेकर निराकरण करने का भी आश्वासन दिया।

### महाविद्यालय में किया गया वृक्षारोपण

**अमरवाड़ा।** मध्यप्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग के आदेशानुसार प्राचार्य शासकीय स्नातक महाविद्यालय अमरवाड़ा के स्टाफ और एनसीसी कैडेट्स ने आज अंकुर अभियान कार्यक्रम के तहत विभिन्न प्रकार के छोटे पौधे लगाकर वायुदूत एप में फोटो अपलोड किए। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ रामनाथ झारिया, प्रोफेसर ज्योति सूर्यवंशी ने भी वृक्षारोपण किया। एनसीसी अधिकारी लेफ्टिनेंट अरविन्द धुर्वे के मार्गदशन में कैडेट्स रोहित वर्मा, कल्पना इनवाती, नेहा बंजारा, सृष्टि नामदेव और अन्य एनसीसी कैडेट्स महाविद्यालय के स्टाफ के साथ विद्यार्थीगण उपस्थित रहे।

## अतिथि शिक्षक पहुचेंगे भोपाल

**छिंदवाड़ा ।** अतिथि शिक्षको की नियमितीकरण की मांगो को लेकर संपूर्ण मध्यप्रदेश से अतिथि शिक्षक दिनांक 21 फरवरी दिन मंगलवार को भोपाल के नीलम पार्क में अतिथि शिक्षको के महासंघ कार्यक्रम में शामिल होंगे ।आजाद स्कूल अतिथि शिक्षक संघ मध्यप्रदेश के संयुक्त तत्वाधान में होने वाले कार्यक्रम में प्रदेश के समस्त 52 जिलो से अतिथि शिक्षको का समागम होना है ।जिसके चलते छिंदवाड़ा जिले से भी हजारो की संख्या में अतिथि शिक्षक भोपाल के नीलम पार्क मैदान पहुंचकर अपनी लंबित मांगो के निराकरण हेतु आंदोलन करेंगे ।प्रदेश महासचिव एवं जिला अध्यक्ष संतोष कहार ने संपूर्ण छिंदवाड़ा जिले के अतिथि शिक्षको से आग्रह किया है कि अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर अपने हक अधिकार की इस लड़ाई में पहुंचे श्री कहार ने सभी अतिथि शिक्षको से दिनांक 21 फरवरी 2023 को जिलो से भारी से भारी संख्या में भोपाल के नीलम पार्क में पहुंचने का आह्वाहन किया है।

# भगवान भोलेनाथ के दर्शन करने उमड़ा जन सैलाब



**जुन्नारदेव ।** छिंदवाड़ा जिले की जुन्नारदेव तहसील में स्थित भोले नाथ की नगरी पहली पायरी जुन्नारदेव विशाला में स्थापित होने वाली मार्बल ( संग मरमर )से निर्मित भगवान भोले नाथ की 51 फिट ऊँची प्रतिमा के छोटे स्वरूप 4 फिट ऊँची प्रतिमा का आज नगर आगमन हुआ। जहाँ पर जुन्नारदेव विधायक सुनील उईके सहित शिव शक्ति विकास संस्थान के सदस्यों एवं हजारों शिवभक्तों ने प्रतिमा की आगवानी करते हुए भारी आतिशबाजी कर ढोलबाजे के साथ पुष्पवर्षा करते हुए भव्य स्वागत किया।

गौरतलब है कि पहली पायरी जुन्नारदेव विशाला में शिवजी की प्रतिमा स्थापित करने की मांग शिवभक्तों के द्वारा पिछले कई वर्षों से की जा रही थी। पिछली शिवरात्रि को विधायक सुनील उईके एवं उनके साथियों ने पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ एवं सांसद नकुलनाथ के निर्देश पर संकल्प लिया था कि पहली पायरी जुन्नारदेव विशाला में 51 फिट ऊँची मार्वल की मूर्ति जन सहयोग से स्थापित की जाएगी। उसी कड़ी में आज भगवान भोले नाथ का छोटे स्वरूप का पहली पायरी में आगमन हुआ है। मूर्ति स्थापना के पश्चात सम्पूर्ण पहली पायरी परिषर को सुव्यवस्थित एवं आकर्षक बनाने के लिए भी एक कार्य योजना बनाई गई है। एल ई डी के माध्यम से मूर्ति स्थापना के साथ ही साथ सम्पूर्ण परिषर के उन्नयन की कार्ययोजना का प्रदर्शन भी किया गया।इस अवसर पर विधायक सुनील उईके के साथ शिव शक्ति विकास संस्थान के सदस्यों एवं पत्रकारों सहित बड़ी संख्या में शिवभक्त उपस्थित थे।

# घोषणाओं और झूठ बोलने की मशीन शिवराज सिंह: कमलनाथ

## 18 वर्षों में 20 हजार से अधिक घोषणायें कर चुके पर धरातल पर एक भी नहीं




**छिन्दवाड़ा ।** शिवराज सिंह चौहान घोषणाओं की मशीन है, यह बात उन्होंने स्वयं स्वीकार की है, इसका एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है, लेकिन मैं कहूंगा कि वे केवल घोषणाओं की नहीं बल्कि झूठ बोलने की भी मशीन है। विगत 18 वर्षों में 20 हजार से अधिक घोषणायें अकेले शिवराज सिंह कर चुके हैं, उनके मंत्रियों की घोषणायें अलग है। किन्तु धरातल पर एक भी घोषणा पूरी नहीं हुई, क्योंकि योजनायें लागू करने, उन पर अमल करने और सार्थक परिणाम लाने हेतु विजन की आवश्यकता होती है, लेकिन शिवराज जी तो टेलीविजन के कलाकार है। उक्त उदगार आज नागपुर रोड स्थित एसडी लॉन में आयोजित शिक्षक कांग्रेस के प्रांतीय सम्मेलन में पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने व्यक्त किये। पूर्व सीएम कमलनाथ ने शिक्षक कांग्रेस के प्रांतीय सम्मेलन को सम्बोधित करते हुये आगे कहा कि आज शिवराज सिंह चौहान सौंसर में आये थे, यहां फिर उन्होंने कई झूठी घोषाणयें की है। मैं तो पूछना चाहता हूं कि वे किस मुंह से छिन्दवाड़ा आये, क्या उन्हें शर्म नहीं आती। उन्होंने मेडिकल कॉलेज का बजट आधा कर दिया, विश्वविद्यालय, कृषि महाविद्यालय, उद्यानिकी महाविद्यालय को पूर्ण आकार नहीं लेने दिया। छिन्दवाड़ा ही नहीं उन्होंने पूरे प्रदेश की जनता के साथ इसी तरह की धोखेबाजी की है। जनता को भ्रमित करना, झूठ बोलना, धर्म के आधार पर बांटना और जाति के आधार पर फूट डालने का काम किया जा रहा है, हमारा देश धर्मनिरपेक्ष राष्ट्र है यहां विभिन्न धर्म, जाति और संस्कृति के लोग है सभी की भावनाओं का आदर करना चाहिये ना कि उन्हें बांटा जायें। श्री कमलनाथ ने उपस्थित शिक्षकों से कहा कि आप सभी बुद्धिजीवी है आप सच्चाई को जनता तक पहुंचाएं ताकि आमजनता भाजपा के झूठ को समझ सके। आज मप्र अपराध, बेरोजगारी, महिला सम्बंधी अपराध में नम्बर वन है। बढ़ते अपराध और भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने में सरकार विफल है। आयोजित कार्यक्रम में प्रदेश कांग्रेस उपाध्यक्ष गंगाप्रसाद तिवारी, जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष विश्वनाथ ओक्टे, नगर पालिक निगम महापौर विक्रम अहके, कार्य. अध्यक्ष गोविंद राय, महिला कांग्रेस अध्यक्ष श्रीमती किरण चौधरी, निगम अध्यक्ष सोनू मागो, राजीव तिवारी, युवक कांग्रेस अध्यक्ष एकलव्य यहके, एनएसयूआई अध्यक्ष अजय सिंह ठाकुर सहित अन्य पदाधिकारी व कार्यकर्तागण सहित बड़ी संख्या में शिक्षकण उपस्थित रहे।

### आज आयेंगे सांसद नकुलनाथ

जिले के युवा सांसद नकुलनाथ का 20 फरवरी को छिन्दवाड़ा आगमन होगा। अपने तीन दिवसीय प्रवास के दौरान नकुलनाथ जिले के ग्रामीण अंचलों का दौरा करेंगे। जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा निर्धारित कार्यक्रमों के साथ ही अन्य स्थानीय आयोजनों में भी सम्मिलित होंगे। दिनांक 20 फरवरी को रात्रि 8.50 बजे नकुलनाथ एवं कमलनाथ शिकारपुर में आयोजित शिव महापुराण कथा स्थल पहुंचेंगे।

### डीसीए चैंपियनशिप का शुभारंभ

# यू टू फिटनेस क्रिकेट क्लब, एम आर इलेवन ने जीते मैच

**छिंदवाड़ा ।** इंदिरा गांधी क्रिकेट मैदान पर आज से डीसीए चैंपियनशिप की शुरुआत हुई ।मुख्य अतिथि के रुप में जिला क्रिकेट संघ अध्यक्ष जेपी सिंह सचिव आशीष त्रिपाठी उपस्थित रहे। साथ ही अभिषेक वर्मा, असलम खान,शैलेष करमरकर, उत्सव बैरागी, अनिकेत त्रिपाठी उपस्थित रहे। इस अवसर पर अतिथियों व खिलाड़ियों के द्वारा पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय इंदिरा गांधी जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई। प्रतियोगिता का शुभारंभ पहला मैच यूटू फिटनेस क्रिकेट क्लब छिंदवाड़ा व एस एन क्रिकेट क्लब छिंदवाड़ा के मध्य खेला गया। पहले बल्लेबाजी करते हुए यू टू फिटनेस क्रिकेट क्लब ने निर्धारित 20 ओवर में 7 विकेट के नुकसान पर 158 रन बनाए जिसमें 32 रन शुभम गुप्ता व 23 रन एसवान फिलिमान ने बनाएं एसएन क्लब के गेंदबाज आशीष बोंडे व रोहित कुमार ने दो-दो विकेट लिए ।159 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी एसएन क्लब 9.2 ओवर में 56 रनों पर ऑल आउट हो गई। एसएन क्लब के बल्लेबाज शिवेंद्र ठाकुर ने सर्वाधिक 28 रन बनाए यू टू फिटनेस क्रिकेट क्लब के गेंदबाज योगेंद्र राज ने शानदार हैट्रिक लेते हुए 4 विकेट लिए वही गेंदबाज राहुल इवनाती व मंजीत चौरसिया ने दो-दो विकेट लिए। मैच 102 रनों से यूटू फिटनेस क्रिकेट क्लब ने जीतकर अगले दौर में प्रवेश किया।

आज का *दूसरा मैच* एम आर इलेवन छिंदवाड़ा व सिम्स स्टार के मध्य खेला गया ।पहले बल्लेबाजी करते हुए सिम्स स्टार ने 19.5 ओवर में 10 विकेट पर 155 रन बनाए। जिसमे 49 रन टिंकू सोलंकी व 48 आकाश देशमुख ने बनाये। एम आर इलेवन के गेंदबाज सुमित धारपुरे ने 4 विकेट लिए ।156 रनों के लक्ष्य को एम आर इलेवन ने 18.1ओवर में 3 विकेट खोकर हासिल कर लिया।

# जिले के 10 युवा देश की रक्षा में होंगे तैनात

## जय जवान फीजिकल सोसायटी में ट्रेनिंग लेकर आर्मी के लिये चयनित हुये



**छिन्दवाड़ा ।** जय जवान फिजिकल सोसाइटी मे ट्रेनिंग हासिल करने वाले जिले के 10 युवाओं का आर्मी में चयन हुआ हैं। सोसाइटी के संचालक सूबेदार मोहन घंगारे ने बताया की फिजिकल परीक्षा लगभग 40 युवाओं ने उत्तीर्ण की थी लेकिन मेडिकल एवं लिखित परीक्षा होते होते लाखो की भीड़ मे जिले के 10 युवा अपनी जगह बनाने मे सफल हुए और वे आर्मी के लिये चयनित हुए। जिसमे

**शम्भू वर्मा** - इनके पिता शोकीन वर्मा कृषक एवं माँ ग्रहणी हैं। ग्राम- हरणभाटा के रहने वाले हैं। इनका उद्देश्य ही आर्मी जोइनिंग करना था।

**विलास परतेती**- इनके पिता का नाम मानिकराव परतेति फारेस्ट मे सर्विस एवं माँ ग्रहणी हैं। ये ग्राम थूएपानी के रहने वाले हैं। परिवार मे एक भाई एक बहन हैं। देश सेवा की इच्छा के कारण आर्मी की तैयारी की हैं।

**ऋषिकांत पटेल**- इनके पिता राजकुमार पटेल कृषक एवं माँ ग्रहणी हैं। ये ग्राम बड़ेगाँव के रहने वाले हैं। आर्मी मे जाने के लिये ही इन्होने ठुष्ष भी किया हैं।

**अरविन्द कुमरे**- छिपानाला के रहने वाले हैं इनके पिताजी का नाम मानिकराम कुमरे कृषक एवं माँ ग्रहणी हैं। तीन सालो से निरंतर मेहनत करके इन्होने यह मुकाम हासिल किया हैं।

**तुषार सूर्यवंशी**- मैनिखापा के रहने वाले हैं। इनके पिता का नाम परमानन्द सूर्यवंशी कृषि कार्य करते हैं और माँ ग्रहणी हैं। इनका उद्देश्य हर हालत मे आर्मी को जोइनिंग करना था।

**विजय फरकारे**- सारंगबिरी के रहने वाले हैं। इनके पिताजी का नाम जोगीराम फरकारे कृषक एवं माँ ग्रहणी हैं। गांव से और भी लोग आर्मी मे होने कारण आर्मी मे जाने का इरादा बनाया।

**निर्मल साहू**- राजेगांव के रहने वाले हैं इनके पिताजी का नाम निरंजन साहू कृषक एवं माँ ग्रहणी हैं। बचपन से ही आर्मी मे जाने का शौक था।

**अभिषेक प्रजापति**- बिंदरई रोहनाकला के रहने वाले हैं। पिताजी का नाम टीकाराम प्रजापति कृषक एवं माँ ग्राहणी हैं। आर्मी मे जाकर देश सेवा के इरादे से इन्होने ठुष्ष भी किया हैं।

**अरविन्द चन्द्रवंशी**- ग्राम कोसमी के रहने वाले हैं। इनके पिताजी का नाम चैतराम चन्द्रवंशी कृषक एवं माँ ग्रहणी हैं। परिवार मे एक भाई दो बहन हैं। बॉर्डर पर जाकर देश सेवा करने का अवसर प्राप्त होगा एवं फौजी वर्दी पहनने की अत्यधिक इच्छा होने कारण आर्मी की तैयारी की।

**रंगीलाल उइके**- ग्राम बम्हनी के रहनेवाले हैं इनके पिता का नाम धंन्नू उइके मजदूरी का कार्य एवं माँ ग्रहणी हैं। परिवार में एक भाई और तीन बहन हैं। बचपन से ही आर्मी में जाने का जूनून था।

# मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद ने पौधरोपण कर लिया संरक्षण का संकल्प




**छिंदवाड़ा ।** मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद तामिया जिला छिंदवाड़ा के जिला समन्वयक पवन सहगल के निर्देशानुसार एवं विकासखंड समन्वयक राजू मांडवे के मार्गदर्शन तथा मेंटर्स सुभाष मिनोटे, डॉक्टर चंद्रकांत विश्वकर्मा, पंकज राय संदीप राज एवं श्रीमती स्वाति सूर्यवंशी के नेतृत्व में मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास कार्यक्रम के अंतर्गत शासकीय महाविद्यालय तामिया में अध्ययन कर रहे बीएसडब्ल्यू एवं एमएसडब्ल्यू के छात्र-छात्राओं द्वारा अंकुर अभियान के तहत कालेज परिसर में वृक्षारोपण किया गया। वृक्षारोपण का मुख्य उद्देश्य अंकुर अभियान के माध्यम से पोधरोपन एवम मुख्यमंत्र के प्रतिदिन हो रहे वृक्षारोपण संकल्प के दो वर्ष पूर्ण होने पर साथ ही अधिक विस्तृत पौधरोपन हो जिससे कि वृक्षों की संख्या में वृद्धि हो एवम वृक्षारोपण के लक्ष्य को पूरा किया जा सके व पुराने वृक्षों का संरक्षण व संवर्धन हो सके। इस अवसर पर बीएसडब्ल्यू एवं एमएसडब्ल्यू के छात्र छात्राओं ने संपर्क कक्षा के आयोजन के बाद हरियाली दार वृक्ष अशोक, नीम, पीपल और बरगद के वृक्षों का रोपण किया। इस अवसर पर विकासखंड समन्वयक राजू मांडवे के द्वारा छात्रों को वृक्ष से होने वाले लाभ तथा वृक्षारोपण के महत्व को विस्तार से समझाया, उन्होंने कहा कि ग्लोबल वार्मिंग का मुख्य कारण वृक्षों की कमी तथा अंधाधुंध कटाई है जिसके परिणाम स्वरूप प्रकृति में वृक्षों की संख्या कम होती जा रही है, शहरीकरण व नगरीकरण, जनसंख्या वृद्धि, अशिक्षा भी वृक्षों की कटाई का मुख्य कारण है।




भोपाल के सुप्रसिद्ध स्वतंत्रता संग्राम सेनानी व समाज सेवी एवं विलीनीकरण आंदोलन के अग्रणी नेता पंडित उद्धवदास जी मेहता की 37वीं पुण्यतिथि पर पुष्पांजली कार्यक्रम आईटीसी पार्क (कमला पार्क के सामने) में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान, सांसद साध्वी प्रज्ञा सिंह ठाकुर, मंत्री विश्वास सारंग, महापौर श्रीमती मालती राय, पूर्व संसद रघुनन्दन शर्मा, आलोक संजर, पूर्व महापौर आलोक शर्मा, भाजपा ज़िला अध्यक्ष सुमित पचौरी, कांग्रेस ज़िला अध्यक्ष कैलाश मिश्रा, पूर्व मंत्री पीसी शर्मा, निगम अध्यक्ष किशन सूर्यवंशी, भाजपा प्रदेश मंत्री राहुल कोठारी, दीपचंद यादव, रमेश शर्मा, ओम मेहता, डा. गोपाल मेहता, डा. दीपक मेहता उपस्थित रहे।

# उमा भारती का ट्वीट, मध्य प्रदेश शराब अहाते बंद करना क्रांतिकारी निर्णय



भोपाल। पूर्व सीएम उमा भारती ने मध्य प्रदेश मंत्रिमंडल की बैठक में शराब दुकान के साथ लगे अहाते बंद करने के निर्णय की जमकर तारीफ की। उमा भारती ने ट्वीट कर लिखा, मध्य प्रदेश मंत्रिपरिषद की कल शाम हुई बैठक में हमारी सरकार के द्वारा घोषित की गई शराब नीति एक ऐतिहासिक एवं क्रांतिकारी निर्णय है, इसके लिए मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान का मध्य प्रदेश के सभी नागरिकों खासकर के महिलाओं की तरफ से अभिनंदन। शराब की दुकान के सामने बैठकर शराब पीने का पूर्णतया-निषेध। उन्होंने लिखा कि पूरे प्रदेश के अहाते बंद करने का निर्णय एवं शराब पीकर वाहन चलाने पर सजा के प्रावधान इस नीति के वह विशेष अंग हैं जो शराब नीति के लिए मध्य प्रदेश को माडल स्टेट बना रहे हैं।

उमा भारती ने ट्वीट कर लिखा, सीएम शिवराज सिंह ने अपनी सरकार के इरादे स्पष्ट कर दिए कि जनहित हमारे लिए सर्वोपरि है। इस शराब नीति का यह बिंदु बहुत महत्वपूर्ण है कि जिन शराब की दुकानों के लिए भारी जन विरोध हुआ है उनकी नीलामी ही नहीं होगी। इसलिए जब नई शराब नीति का क्रियान्वयन होगा तो सभी निर्वाचित जनप्रतिनिधियों को तथा पुलिस एवं प्रशासन को बहुत सजग रहना होगा। मुख्यमंत्री ने अपनी वचनबद्धता पूरी की, अब आपको अपना कर्तव्य पूरा करना है। इस शराब नीति से मेरे बड़े भाई ने व्यक्तिगत तौर पर मुझे परम संतोष एवं गौरव प्रदान किया है।

# अखंड सिंधु संसार सम्मान समारोह 26 फरवरी को



भोपाल। 19 फरवरी 2023/अखण्ड सिंधू संसार विचार मंच,भोपाल का 23 वां नाट्य एवं सम्मान समारोह ,रविवार 26 फरवरी, 2023 की शाम 6.15 बजे से शहीद भवन में किया गया है। इस अवसर पर वरिष्ठ नाट्य निर्देशक अशोक बुलानी के निर्देशन में सिंधी रंग समूह के कलाकार सिन्धी नाट्क 'माउ मुई शराफत जी' का मंचन करेंगे।

इस अवसर पर संस्था द्वारा स्थापित स्व किशन बजाज सिंधी पत्रकारिता पुरस्कार से मंदसौर के युवा पत्रकार अनिल संगवानी को, स्व छांगोमल लालवानी समाजसेवी सम्मान से इन्दौर के वरिष्ठ समाजसेवी किशोर कोडवानी को, स्व दादी कौशल्या लखानी कला सम्मान से सुप्रसिद्ध अदाकारा, मंच संचालिका, ड्रामा डायरेक्टर सुश्री कविता ईसरानी को एवं अखण्ड सिंधू संसार वरिष्ठ रंगकर्मी सम्मान से वरिष्ठ कलकार सुरेश पारवानी को सम्मानित किया जायेगा। सिंधी भाषा में अच्छी स्मारिकाओं के प्रकाशन को प्रोत्साहिन करने के लिए प्रो एस. एन. मनवानी की स्मृति में स्थापित श्रेष्ठ स्मारिका पुरस्कार से कटनी से प्रकाशित सिंधु दर्पण स्मारिका के संपादक संजय खूबचंदानी को पुरस्कृत किया जायेगा। कार्यक्रम का संचालन आर जे हर्षा मूलचन्दानी करेंगी।

संस्था अध्यक्ष अनुराग लालवानी ने बताया कि अखण्ड सिंधू संसार विचार मंच द्वारा सिंधी कलाकारों का मंच प्रदान करने एवं समाज में सिंधी भाषा के प्रचार प्रसार के लिए सन् 2000 में नाट्य एवं सम्मान समारोह की शुरूआत की गई। संस्था द्वारा न सिर्फ भोपाल बल्कि प्रदेश के अनेक शहरों में सफल आयोजन किये गये हैं।

## 7 लाख की चरस बरामद, 2 तस्कर गिरफ्तार

भोपाल। राजधानी में क्राइम ब्रांच पुलिस ने आज दो नशीले पदार्थ के तस्करों को गिरफ्तार किया है जिनसे सात लाख रुपए की चरस बरामद की गई। दोनो आरोपियों पर नारकोटिक्स एक्ट केवतहता प्रकरण दर्ज किया है। थाना क्राइम ब्रांच पुलिस भोपाल को विश्वसनीय मुखविर से सूचना मिली थी कि दो लडके अलकापुरी तिराहा स्थित खाली मैदान के पास कार मे बैठे लोगों के पास एम डी पाउडर व चरस रखी है जिन्हे हमराही स्टाफ की मदद से घेराबंदी कर अभिरक्षा मे लेकर नाम पता पूछने पर ड्रायवर सीट पर बैठे लडके ने अपना नाम आकाश शुक्ला पिपलानी, शोयेब बेलिम साउथ टी टी नगर का होना बताया। जमातलाशी लेने पर संदेही पन्नी तथा एक काले रंग की पन्नी मिली सफेद जिपर वाली पन्नी को चैक करने पर पन्नी के अंदर सफेद क्रिस्टलनुमा पदार्थ मिला तथा काले रंग की पन्नी को चैक करने पर काले रंग का नमी एवं गंधयुक्त पदार्थ मिला जो संदेही द्वारा स्वयं का होना बताया दूसरे आरोपी शोयेब बेलिम पेन्ट की बाँयी जेब में एक पारदर्शी जिपर वाली पन्नी मिली जिसे खोलकर चैक करने पर उसके अंदर सफेद क्रिस्टलनुमा पदार्थ मिला जो संदेही शोयेब द्वारा स्वंय का होना बताया।

## भूकंप का खतरा भांपने इंदौर समेत 40 से ज्यादा शहरों में सर्वे

इंदौर। विकास की दौड़ में सरपट दौड़ते शहरों और इलाकों में जहां बड़ी परियोजनाएं आ रही हैं, वहीं उनके साथ भूकंप का खतरा भी जुड़ता जा रहा है। ऐसे ही कुछ शहरों में भूकंप का खतरा और उसकी तीव्रता भांपने के लिए भारत सरकार के पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय के तहत कार्य करने वाले राष्ट्रीय भूकंप केंद्र ने सर्वे शुरू किया है। इस सर्वे में देश के 40 से अधिक शहरों और उसके आसपास के इलाके को शामिल किया गया है।

# मप्रः फरवरी में ही गर्मी ने दिखाए तेवर ,पारा 34 डिग्री पार

भोपाल। मध्यप्रदेश में फरवरी में ही गर्मी ने तेवर दिखाने शुरू कर दिए हैं। कई जगह पारा 34 डिग्री पार पहुंच गया है। राजगढ़ के दिन सबसे गर्म है। यहां दिन का तापमान 36 डिग्री से ज्यादा है। वहीं, सिवनी और नरसिंहपुर की रातें सबसे गर्म है। हालांकि, फरवरी में मौसम में उतार-चढ़ाव जारी रहेगा। कई जगह रात का तापमान कम रहेगा। वहीं, दिन में गर्मी पड़ेगी। मार्च से दिन और रात दोनों ही गर्म होंगे। यानि, न्यूनतम-अधिकतम दोनों ही तापमान बढ़ जाएंगे।

मौसम वैज्ञानिकों का कहना है कि उत्तर भारत में एक और वेस्टर्न डिस्टरबेंस के पहुंचने की संभावना है। इस कारण चार-पांच दिन बाद रात के तापमान में मामूली गिरावट हो सकती है। सुबह हल्की ठंड का असर रहेगा। मौसम में बदलाव होने से दिन के तापमान में 2 से 3 डिग्री की बढ़ोतरी हुई है। इससे ज्यादातर शहरों में तापमान 30 डिग्री से ज्यादा चल रहा है। राजगढ़ में 37 डिग्री के करीब है। रविवार को यहां 36.4 डिग्री तापमान था। सिवनी, गुना, खंडवा, खरगोन, रतलाम में तापमान 34 डिग्री या इससे ज्यादा रहा। वहीं, शिवपुरी, उज्जैन, धार में पारा 33 डिग्री से ज्यादा रहा।

सिवनी में रात का तापमान 17 और नरसिंहपुर में 16 डिग्री तक पहुंच गया है। सीधी, सागर, सतना में भी तापमान ज्यादा है। पचमढ़ी में ही पारा सबसे कम है।

पछले 10 साल में भोपाल में फरवरी में 2016, 2018, 2019 और 2021 में गर्मी पड़ना शुरू हुई। यहां फरवरी के दूसरे पखवाड़े के बाद से ही हल्की गर्मी की शुरुआत होती है। महीने का आखिरी हफ्ता सबसे ज्यादा तपता है। ट्रेंड के मुताबिक महीनेभर में दिन का सबसे ज्यादा तापमान आखिरी हफ्ते में ही रिकॉर्ड किया गया है।

इस साल जनवरी में कड़ाके की ठंड पड़ी। फरवरी में जरूर राहत मिल गई, लेकिन हल्की ठंड अब भी बरकरार है। सुबह और शाम को भी ठंड का अहसास हो रहा है। दूसरी ओर, दिन में धूप चुभ रही है और रात के पारे में भी गिरावट आई है। मौसम वैज्ञानिक एचएस पांडे ने बताया कि शनिवार से एक और पश्चिमी विक्षोभ एक्टिव हो गया है। इसके चलते दिन के तापमान में दो-तीन डिग्री की बढ़ोतरी होगी, लेकिन रात में तापमान मामूली गिरावट के साथ नॉर्मल ही रहेगा। फरवरी के आखिरी तक मौसम का मिजाज ऐसा ही बना रहेगा। मार्च से गर्मी का असर तेज हो जाएगा।

